| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | ~ |
| निफ्टी | ~ |
| सोना | ~ |
| चांदी | ~ |
| डॉलर | ~ |

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

PMG

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
सोमवार 19 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण 07 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 233
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


**खास खबर**

## पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने थामा प्रशांत किशोर का दामन

पटना। इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। इसी बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे आरसीपी सिंह रविवार को जन सुराज में शामिल हो गए। इसके साथ ही उनकी पार्टी 'आप सबकी आवाज' (आशा) का भी जन सुराज में विलय हो गया। पटना में जन सुराज पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सिंह ने प्रशांत किशोर की पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने आरसीपी सिंह के जन सुराज में आने का स्वागत किया। प्रशांत किशोर ने कहा कि आरसीपी सिंह जैसे लोग अगर जन सुराज में आते हैं तो उनका स्वागत है।

## लश्कर कमांडर आतंकी सैफुल्लाह पाकिस्तान में ढेर

नई दिल्ली। लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख कमांडर आतंकी सैफुल्लाह खालिद को पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हलाक कर दिया। भारत में हुए कई आतंकी हमलों में नाम जुड़े होने के कारण सैफुल्लाह इंडिया में मोस्ट वांटेड आतंकी था। जानकारी अनुसार लश्कर कमांडर सैफुल्लाह लंबे समय से नेपाल से अपने नापाक इरादों को अमली जामा पहनाने में लगा हुआ था। फिलहाल वह पाकिस्तान के सिंध प्रांत के मतली, बदीन कैंप से अपने काम को अंजाम दे रहा था। भारत में अलग-अलग समय में हुए बड़े आतंकी हमलों से उसका नाम जुड़ा हुआ था। इन हमलों में महाराष्ट्र के नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय में साल 2006 में हमले की साजिश रचने वालों में शामी रहा। राहत की बात यह रही कि इस साजिश को पुलिस ने नाकाम कर तीन आतंकियों को मार गिराया था। इससे पहले बेंगलुरु में साल 2005 में भारतीय विज्ञान संस्थान के ऑडिटोरियम में हुए आतंकी हमले और उत्तर प्रदेश के रामपुर में स्थित सीआरपीएफ कैंप पर 2008 में किए गए आतंकी हमले में भी सैफुल्लाह का हाथ रहा।

## दो हिस्सों में बंट गया पीपा पुल

आगरा। आगरा के पिनाहट में चंबल नदी पर बना पीपा पुल टूट कर दो हिस्सों में बंट गया। शनिवार शाम आई तेज आंधी के कारण पुल के गार्डर और स्लीपर उखड़ गए। इससे पुल डगमगाने लगा। पुल से गुजर रही बरात और वाहनों में सवार लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने वाहनों से उतरकर दौड़ लगा दी। दूल्हा और बराती वाहनों से उतर कर दौड ?र पुल के उस पार पहुंचे। बरात मध्य प्रदेश से यूपी के इटावा जा रही थी। पुल के क्षतिग्रस्त होने करीब 3 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। पुल पर यूपी और एमपी दोनों तरफ से सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार लगी रहीं। आंधी के बाद लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी और पिनाहट नगर पंचायत के कर्मचारी पहुंचे।

## 22 मई को 103 स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के पहले फेज में तैयार 103 स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम 22 मई को आयोजित किया गया है। रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्री सुविधाओं में विस्तार किया है। रेलवे स्टेशनों को नए तरीके से सजाया और संवारा गया है। इसमें देशभर के सभी राज्यों के प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर मंडल में कटनी साउथ और श्री धाम स्टेशन भी इसमें शामिल हैं।

# टीम इंडिया तैयार...59 सदस्य 33 देशों में खोलेंगे पाकिस्तान की पोल

## भारतीय सांसदों के 7 डेलिगेशन में 51 सांसद, पूर्व सांसद और 8 अधिकारी शामिल

**नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका और उसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखने के लिए केंद्र सरकार ने सात डेलिगेशन गठित किए हैं, जिनमें अलग-अलग दलों के 51 सांसद और पूर्व मंत्री शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय विदेश मंत्रालय के 8 अधिकारी भी इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा हैं। जानकारी के अनुसार बैजयंत पांडा( भाजपा), रविशंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), श्रीकांत शिंदे (शिवसेना), शशि थरूर (कांग्रेस), कनिमोझी करुणानिधि (डीएमके) और सुप्रिया सुले (राकांपा-सपा) के नेतृत्व में ये सातों प्रतिनिधिमंडल कुल 32 देशों और आखिरी में सभी 59 सदस्य बेल्जियम के ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ मुख्यालय का दौरा करेंगे।**




### हर डेलिगेशन में मुस्लिम चेहरा

गौरतल है कि, इन सातों डेलिगेशन में शामिल सदस्यों में सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के 31 और विपक्षी दलों के 20 सांसद व पूर्व मंत्री शामिल हैं। प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में सात या आठ सदस्य शामिल हैं और उन्हें सहयोग देने हर प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश सेवा के कम से कम एक अधिकारी को अटैच किया गया है। सभी प्रतिनिधिमंडलों में कम से कम एक मुस्लिम प्रतिनिधि भी है, चाहे वह राजनेता हो या राजनयिक।

### कांग्रेस से इन चेहरों को किया गया शामिल, जयराम रमेश ने उठाये सवाल

बात करें कांग्रेस की तो कांग्रेस द्वारा सुझाए गए चार नामों में से सिर्फ आनंद शर्मा को प्रतिनिधियों की सूची में शामिल किया गया। शेष तीन नाम- गौरव गोगोई, सैयद नसीर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वारिंग- को जगह नहीं दी गई। बल्कि सूची से परे हटकर प्रतिनिधिमंडल में शशि थरूर , मनीष तिवारी, अमर सिंह और सलमान खुर्शीद को शामिल किया है। चार नेताओं में से केवल एक को ही स्थान दिए जाने पर कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आपत्ति भी जताई है। उन्होंने एक बयान में कहा कि यह नरेंद्र मोदी सरकार की पूर्ण निष्ठाहीनता को साबित करता है तथा गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर उसके द्वारा खेले जाने वाले सस्ते राजनीतिक खेल को दर्शाता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आग्रह पर शामिल किए गए चार प्रतिष्ठित कांग्रेस सांसद/नेता निश्चित रूप से प्रतिनिधिमंडल के साथ जाएंगे और अपना योगदान देंगे।

### संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर किया पोस्ट

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा ह एक मिशन एक संदेश एक भारत सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रमुख देशों से संपर्क करेंगे, जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे सामूहिक संकल्प को दर्शाता है।' प्रतिनिधिमंडल में पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद, एमजे अकबर, आनंद शर्मा, वी मुरलीधरन, सलमान खुर्शीद और एसएस अहलूवालिया शामिल हैं, जो वर्तमान में संसद सदस्य नहीं हैं।

### प्रतिनिधिमंडल में ये चेहरे रहेंगे शामिल

जय बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में निशिकांत दुबे, फंगनन कोन्याक, रेखा शर्मा (सभी भाजपा), असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम), सतनाम संधू (मनोनीत), पूर्व मंत्री गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला शामिल हैं. यह प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया की यात्रा करेगा।

रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में दग्गुबत्ती पुरंदेश्वरी (भाजपा), प्रियंका चतुर्वेदी (एसएस-यूबीटी), गुलाम नबी खटाना (मनोनीत), अमर सिंह (कांग्रेस), समिक भट्टाचार्य (भाजपा), पूर्व केंद्रीय मंत्री एमजे अकबर और पूर्व राजनयिक पंकज सरन शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय संघ, इटली और डेनमार्क की यात्रा करेगा।

जद (यू) नेता और राज्यसभा सांसद संजय झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में अपराजिता सारंगी (भाजपा), यूसुफ पठान (तृणमूल), बृज लाल (भाजपा), जॉन ब्रिटास (सीपीआई-एम), प्रदान बरुआ (भाजपा), हेमांग जोशी (भाजपा), पूर्व मंत्री सलमान खुर्शीद और पूर्व राजनयिक मोहन कुमार शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा करेगा।

तीन बार के शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में बांसुरी स्वराज (भाजपा), ई.टी मोहम्मद बशीर (आईयूएमएल), अतुल गर्ग (भाजपा), सस्मित पात्रा (बीजेडी), मनन कुमार मिश्रा (भाजपा), पूर्व मंत्री एसएस अहलूवालिया और पूर्व राजनयिक सुजान चिनॉय शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल यूएई, लाइबेरिया, कांगो और सिएरा लियोन की यात्रा करेगा।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में शांभवी चौधरी (एलजेपी-आरवी), सरफराज अहमद (जेएमएम), जीएम हरीश बालयोगी (टीडीपी), शशांक मणि त्रिपाठी (बीजेपी), भुवनेश्वर कलिता (बीजेपी), मिलिंद देवड़ा (शिवसेना), तेजस्वी सूर्या (बीजेपी) और पूर्व राजनयिक तरनजीत संधू शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका, पनामा, गुयाना, कोलंबिया और ब्राजील की यात्रा करेगा।

डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में राजीव राय (सपा), मियां अल्ताफ अहमद (एनसी), बृजेश चौटा (भाजपा), प्रेम चंद गुप्ता (राजद), अशोक कुमार मित्तल (आप) और पूर्व राजनयिक मंजीव पुरी और जावेद अशरफ शामिल हैं, जो स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस की यात्रा करेंगे।

एनसीपी-एसपी की सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में राजीव प्रताप रूडी (भाजपा), विक्रमजीत साहनी (आप), मनीष तिवारी (कांग्रेस), अनुराग ठाकुर (भाजपा), लावु श्रीकृष्ण देवरायलू (टीडीपी), पूर्व मंत्री मुरलीधरन और आनंद शर्मा और पूर्व राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन शामिल हैं, जो मिस्र, कतर, इथियोपिया और दक्षिण अफ्रीका की यात्रा करेंगे।

### व्यापमं पीएमटी-2009 घोटाला

## 10 दोषियों को 3-3 साल की सजा और 15-15 हजार रुपये का जुर्माना

भोपाल। व्यापमं घोटाले की जांच कर रही विशेष सीबीआई अदालत ने प्री-मेडिकल टेस्ट (पीएमटी)-2009 में फर्जी परीक्षार्थियों को बैठाने के मामले में 10 आरोपियों को तीन-तीन साल की सश्रम कैद और 15-15 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश (सीबीआई व्यापमं प्रकरण) सचिन कुमार घोष की अदालत ने शनिवार को सुनाया। सीबीआई की जांच में सामने आया कि 5 अभ्यर्थियों—विकास सिंह, दिलीप सिंह, कपिल पर्ते, प्रवीण कुमार और नागेंद्र कुमार—ने अपनी जगह अवधेश कुमार, प्रीतेश सिंह, शिवकरण साहू, सतेंद्र सिंह और रमेश कुमार को परीक्षा में बैठाया। इन फर्जी परीक्षार्थियों ने असली उम्मीदवारों की जगह परीक्षा देकर उसे पास भी कर लिया। जांच में पाया गया था कि आरोपियों ने ऑनलाइन आवेदन पत्र में फोटो एडिटिंग के ज़रिए अपनी असली फोटो की जगह फर्जी परीक्षार्थियों की फोटो मिलाकर अपलोड की थी। अदालत में पेश विशेषज्ञ रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई कि एडमिट कार्ड में प्रयुक्त तस्वीरें दो अलग-अलग व्यक्तियों की थीं और उन्हें मिलाकर छेड़छाड़ की गई थी।

### 13 आरोपियों में से दो की मौत

इस मामले में कुल 13 लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिनमें से नागेंद्र सिंह और रवि सोलंकी की ट्रायल के दौरान मृत्यु हो गई। एक अन्य आरोपी ज्ञानेंद्र को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। बाकी 10 को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई गई है।

### सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर की थी जांच

इस प्रकरण की शुरुआत भोपाल के कोहेफिजा थाने में एक शिकायत से हुई थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई थी। सीबीआई ने सबूत जुटाकर चार्जशीट दाखिल की थी, जिस पर यह फैसला सुनाया गया।

# संसद रत्न से सम्मानित होंगे 17 सांसद

### लगातार उत्कृष्ट कार्य के लिए चार सांसदों को विशेष सम्मान

नई दिल्ली। संसद में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 17 सांसदों और 2 संसदीय स्थायी समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। ये पुरस्कार संसद में सक्रियता, बहस में भागीदारी, प्रश्न पूछने और विधायी कामकाज में योगदान के आधार पर दिए जाते हैं। यह पुरस्कार प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन की तरफ से शुरू किया गया है। इस वर्ष के विजेताओं का चयन जूरी कमेटी ने किया, जिसकी अध्यक्षता हंसराज अहीर, (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष) ने की। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार उन सांसदों को दिए जाते हैं जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए संसद में उत्कृष्ट योगदान दिया है। चार सांसदों को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट और सतत योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन के अनुसार, ये चारों सांसद 16वीं और 17वीं लोकसभा में भी संसद में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में शामिल रहे हैं और अपनी मौजूदा कार्यकाल में भी लगातार सक्रिय हैं। ये हैं भर्तृहरि महताब (भाजपा), सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी), एन. के. प्रेमचंद्रन (आरएसपी) और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना)।



### अन्य संसद रत्न पुरस्कार विजेता सांसद

बाकी 13 सांसदों को भी उनके विशिष्ट संसदीय कार्यों के लिए चुना गया है। इनमें कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हैं। इन सांसदों ने संसद में प्रश्न पूछने, चर्चा में भाग लेने और विधेयकों पर सुझाव देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें स्मिता वाघ (भाजपा), अरविंद सावंत (शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट), नरेश गणपत म्हास्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस),मेधा कुलकर्णी (भाजपा) प्रवीण पटेल (भाजपा), रवि किशन (भाजपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), बिद्युत बारन महतो (भाजपा), पीपी चौधरी (भाजपा), मदन राठौर (भाजपा), सीएन अन्नादुरै (डीएमके), दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं।

### दो संसदीय समितियों को भी मिला सम्मान

वहीं इस वर्ष दो संसदीय स्थायी समितियों को भी संसद रत्न पुरस्कार से नवाजा जाएगा। वित्त पर स्थायी समिति जिसके अध्यक्ष भर्तृहरि महताब हैं। इस समिति ने वित्तीय नीतियों पर कई प्रभावशाली और व्यावहारिक रिपोर्टें संसद में प्रस्तुत की हैं। वहीं कृषि पर स्थायी समिति जिसके अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) हैं। इस समिति ने किसानों की समस्याओं और कृषि सुधारों पर ठोस सुझाव संसद में रखे हैं।

## बहिष्कार के चलते अब तुर्की के छात्र भारत में नहीं कर सकेंगे पढ़ाई, करार खत्म

ग्रेटर नोएडा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की कार्रवाई का विरोध और पाकिस्तान का तुर्की ने समर्थन किया था। इसके बाद भारत में तुर्की के खिलाफ गुस्सा फट पड़ा है। पाकिस्तान को सैन्य समर्थन देने के आरोपों के बीच भारत में तुर्की के बहिष्कार की मुहिम जारी है। भारत-पाकिस्तान के मौजूदा हालातों पर तुर्की ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया था। अब इसका असर व्यापार, टूरिस्टों और किसानों के बाद विश्वविद्यालयों के लेवल पर भी देखने को मिल रहा है। देश के नामचीन यूनिवर्सिटी ने पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्की और अजरबैजान का बहिष्कार करना शुरु कर दिया है। इसके तहत ग्रेटर नोएडा के शारदा यूनिवर्सिटी ने भी देशहित के लिए अहम कदम उठाया है। शारदा यूनिवर्सिटी ने तुर्किए के दो यूनिवर्सिटी के साथ छह से आठ साल पुराना रिचर्स व कल्चर एक्सचेंज के करार को खत्म कर दिया है। अब यूनिवर्सिटी तुर्किए के छात्रों को प्रवेश नहीं देगा। शारदा यूनिवर्सिटी में मौजूदा समय में करीब 15 तुर्किए छात्र प ?ाई कर रहे हैं। देश में जेएनयू और लवली यूनिवर्सिटी के बाद शारदा यूनिवर्सिटी ऐसा तीसरा संस्थान है, जिसने तुर्किए के साथ समझौता खत्म किया है। इस संबंध में शारदा की ओर से तुर्किए के दोनों यूनिवर्सिटी को पत्र भेज दिया है। शारदा यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर जनसंपर्क ने बताया कि यूनिवर्सिटी की ओर से यह फैसला देशहित में लिया गया है। क्योंकि शारदा यूनिवर्सिटी के लिए अपना देश सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि इस्तांबुल आयडिन यूनिवर्सिटी और हसन कलोंची यूनिवर्सिटी के साथ शारदा ने रिसर्च एवं कल्चर एक्सचेंज का करार किया था। यह समझौता 2017 और 2019 में किए गए थे। वहां के दोनों यूनिवर्सिटी के साथ रिचर्स करने और एक-दूसरे देश की सभ्यता और सांस्कृतिक से रुबरू हो रहे थे। इस साल तुर्किए के बच्चे अगस्त में भारत आते, लेकिन करार खत्म होने से अब ऐसा नहीं होगा।

# इसरो के 101वें सैटेलाइट का लॉन्च विफल

श्रीहरिकोटा। इसरो ने रविवार सुबह 5.59 मिनट बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पोलर सैटेलाइट लॉन्चिंग व्हीकल के जरिए अपना 101वां सैटेलाइट ईओएस-09 (अर्थ ऑब्जर्वेटरी सैटेलाइट) लॉन्च किया, लेकिन ये लॉन्चिंग सफल नहीं हो सकी। पहले और दूसरे फेज में सफल होने के बाद तीसरे फेज में ईओएस-09 में गड़बड़ी का पता चला। इसरो चीफ वी नारायणन ने कहा कि रविवार को 101वें प्रक्षेपण का प्रयास किया गया, पीएसएलवी 61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य था। तीसरे चरण में ऑब्जरवेशन के कारण मिशन पूरा नहीं हो सका है। यह पीएसएलवी की 63वीं उड़ान थी, जबकि पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फिगरेशन का इस्तेमाल करते हुए 27वीं उड़ान थी। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक मनीष पुरोहित ने बताया था कि ईओएस-09 पहले के आरआईएसएटी-1 का फॉलो ऑन मिशन है। इसरो ने एक्स पोस्ट में लॉन्चिंग के बारे में लिखा- ईओएस-09 की ऊंचाई 44.5 मीटर है। वजन 321 टन है। यह 4 फेज में बनाया गया है। मिशन में ईओएस-09 सैटेलाइट को सन सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट में स्थापित करना था। ईओएस-09 रिमोट सेंसिंग डेटा देने के लिए डिजाइन किया गया है। ईओएस-09 को खासतौर पर घुसपैठ या संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे पहलगाम आतंकी हमले



और ऑपरेशन सिंदूर के बाद एंटी टेररिस्ट ऑपरेशन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# हैदराबाद-चारमीनार के पास बिल्डिंग में आग, 17 की मौत

### इनमें 8 बच्चे भी; 10 लोग घायल; शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

**हैदराबाद। हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 8 बच्चे शामिल हैं। वहीं, 10 से 15 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। अभी भी कुछ लोग मलबे में फंसे हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हालांकि, 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझा ली गई है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फायर फायर डिपार्टमेंट मुताबिक, इमारत 3 मंजिला थी, ग्राउंड फ्लोर में आग लगी। मरने वाले सभी लोग इसी मंजिल पर रहते थे। फायर विभाग को सुबह 6-16 बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोश हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, आग बुझाने में आधुनिक फायर रोबोट और ब्रोंटो स्काइलीफ्ट हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया गया है। वहीं, हादसे में कितनी संपत्ति का नुकसान हुआ है, इसका अभी सही अंदाजा नहीं लगाया जा सका है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हादसे पर दुख जताया और घायलों को तुरंत इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।**

### पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया

घटना पर पीएम मोदी ने गहरा दुख जताया है। पीएम ने एक्स पर लिखा - हैदराबाद की आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उन्हें संवेदनाएं। घायलों को जल्द ठीक होने की कामना। पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

# ग्रामीणों को जंगल में दिखाई दे रहा बाघ ,कछार क्षेत्र में बाघ की दहशत बरकरार

### हल्की सी आहट से भी सिहर जा रहे ग्रामीण, 13 गांवों में तेंदूपत्ता तुड़ाई बंद, ग्रामीणों का रोजगार प्रभावित , इधर रविवार से गांव के समीप वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**बालाघाट( पदमेश न्यूज )। वन परिक्षेत्र कटंगी के वन ग्राम कछार सहित आस पास अब भी हिंसक वन्य प्राणी बाघ का मूवमेंट बना हुआ है।रविवार के दिन भी ग्रामीणों को बाघ दिखाई दिए जाने की जानकारी सामने आई। कारण यहीं है कि ग्रामीण खौफजदा है। खेत व जंगल की तरफ से हल्की सी आहट से भी ग्रामीण सिहर जा रहे हैं। इन दिनों चल रहा तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य भी पूरी तरह से ठप हो गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र के करीब 13 गांव तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य बंद है।वही स्थानीय सभी ग्रामीणों का रोजगार प्रभावित हो रहा है।**



### आदमखोर बाघ को पकड़ने वन विभाग ने लगाया पिंजरा

उधर ग्रामीणों के खौफ और बाघ दिखाई देने की सूचना मिलने पर एहतिआत के तौर पर वन विभाग ने रविवार को गांव के नजदीक पिंजरा लगाया है। ताकि गांव के समीप बाघ के आने पर उसे पकड़ा जा सकता। इसके अलावा जंगल क्षेत्र में 05 कैमरों की मदद से निगरानी की जा रही है। बालाघाट का उडनदस्ता और स्थानीय अमला भी रात्रिकालीन गस्त कर रहा है।ग्रामीण भी अपने स्तर पर पटाखे जलाकर बाघ को दूर खदेड़ने के प्रयास कर रहे हैं।

### आदमखोर बाघ ने किया था अनिल का शिकार

आपको बताए कि पिछले दिनों 16 मई को आदमखोर बाघ ने तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए कछार निवासी ग्रामीण अनिल पिता अदन सिंह का शिकार कर उसके शरीर का आधा हिस्सा नोंच कर खा गया था। इस घटना के बाद से ही कछार सहित आस पास के गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### बंद हुआ तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार वन परिक्षेत्र कटंगी अंतर्गत गोरेघाट व कन्हडगांव सर्किल की चार पंचायतों में आने वाले 13 गांवों में बाघ की दहशत से तेंदूपत्ता की तुड़ाई कार्य बंद हो गया हैं। इससे स्थानीय लोगों का रोजगार भी प्रभावित हुआ है। बताया गया कि गोरेघाट के जंगल में तेंदूपत्ता तोडने 20-25 लोगों का दल एक साथ गया था। जंगल में बाघ देखा गया। लोग अपनी जान बचाकर भाग आए।ऐसे में वन विभाग ने सभी गांवों में मुनादी करवाकर तेंदूपत्ता तोडने जंगल जाने वाले लोगों पर रोक लगा दी हैं।

### दर्जन भर से अधिक बाघ होने की कही जा रही बात

ग्रामीणों के अनुसार कटंगी रेंज पेंच नेशनल पार्क के कारीडोर से जुड़ा हुआ हैं इसलिए इस रेंज में करीब दर्जन भर से अधिक वन्य प्राणी बाघ की चहल-कदमी बनी हुई हैं। कुड़वा गांव से वन्य प्राणी बाघ का वन विभाग ने रेस्क्यू कर लिया गया हैं। लेकिन आज भी पठार अंचल के अलग-अलग गांवों में बाघ की चहल कदमी को देखा जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ हैं।

### इन गांव में बनी हुई दहशत

जंगल के अंदर बसे गांव के लोग हर वर्ष इसी सीजन में तेंदूपत्ता तोडकर वर्षाकाल के चार माह का राशन जुटा लेते हैं।इस बार बाघ की दहशत ने तेंदूपत्ता तुड़ाई पर विराम लगा दिया है। पठार क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोरेघाट के हेटी, भोंडकी, कन्हडगांव के चिटका देवरी, देवरी बुजुर्ग,देवरी खुर्द, ग्राम पंचायत अंबेझरी के खैरलांजी, पत्थरापेठ, आगरी व कुड़वा, संग्रामपुर के लगभग आठ हजार लोग नौ मई से अपने गांव के जंगल में तेंदूपत्ता तोडने जा रहे थे। वन विभाग ने चारों पंचायत के सरपंचों से बैठक लेकर पंचायतों में आने वाले सभी गांवों में मुनादी कराकर जंगल में तेंदूपत्ता तुड़ाई कार्य पर पाबंदी लगवा दी थी।

### अब तक दो लोगो का कर चुका है शिकार

प्राप्त जानकारी के अनुसार सवा चार माह के भीतर बाघ ने दो किसानों और कई मवेशियों को अपना शिकार बनाया हैं। किसान खेत में धान कटाई करने दल बनाकर जाते और शाम के पूर्व वापस आते है। बाघ का मूवमेंट वाले गांवों में शाम के बाद से सन्नाटा पसरा रहता है। रविवार को भी कछार क्षेत्र के आस पास बाघ को देखा गया। लोगों ने पटाखे फोडकर भगाने का प्रयास किया। एक अनुमान के अनुसार इन क्षेत्रों में करीब चार से पांच बाघ के होने का आशंका जताई गई है।

### बाघ को पकड़ने किए गए हैं व्यापक इंतजाम- चढ़ार

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान कटंगी वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार ने बताया कि कर्मचारियों की गस्ती बढ़ा दी गई हैं, साथ ही सीसीटीव्ही कैमरे की मदद से भी वन्य प्राणी बाघ के मूवमेंट पर नजर बनाएं हुए हैं। ग्रामीणों से लाउडस्पीक के माध्यम से अपील हैं कि जा रहीं हैं कि वह जंगल की ओर अकेले ना जाए, सावधानी बरते और सर्तक रहें।बाघ गांव के भीतर प्रवेश न करें इसको लेकर पिंजरा लगाया है। कैमरों की मदद से निगरानी करने के अलावा कर्मचारी लगातार गस्त कर रहे हैं। बाघ को पकड़ने विभाग द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही यह बाघ पकड़ा जाएगा।

# रक्त नाडियों में बहे- नालियों में नहीं

### संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने किया 303 युनिट रक्तदान

बालाघाट( पदमेश न्यूज)। रक्त नाड़ियों में बहे-नालियों में नहीं। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन बालाघाट के तत्वावधान में समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है।इसी तारतम्य में सतगुरू माता सुदीक्षाजी महाराज की पावन कृपा से उनकी शिक्षाओं से निरंतर प्रेरणा लेते हुए रविवार 18 मई को रक्तदान महादान अभियान के तहत 14 वां विशाल रक्तदान शिविर



का आयोजन किया गया। इसमें संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों द्वारा करीब 303 युनिट रक्तदान किया गया है। यह आयोजन समाज सेवा और मानवता की भावना को समर्पित एक प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में सामने आया। इस संबंध में चैरिटेबल फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाना व आमजनों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है।

### रक्तदान करने वालो को दिया गया हेल्थ गाइड एंव प्रशस्ति पत्र

आयोजित शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बजे संत निरंकारी सत्संग भवन में विधिवत रूप से किया गया।जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती भारती पारधी, नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर व नपा के सभापति व पार्षद सहित स्थानीय समाजसेवियों, डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों व मिशन के वरिष्ठ स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेल्थ गाइड भी प्रदान किया गया। जिससे वे रक्तदान के लाभों को समझ सकें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकें।

### रक्त नालियों में नहीं, नाडियों में बहना चाहिए- खटवानी

आयोजन को लेकर बालाघाट ब्रांच संयोजक प्रकाश खटवानी ने बताया कि हर वर्ष संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता हैं। शिविर में युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त टीमों की तैनाती की गई थी, जिनमें जिला चिकित्सालय व निजी ब्लड बैंकों से आए हुए प्रशिक्षित डॉक्टरों और नर्सों की टीम भी शामिल थी। उन्होंने रक्तदाताओं की संपूर्ण जांच करने के बाद ही रक्त एकत्र किया। यह रक्तदान शिविर न सिर्फ मानव सेवा की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, बल्कि युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां समझाने का एक माध्यम भी है। मिशन का यह विश्वास है कि 'रक्त नालियों में नहीं, नाडियों में बहना चाहिए। शिविर में काफी लोगों ने पहली बार रक्तदान किया और इसे एक भावनात्मक अनुभव बताया।

# विरांगणा रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम २० मई को चुटिया में

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज)। खैरलाँजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चुटिया के मुख्य चौराहे पर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम २० मई २०२५ को आयोजित किया गया है। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश पाठक अध्यक्ष सर्व ब्राम्हण समाज बालाघाट,



अनावरणकर्ता विवेक विक्की पटेल विधायक वारासिवनी खैरलांजी, गौरवसिंह पारधी विधायक कटंगी, मुख्य वक्ता अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट, अजाब शास्त्री समाजसेवी ,अध्यक्षता माया सुभाष क्षीरसागर सरपंच ग्राम पंचायत चुटिया, प्रमुख अतिथि दुर्गाप्रसाद लिल्हारे उपाध्यक्ष जनपद खैरलांजी, ज्योति ईश्वर उमरे सदस्य जिला पंचायत बालाघाट, राकेश बनोटे पूर्व जनपद अध्यक्ष, गिरीश बिसेन पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ,मोहनलाल नगपुरे ,संजयसिंह कछवाहा अध्यक्ष राजपुत समाज बालाघाट, रामकुमार नगपुरे पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,सुखदेव मुनी कुतराहे कार्यकारणी अध्यक्ष लोधी समाज बालाघाट, मुन्नालाल लिल्हारे जनपद सदस्य ,नेतलाल नगपुरे सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें अनावरण समारोह को भव्य बनाने के लिए ग्राम पंचायत चुटियां की ओर से तैयारियां की जा रही हैं।सन १८५७ की क्रांति में अपने प्राणो की आहुति देकर देश की स्वतंत्रता की नींव रखने वाली प्रथम महिला महानायिका विरांगणा अवंतीबाई लोधी कि मूर्ति अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें सभी लोगों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील कार्यक्रम के संचालक भारतसिंह शिवहरे ,शेरा सुलकिया, योगेश सुलकिया एवं चुटिया के समस्त ग्राम वासियों ने की है।

# परसवाड़ा पुलिस की कार्यवाही में जुआ खेलते 3 जुआरी धराए-2 जुआरी फरार

### 1 स्विफ्ट डिजायर कार, 4 मोबाइल फोन एवं नगद राशि सहित कुल 3,94,500 रूपये जप्त

परसवाड़ा( पद्मेश न्यूज)। पुलिस ने ग्राम खरपड़िया ढाबा के पास जुआ के अड्डे पर छापामार कार्रवाई करते हुए तीन जुआरी को जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किये तो वहाँ दो जुआरी फरार हो गए। परसवाड़ा पुलिस यह कार्यवाही 17 मई की रात्रि में की। मौके से1 स्विफ्ट डिजायर कार, 4 मोबाइल फोन एवं नगद राशि सहित कुल 3,94,500 रूपये जप्त किये।गिरफ्तार तीन जुआरी बिहारी दास मरचुले 52 वर्ष ग्राम कटंगी थाना बैहर,शैलेन्द्र जैसवाल 43 वर्ष ग्राम बिरसा,अमन मरचुले 20 वर्ष ग्राम कटंगी थाना बैहर निवासी है। परसवाड़ा पुलिस के मुताबिक 17 मई की रात्रि सूचना मिली कि ग्राम खरपडि़या ढाबा के पास चिरईडोंगरी मार्ग के किनारे जुआरियों द्वारा तास के पत्तो पर रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेला जा रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी मदनलाल इवने ने अपनी टीम के साथ खरपड़िया ढाबा के पास चिरईडोंगरी रोड़ किनारे घेराबंदी कर दबिश देकर 3 जुआरी बिहारी दास मरचुले ग्राम कटंगी थाना बैहर,शैलेन्द्र जैसवाल ग्राम बिरसा,अमन मरचुले ग्राम कटंगी थाना बैहर निवासी को जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किये।,जबकि 2 जुआरी हामिद खान निवासी बैहर ,अनवर खान निवासी चौकी उकवा थाना रूपझर निवासी फरार हो गये। परसवाड़ा पुलिस ने मौके सेताश के 52 पत्ते की 2 गड्डी, 1 स्विफ्ट डिजायर कार, 4 मोबाइल फोन एवं नगदी




सहित कुल 3,94,500 रूपये जप्त किये।आरोपियों के विरुद्ध थाना परसवाड़ा में अपराध क्रमांक 93/2025, धारा 13 जुआ एक्ट एवं 112(2) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। फरार 2 जुआरी की तलाश की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मदन इवने सहायक उपनिरीक्षक रतन कुंजाम, आरक्षक रंजीत, आरक्षक संदीप, आरक्षक ब्रजकिशोर, आरक्षक 654 सोनसिंह मरकाम, आरक्षक संजय वरकड़े की सराहनीय भूमिका रही।

**आवश्यकता है**
• वार्ड ब्वॉय - 01 पद
• नर्स - 01 पद
वेतन-योग्यतानुसार
सेठिया ऑई केयर एंड पैथोलॉजी
हनुमान चौक, बालाघाट

# कीटनाशक दवाई सेवन में आने से कृषक की मौत

### रबी की फसल में कीटनाशक का छिड़काव करते समय हुई घटना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रबी की फसल में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय एक कृषक कीटनाशक दवाई के प्रभाव में आने से बेहोश हो गया ।जिसकी बालाघाट नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक कृषक हेमराज पिता कोठिया लिल्हारे 52 वर्ष ग्राम मोहगांव धपेरा थाना लालबर्रा निवासी है। कोतवाली पुलिस ने इस कृषक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमराज लिल्हारे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते थे। जिसके परिवार में पत्नी दो बेटे और दो बेटी है जिनमें एक लड़का और दो लड़की की शादी हो चुकी है ।बताया है कि इस वर्ष कृषक हेमराज लिल्हारे ने अपने खेत में रबी की धान लगाई थी ।16 मई को दोपहर में कृषक हेमराज लिल्हारे अपने खेत में रबी की फसल में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने के लिए गया था। खेत में कीटनाशक दवाई का छिड़काव करते समय अचानक कृषक हेमराज लिल्हारे कीटनाशक दवाई दवाई के प्रभाव में आ गया ।नाक मुंह में जाने से उसे उल्टी होने लगी और चक्कर आने लगा था ।जिसके बाद कृषक हेमराज लिल्हारे अपने घर पहुंचा और अपने परिवार वालों को बताया कि उसे उल्टियां हो रही है और चक्कर आ रहा है। जिसके कुछ देर बाद ही कृषक हेमराज लिल्हारे ने बोलना बंद कर दिया वह बेहोश हो गया था। हेमराज लिल्हारे को परिवार वालों ने तुरंत ही बालाघाट नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किये थे ।जहां उपचार के दौरान रात्रि 12:00 बजे करीब उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने इस निजी अस्पताल से सूचना मिलने पर हेमराज लिल्हारे का शव जिला अस्पताल लाकर यहा के फ्रीजर में लाकर रखवा दिए थे ।18 मई को कोतवाली पुलिस ने मृतक हेमराज लिल्हारे का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्यवाही हेतु घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना लालबर्रा भिजवा दिया।

# आप प्रदेश संगठन ने, बालाघाट पदाधिकारियो को सौपी नई जिम्मेदारी

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। आम आदमी पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी ने जिला बालाघाट संगठन विस्तार के क्रम में जिले की सभी 6-विधान सभाओं के प्रभारी और सह प्रभारियों सहित लीगल विंग के जिला प्रभारी और जिला सहप्रभारियों की सूचि जारी की है।जिसमें कई पदाधिकारी को उनकी नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसको लेकर रविवार 18 मई को आम आदमी



पार्टी जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल अध्यक्षता में शाम 4बजे नगर मुख्यालय के अंबेडकर चौक गार्डन में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया ।आयोजित विधानसभा की आवश्यक बैठक में बालाघाट विधानसभा के नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी मस्तराम डहारे, और सह प्रभारी फिरोज नियाजी का सम्मान किया गया तो वही आयोजित बैठक में अगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई ।इसमें अगामी सदस्यता अभियान सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। इस चर्चा में आप जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल, जिलासचिव रजनीश नायडू, जिला कार्यालय प्रमुख अनिल ब्रम्हे, नवनियुक्त बालाघाट विधानसभा प्रभारी मस्तराम डहारे, आप के वरिष्ठ साथी दीपक चौधरी, सक्रिय साथी प्रदीप नागेश्वर सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**विक्रय/किराये से देना है**
श्याम टॉकीज एण्ड मॉल मेन रोड ग्राउंड फ्लोर एवं उसके उपर के दो फ्लोर (फ्लोर हाइट 15 फीट) पर स्थित कुल एरिया 3000 वर्गफीट का हाल/ दुकान/, बेचना/ किराये से देना है
-संपर्क-
8817024586, 9201340520

**आवश्यकता है**
ऑफिस कार्य हेतु चपरासी की आवश्यकता है, 25 वर्ष से कम उम्र के बालाघाट एवं आसपास के रहने वाले ही संपर्क करें। वेतन-12000+
मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक
संपर्क
बाफरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल द्वितीय तल मेन रोड बालाघाट (मप्र)
मो. 9201340520/7999613237

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# अनधिकृत निर्माण मामले में अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को होगी परेशानी

मुंबई। मुंबई महानगरपालिका ने बॉलीवुड स्टार मिथुन चक्रवर्ती को नोटिस जारी किया है। उन्हें मुंबई मनपा अधिनियम की धारा 475 ए के तहत मुकदमा चलाने की चेतावनी दी गई है। इससे दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की मुश्किलें ब ?ने वाली हैं। दरअसल मनपा ने मिथुन चक्रवर्ती को मलाड में उनके ग्राउंड और मेजानाइन फ्लोर के अनधिकृत निर्माण के लिए कारण बताओ नोटिस भेजा है। मेजानाइन फर्श एक आंशिक फर्श होता है, जो आमतौर पर दो मंजिलों के बीच स्थित होता है। उधर मिथुन चक्रवर्ती ने कहा है कि निर्माण अनधिकृत नहीं है। इस संबंध में मिथुन चक्रवर्ती ने अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा कि उन्हें यह नोटिस मालाड के एरंगल में चल रहे मनपा के अभियान के तहत मिला। उन्होंने कहा, मैंने कोई अवैध या अनधिकृत निर्माण नहीं किया है। यहां सभी को नोटिस भेजे गए हैं, हम उनका जवाब दे रहे हैं। 10 मई को मनपा द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के अनुसार, मुंबई मनपा ने अनधिकृत निर्माण के लिए मुंबई महानगरपालिका अधिनियम की धारा 475 ए के तहत मुकदमा चलाने की चेतावनी दी है। धारा 475ए किसी भी अनधिकृत निर्माण को न हटाने पर जुर्माना लगाती है। प्रस्ताव में दो भूतल मेजानाइन स्तर की इकाइयां और तीन अस्थायी 10×10 इकाइयां शामिल हैं, जिनका निर्माण ईंट की चिनाई वाली दीवारों, लकड़ी के तख्तों, कांच के विभाजन और एसी शीट छत के संयोजन का उपयोग करके किया गया है। मनपा अधिकारियों के अनुसार, इस भूखंड पर निर्माण कार्य सक्षम प्राधिकारियों की अनुमति के बिना किया गया है। इस नोटिस में मनपा ने मिथुन चक्रवर्ती से पूछा है कि वे बताएं कि इस इमारत या कार्य को क्यों न हटाया जाए या इसमें परिवर्तन किया जाए या इसे ध्वस्त किया जाए या फिर इस स्थल का उपयोग बहाल क्यों न किया जाए। जवाब देने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि यदि कारण पर्याप्त नहीं हुआ तो भवन को मालिक के जोखिम और खर्च पर ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके अलावा, मनपा ने चेतावनी दी है कि दोषी व्यक्ति पर मुकदमा भी चलाया जा सकता है। महानगरपालिका अधिनियम की धारा 475 ए के अनुसार, यह कृत्य जुर्माने और कारावास से दंडनीय है।

# मौसम बदलाव का जिले भर में देखा गया व्यापक असर

## मकान की उड़ी छत, तो खेतों में भरा पानी, सड़को पर गिरे पेड़, आंधी तूफान ने भी जमकर बरपाया कहर, मौसम में बदलाव के साथ जिले भर में हुई झमाझम बारिश, दिन में कड़ी धूप, रात आकाशीय गर्जना के साथ बरसे बदरा, रात 3 बजे तक लाईट रही गुल , शहर में छाया रहा





बालाघाट( पदमेश न्यूज )। अप्रैल की तरह मई माह में भी मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां भीषण गर्मी और चिपचिपाती धूप के बीच अचानक मौसम में बदलाव के साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्य के बीच बारिश देखी जा रही है। जिसका सीधा फायदा जिले के ज्यादातर किसानों को मिल रहा है। लेकिन ऐसे किसान जिनकी फसल काटने पर आ गई है उन किसानों के लिए यह बारिश कहर बनकर बरसी है। जहां आंधी तूफान और तेज बारिश से कई किसानों की हल्की धान की फसल बर्बाद हो गई है तो वहीं खेतों में बरसात का पानी जमा हो गया है। जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की बात भी कहीं जा रही है। तो वही बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली की चमक के बीच बीती रात हुई इस बारिश ने जहां-जहां जमकर कहर भर पाया है।जिसका एक नजारा जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कटंगी में देखने को मिला है। जहां पर तेज आंधी तूफान और बारिश से एक ग्रामीण के घर की छत उड़ गई जिससे उसके घर में रखा घरेलू व जरूरी सामान खराब हो गया। उधर मौसम विभाग ने आगामी 21 अप्रैल तक मौसम के कुछ इसी तरह बने रहने और तेज आंधी तूफान के साथ बारिश होने की संभावना जताई है मतलब साफ है कि यहां बारिश एक ओर जहां बजनी धान के किसानों और भीषण गर्मी से परेशान नगर वासियों के लिए रहमत बनकर उतर रही है। तो वहीं ग्रामीण अंचलों के कई किसानों के लिए यह बारिश , एक बड़ी आफत साबित हो रही है।

### देर रात्री आंधी तूफान ने मचाई तबाही, गिरे पेड़

जिले में 17-18 मई की दरमियानी रात आई आंधी तूफान और आसमानी बिजली की चमक धमक के साथ हुई बारिश से कईयों की नींद हराम हो गई और बिजली गुल होने से लोग परेशान नजर आए। इस तूफान ने कईयों के घरों की छत उड़ा ले गई और तूफान भरी बारिश का पानी घरों में घुस गया, वही लोग रात जागरण कर गुजारने को मजबूर दिखाई दिये।जबकि भारी भरकम पेड़ो के गिरने से आवागमन प्रभावित हो गया था।इस तरह का हादसा बालाघाट-बैहर मार्ग पर भरवेली थाने के पास हुआ जहां भारी भरकम पेड़ गिरने से घंटो आवागमन प्रभावित हुआ। जबकि उसी जगह पर माईस से भरा एक ट्रक एक मकान में घुस गया किंतु कोई अनहोनी घटना घटित नही हुई। इसी मार्ग पर गांगुलपारा के समीप भी एक पेड़ गिर गया था।

### भीषण गर्मी से मिली राहत

आए दिनों की तरह शनिवार रात को भी मौसम में अचानक बदलाव देखा गया। जहां शनिवार की सुबहा से लेकर रात 8 बजे तक भीषण गर्मी और उबाल देखने को मिली।जिसके बाद अचानक आसमान को काले बादलों ने घेरना शुरू कर दिया और 8:30 बजे आंधी तूफान शुरू हो गई। वही करीब रात्रि 9 बजे बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली की चमक के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में झमाझम बारिश शुरू हो गई।जहां नगर में करीब 2:30 घंटे की झमाझम बारिश देखने को मिली।उधर बारिश के चलते तापमान अचानक से धराशाही हो गया।तो वही जिलेवासियों को भीषण और चिपचिपी गर्मी से काफी राहत मिल गई।तो वही यह बारिश किसानों की बजनी धान की फसलों के लिए वरदान साबित हो रही है।उधर मौसम विभाग ने आगामी 3 दिनों तक मौसम के कुछ इसी तरह बने रहने और जिले के विभिन्न क्षेत्रो में आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है ।

### आंधी तूफान में उड़ी कच्चे मकान की छत

बीती रात आंधी तूफान के साथ हुई झमाझम बारिश ने नगर मुख्यालय के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी जमकर कहर बरपाया है।जहां जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बगदरा के समीप आने वाली ग्राम पंचायत कटंगी में इस आंधी तूफान और झमाझम बारिश से एक व्यक्ति के कच्चे मकान की छत उड़ गई।जिससे बारिश का पानी उसके घर में घुस गया और भारी बारिश के चलते ग्रामीण के घर में रखी खाद्य सामग्री, जरूरी घरेलू सामान व इलेक्ट्रिक आइटम सहित अन्य वस्तुए पानी में भीग कर खराब हो गई।

### खेतों में घुसा पानी, हुआ भारी नुकसान

उधर तेज आंधी तूफान और भारी-बारिश का सबसे ज्यादा असर किसानों के खेतों में देखने को मिला है।जहां पिछली रात हुई यह बारिश, बजनी फसलों के लिए तो वरदान साबित हुई।लेकिन यही बारिश कटाई के योग्य हो चुकी या पककर पूरी तरह तैयार हो चुकी हल्की फसलों के लिए बड़ी आफत साबित हुई है।जहां इस बारिश ने हल्की फसलों को जमकर नुकसान पहुंचा है। शनिवार की देर रात्रि आंधी तूफान के साथ हुई इस बारिश ने खेतों में खड़ी हल्की फसलों को जमीन में गिरा दिया।तो वही भारी बारिश के चलते जमीन में गिरी फसलों पर पानी भर गया है। जिससे हल्की फसल लगाने वाले किसानों को भारी नुकसान होने की बात कही जा रही है।

### अचानक बारिश ने मानसून का कराया एहसास

जिले में मौसम परिवर्तन के चलते लगातार दो दिनों से रात में तेज बारिश हो रही है।शुक्रवार को जहा रात्रि 12 से 1 बजे के बीच तेज बारिश देखने को मिली तो वही शनिवार रात 9 बजे से 11.30 बजे तक तेज बारिश का दौर रहा। हालांकि इसके बाद बारिश बंद हो गई लेकिन तेज हवाए और हल्की बूंदाबांदी होती रही। जिले में इन दिनों बदलता तापमान, लोगों की दिनचर्या के साथ ही उनके स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव डाल रहा है।वही शनिवार रात हुई झमाझम बारिश ने लोगो को मानसून का एहसास करा दिया। हालाकि मानसून आने में अभी वक्त है लेकिन इस बार मानसून जल्द आने की बात कही जा रही है।

### शनिवार रात 9 बजे से रविवार भोर सुबह 3 बजे तक रही बत्ती गुल

शनिवार रात हुई तेज बारिश के प्रारंभ होते ही पूरे शहर में ब्लैक आउट हो गया। देररात तक बिजली नहीं होने से लोगों को परेशान होना पड़ा। सबसे चिंतनीय यह रहा कि लोगों ने बिजली नहीं होने की समस्या के लिए बिजली विभाग में कॉल किया लेकिन ना तो उनके कॉल रिसिव किए गए और ना ही कोई जवाब मिला। जिससे लोगों ने खासी नाराजगी जाहिर की। जहा शनिवार रात्रि 9 बजे से लेकर रविवार भोर सुबहा 3 बजे तक पूरे शहर की बत्ती गुल रही जिससे लोगो को भारी परेशानी हुई। बनिस्मत ऐसी ही स्थिति परसवाड़ा में देखने को मिली। परसवाड़ा में बिजली गुल होने से लोग परेशान होते रहे।जहा बत्ती गुल का यह आलम जिले भर में देखने को मिला। हालांकि इस मामले में बिजली विभाग के अधिकारी से चर्चा करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन उठना मुनासिब नहीं समझा।

### असामान्य तापमान से बदल रही स्थिति

जिले में दो दिनों से असामान्य तापमान के चलते, जहां दिन में तेज धूप पड़ रही है,वही रात में तेज बारिश हो रही है। जिससे भीषण गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम वैज्ञानिक धर्मेन्द्र आगासे ने बताया 21 मई तक आंधी तूफान, बिजली और तेज सतही हवाओं की स्थिति उत्पन्न होने के साथ हल्की वर्षा, मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में 5.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें सबसे ज्यादा बारिश बालाघाट में 24.8 मिमी दर्ज की गई।

### सबसे ज्यादा बारिश बालाघाट में

भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में 5.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें सबसे ज्यादा बारिश बालाघाट में 24.8 मिमी, वारासिवनी में 4.2 मिमी, बैहर में 6.9 मिमी, लांजी में 5.1 मिमी, किरनापुर में 2.2 मिमी, खैरलांजी में 7.2 मिमी, लालबर्रा में 4 मिमी, परसवाड़ा में 4.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जबकि कटंगी, बिरसा और तिरोड़ी में बारिश नहीं हुई।

### 21 मई तक मौसम के कुछ इसी तरह बने रहेंगे हालात

जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केन्द्र, के मौसम वैज्ञानिक धर्मेन्द्र आगासे ने बताया 5 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जिले में 21 मई तक आंधी तूफान, बिजली और तेज सतही हवाओं की स्थिति उत्पन्न होने के साथ हल्की वर्षा, मध्यम बादल छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 35.9 से 37.8 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 25.1 से 26.5 डिग्री सेलिसियस तथा सुबह हवा में 74 से 91 प्रतिशत तथा दोपहर में 37 से 47 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है।

# अधिवक्ता संतोष गेडाम पुनः बनाए गए भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष

## भीम आर्मी एकता मिशन की जिला स्तरीय बैठक में दी गई जिम्मेदारी

## विभिन्न स्थानीय बिंदुओं पर चर्चा कर बनाई गई रणनीति

बालाघाट(पदमेश न्यूज) ।रविवार को नगर के वार्ड नं 24, सुरभि नगर स्थित प्राज्ञा बौद्ध विहार भवन में



भीम आर्मी एकता मिशन की जिला स्तरीय आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।आयोजित इस बैठक में समाज संगठन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई।वही संगठन के पुनर्गठन को लेकर चर्चा कर नगर कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से पुनः एक बार अधिवक्ता संतोष गेडाम को भीम आर्मी एकता मिशन का नगर अध्यक्ष चुना गया। वहीं अन्य कार्यकारिणी सदस्य भी सर्व सहमति से मनोनीत किए गए ।आयोजित बैठक के दौरान अधिक लोगो को संगठन से जोड़ने, ज्यादा से ज्यादा आजीवन सदस्य बनाने का अभियान चलाने, शाखाओं का गठन, पुनर्गठन करने, सभी तहसीलों में समाज संगठन कार्यक्रमो के आयोजन करने,आदि विषयों पर चर्चा की गई।इसके साथ साथ भारतीय संविधान के अनुसार जनमानस को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने, संविधान से प्राप्त अधिकारों का प्रचार प्रसार करने, सहित अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया गया। तो वहीं बैठक के दौरान भीम आर्मी एकता मिशन को जिले के प्रत्येक गांव में पहुंचाने और घर-घर चंद्रशेखर मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भीम आर्मी संभाग अध्यक्ष निलेश बौद्ध , जिला अध्यक्ष रितेश बोरकर ,जिला कोषाध्यक्ष रतनशींग विद्रोही ,जिला आई टी सेल प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### नगर कार्यकारिणी में इन्हें मिला स्थान

भीम आर्मी एकता मिशन बालाघाट शाखा के किए गए पुनर्गठन में नगर की कमान एक बार फिर से अधिवक्ता संतोष गोड़ाम के हाथों में सौंपी गई है।जिन्हें नगर अध्यक्ष का पद देकर सर्व सहमति से कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में आदित्य मेश्राम को मनोनीत किया गया तो वही उपाध्यक्ष के रूप में संदीप परतें, पायल नागपुर, फिरोज खान, रौनक डोंगरे , की नियुक्ति की गई ।इसी तरह नगर सचिव, के पद पर प्रज्वल डोंगरे को, तो वही महासचिव के रूप में प्रेम सोरले, कुणाल शिंदे, और राहुल बांधकर, की नियुक्ति की गई।इसी तरह कोषाध्यक्ष, का पद हिसाब लाल को सौपकर, कार्यकारिणी में अन्य पदाधिकारी को उनके पद सौंपते हुए उन्हें उनकी जिम्मेदारियां बताई गई।

### संगठन को मजबूत कर सामाजिक उत्थान ही रहेगा प्रमुख लक्ष्य - गेडाम

पुनः नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने को लेकर की गई चर्चा के दौरान भीम आर्मी एकता मिशन नगर अध्यक्ष संतोष गेडाम ने बताया कि जिले के प्रत्येक गांव में हर घर में एक मुहिम के तहत घर-घर भीम आर्मी को पहुंचाने की रणनीति बनाई जा रही है। इसके अलावा संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा हो रही है। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है। खास तौर पर भीम आर्मी एकता मिशन संगठन को मजबूत बनाने ,जिले के प्रत्येक गांव में हर घर भीम आर्मी संगठन को पहुचाने को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। आगामी समय में पूरे जिले के प्रत्येक गांव में भीम आर्मी एकता मिशन का गठन कर बड़ी कार्यकारिणी बनाई जाएगी। वही जल्द ही जिले की सभी तहसीलों में बैठकों का आयोजन कर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्य किए जाएंगे।इसके अलावा संगठन द्वारा स्थानीय मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी। मुझे जो जिम्मेदारी मिली है मैं इसका निर्वाह पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा के साथ करूंगा। वही संगठन को मजबूत कर सामाजिक उत्थान पर जोर दिया जाएगा।

# राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता में रहा बालाघाट का दबदबा

## जिले की टीम ने जीते 12 मेडल,किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, इंदौर के बास्केट बॉल इनडोर स्टेडियम में हुई थी प्रतियोगिता



बालाघाट(पदमेश न्यूज)। इंदौर में 16 से 17 मई तक आयोजित राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता में बालाघाट जिले के खिलाड़ियों का दबदबा देखा गया। जहां अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए जिले के खिलाड़ियों ने 12 मैडल हासिल किए है।आपको बताए कि बास्केट बॉल इनडोर स्टेडियम इंदौर में 6 साल से 17 साल तक के सब जूनियर, कैडेट, जूनियर कराते खिलाड़ियों ने अधिकृत राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।आयोजित इस प्रतियोगिता में बालाघाट जिले के 20 खिलाड़ियों ने टीम कोच प्रवीण नन्हेट के सानिध्य विभिन्न विभिन्न भार वर्ग व आयु वर्ग में बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें बालाघाट जिले से एकलव्य मार्शल आर्ट एंड फिटनेस एकेडमी से 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 10 मेडल जीते वही राजेगांव टीम से 4 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 2 मेडल जीते के इस प्रकार बालाघाट जिले कि टीम ने 12 मेडल जीतने में सफलता हासिल कि जिसमें 4 गोल्ड मेडल, 2 सिल्वर मेडल,6 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है साथ ही जिले के 2 रैफरी जज भावना सोनकर,मनीष बेंद्रे,एवं टीम मैनेजर आकाश झा को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### काता विधा में प्रथम रहा बालाघाट जिला

आपको बताए कि इंदौर के बास्केट बॉल इनडोर स्टेडियम में आयोजित इस 2 दिवसीय राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता में बालाघाट सहित मध्यप्रदेश के लगभग सभी जिलों से 750 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें इंडिविजुअल काता, इंडिविजुअल कुमिते, टीम काता, इवेंट में खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें टीम काता में बालाघाट जिला प्रथम स्थान में रहा।वहीं इंडिविजुअल कुमिते, इंडिविजुअल काता में भी बालाघाट के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड, सिल्वर, और ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफलता हासिल की।

### इन खिलाड़ियों ने जिले को दिलाए मैडल

इंदौर के बास्केट बॉल इनडोर स्टेडियम में आयोजित इस 2 दिवसीय राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए जिले से अनिरुद्ध पुरोहित ने गोल्ड मेडल कुमिते (फाइट), विहान बिसेन ने गोल्ड मेडल (टीम काता) एवं कुमिते (फाइट) में ब्रॉन्ज मेडल, प्रणव सोनकर ने गोल्ड मेडल टीम काता, कुमिते (फाइट) में ब्रोज मेडल, सर्वेश सिंह जांचपेले ने गोल्ड मेडल टीम काता, यथार्त गर्दे ने सिल्वर मेडल कुमिते (फाइट), आदविक अग्रवाल ने ब्रोंज मेडल कुमिते (फाइट), लवी बोकाडे ने ब्रॉन्ज मेडल कुमिते (फाइट), नियोक्ती सरकार ने ब्रोज मेडल कुमिते (फाइट), ऐश्वर्या राउत ने ब्रॉन्ज मेडल कुमिते ( फाइट) क्वाटर फाइनलिस्ट खिलाड़ी अवनी जैन, आराध्या श्रीवास्तव, सृष्टि बघेले, समृद्धि गर्दे, त्रृषिका चंदेवार, पार्थ वाघेला, तरुण बहेश्वर, धीरज बिसेन, कुणाल कूठे, माहिरत्न ढहाते ने अच्छा प्रदर्शन किया।

### चयनित खिलाड़ी राष्टीय कराते प्रतियोगिता मे लेंगे भाग

बताया गया कि राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता में सभी चयनित खिलाड़ी आगामी 12 से 15 जून तक उत्तराखंड में आयोजित राष्टीय कराते प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। जो कि अधीकृत राष्टीय प्रतियोगिता है जो कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा आयोजित की जाएगी। जिसमें चयनित खिलाड़ी आगामी अंतर्राष्टीय प्रतियोगिता में भाग लेकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### जिला वापसी पर खिलाड़ियों का किया गया भव्य स्वागत

उधर राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता में बालाघाट का नाम रौशन कर जिला वापस आने पर सभी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। जहां बालाघाट जिले कि टीम का 18 मई रविवार दोपहर 12 बजे रेलवे स्टेशन पर आगमन हुआ।टीम कि इस उपलब्धि पर बालाघाट कराते जिला टीम के सभी पदाधिकारी एवं एकलव्य मार्शलआर्ट एंड फिटनेस एकेडमी के सभी पदाधिकारी कराते प्रेमी एवं अभिभावकों ने गर्मजोशी के साथ कोच, रैफरी , जज एवं खिलाड़ियों का स्वागत फूल मालाओं एवं पुष्पगुच्छ से किया एवं सभी ने खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाइयां दी।इसके अलावा आगामी राष्टीय प्रतियोगिता के लिए ढेरों शुभकामनाएं भी दी गई।

### जल्द आयोजित किया जाएगा सम्मान समारोह- प्रवीण

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सचिव प्रवीण नन्हेट ने बताया कि जल्द ही खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा इस मौके पर मौजूद सभी पदाधिकारी निधि नन्हेट ,कार्तिक तितरमारे,प्रतीक नन्हेंट साहिल सोनवाने, सरूण सोनवाने , राजा डहरवाल आशीष सोनकर ,महेश चौहान ,गौरव जयसवाल ,कुशल जैन , तरुण खरोले एवं सभी पालकगण उपस्थित रहे।

# बिरसा पुलिस ने पिछले वर्ष अप्रहत की गई एक 17 वर्षीय नाबालिक लड़की को तेलंगाना राज्य मे किये दस्तयाब, लड़की का अपहरण और दुष्कर्म करने के आरोप में नरेंद्र आवठे गिरफ्तार



बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । अपहरण की गई नाबालिक लड़कियों की दस्तयाबी हेतु चलाए गए अभियान के तहत बिरसा पुलिस ने पिछले वर्ष थाना क्षेत्र से अपहरण की गई एक नाबालिक लड़की को तेलंगाना राज्य से दस्तयाब किया और इस नाबालिक लड़की का अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया । यह युवक बिरसा थाना क्षेत्र रहने वाला नरेंद्र आवठे उर्फ बेताल साहू पिता अनूप साहू उर्फ़ दैयत साहू 22 वर्ष ग्राम मानेगांव निवासी है जिसे न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरसा थाना क्षेत्र में रहने वाली यह 17 वर्षीय नाबालिग लड़की कक्षा 12वीं की पढ़ाई करती थी । 17 अगस्त 2024 को यह लड़की रोज की तरह सुबह 9:00 बजे स्कूल जाने के लिए अपने घर से पैदल निकली थी। किंतु शाम को यह लड़की वापस नहीं आई। इस लड़की के घर नहीं आने पर उसके परिवार वालों ने अपने गांव मोहल्ले रिश्तेदारी में फोन लगाकर पूछताछ किये। किंतु इस लड़की का कही पता नहीं चला। जिसकी रिपोर्ट उसके पिता ने बिरसा पुलिस थाना में की थी। जहां पर इस नाबालिक लड़की का अपहरण करने के आरोप में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज किया गया था और बिरसा पुलिस द्वारा अपराध दर्ज होने के बाद इस लड़की की लगातार तलाश की जा रही थी। लगातार की जा रही तलाश के दौरान साइबर सेल बालाघाट से प्राप्त मोबाइल नंबर की सी डी आर से इस लड़की का लोकेशन ग्राम धरमावरम थाना तुरकापल्ली जिला यादायन्द्री बोनगिरी तेलंगाना राज्य में मिला। इस सूचना पर 14 मई को बिरसा थाना प्रभारी रेवल सिंह बरडे के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक शिवलाल परते, आरक्षक रविंद्र जाट,आरक्षक सूरज गुर्जर और महिला आरक्षक शारदा उइके की टीम तेलंगाना राज्य के लिए रवाना की गई थी। 15 मई की शाम इस पुलिस टीम ने तेलंगाना राज्य में आने वाले ग्राम धरमावरम में पूछताछ और लड़की की तलाश किये इस दौरान यह नाबालिक लड़की टीन के बने झोंपड़े में मिली। पूछताछ करने पर इस नाबालिक लड़की ने नरेंद्र आवठे के साथ आना बताई और नरेंद्र को तलाश करने पर पास में ही बिल्डिंग में वह काम करते मिला। इस नाबालिग लड़की को दस्तयाब किया गया। इसके बाद दोनों को बिरसा थाना लाया गया। थाने में लड़की से पूछताछ करने पर उसने बताई की 2 साल से उसका नरेंद्र आवठे से प्रेम संबंध के चलते दोनों बातचीत करते थे। 17 अगस्त 2024 को दोपहर 12:00 बजे वह घर में बिना बताए बस में बैठकर बालाघाट आई थी जहां उसे नरेंद्र आवठे मिला और नरेंद्र आवठे उसे बस में गोंदिया और गोंदिया से हैदराबाद और तेलंगाना के गांव धरमावरम लेकर आया और शादी करके वही टीन के झोपड़ी में नरेन्द्र आवठे ने अपने साथ रखकर उसके साथ लगातार शारीरिक सम्बंध बनाये जिससे वह 4 माह की गर्भवती है। इस लड़की द्वारा दिए गए बयान के बाद इस मामले में अनुसूचित जनजाति की नाबालिक लड़की का अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने के इस मामले में धारा 87,64(2)(एम) भारतीय न्याय संहिता 2023, धारा 5एल/6,5जे(द्वद्व) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 और धारा 3(1)डब्लू-i, 3(2)वी अनुसूची जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का इजाफा किया गया और इस अपराध में नरेंद्र आवठे को गिरफ्तार किया गया। बिरसा पुलिस ने 18 मई को नरेंद्र आवठे को बैहर की अदालत में पेश कर दिए। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में बैहर उप जेल भिजवा दिया गया है।

# मोहगांव (बोरी) के वार्ड नं. 10 में दो विद्युत पोल हुए क्षतिग्रस्त, बनी लो-वोल्टेज की समस्या

## वार्डवासियों ने विद्युत विभाग से टूटे पोल के स्थान पर नवीन पोल लगाकर बिजली प्रदाय करने की मांग की

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव (बोरी) के वार्ड नं. 10 में एक सप्ताह पूर्व आम के पेड़ की टहनी विद्युत तार पर गिरने से दो विद्युत पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसके स्थान पर अब तक नवीन पोल नही लगाया गया है जिससे उक्त वार्ड में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। साथ ही टुटकर गिरे विद्युत पोल व तार को भी अब तक नही हटाया गया है जिसके कारण वार्डवासियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है और हर समय बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। वहीं विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद से निवासरत लोगों को नियमित रूप से दुसरे विद्युत पोल से बिजली नही मिलने से इस भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने के बाद ही वार्डवासियों ने विद्युत विभाग को जानकारी दे दिये है लेकिन अब तक नये विद्युत पोल नही लगाये गये है। जिससे वार्डवासियों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखी जा रही है और जल्द नये विद्युत पोल लगाकर लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलवाने की मांग विद्युत विभाग से की है। आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत मोहगांव (बोरी) के वार्ड नं. 10 में दो विद्युत पोल लगे है, जिससे निवासरत लोगों के घरों में विद्युत कनेक्शन गया है। लेकिन एक सप्ताह पूर्व वार्ड नं. 10 स्थित आम का पेड़ की टहनी को किसी व्यक्ति के द्वारा काटा जा रहा था। तभी पेड़ की टहनी विद्युत तार पर गिर जाने से तार में तनाव अधिक होने पर दो विद्युत पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गये। लेकिन जिस समय तार व पोल टूटकर नीचे गिरा उस समय उस स्थान पर कोई नही थे नही तो बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता था। जिसके बाद तत्काल विद्युत विभाग को जानकारी दी गई और बिजली सप्लाई बंद करवाई गई। वहीं दो विद्युत पोल एवं तार टूट जाने से वार्ड नं. 10 में एक या दो दिनों तक अंधेरा रहा। जिसके बाद विद्युत विभाग के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य विद्युत पोल से वार्ड नं. 10 में निवासरत लोगों के घरों के कनेक्शन को जोड़कर बिजली सप्लाई की जा रही है। लेकिन पर्याप्त बिजली नही मिलने एवं लो-वोल्टेज होने के कारण इस भीषण गर्मी में निवासरत लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दिन व रात्रि के समय सबसे अधिक परेशानी ब%चों को हो रही है क्योंकि कुलर-पंखे ठीक तरह से नही चल पा रहे है इसलिए वार्डवासियों ने विद्युत विभाग से जो विद्युत पोल व तार टूट चुके है उनके स्थान पर नवीन विद्युत पोल लगाकर टूटे तार को दुरूस्त कर बिजली प्रदाय करने की मांग की है ताकि लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सके।





### नया विद्युत पोल जल्द लगाये प्रशासन - लकेश

लकेश बाहेश्वर ने बताया कि आम के पेड़ की टहनी विद्युत तार व पोल पर गिरने से दो विद्युत पोल एवं तार टूटकर क्षतिग्रस्त हो चुके है जिसके बाद से वार्ड में बिजली की समस्या बनी हुई है। साथ ही विद्युत विभाग को विद्युत पोल टुट जाने की जानकारी दे दिये है लेकिन सिर्फ आश्वासन ही दे रहे है कि एक-दो दिन में नया विद्युत पोल लगा देगें। लेकिन एक सप्ताह हो गया विद्युत पोल टुटकर क्षतिग्रस्त हुए है अब तक नया विद्युत पोल नही लगाया गया है। श्री बाहेश्वर ने बताया कि बिजली की समस्या को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दुसरे विद्युत पोल में कनेक्शन कर दिया गया, लेकिन लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। साथ ही जो विद्युत पोल व तार गिरे है उसे भी नही हटाया गया है जिससे सभी को परेशानी हो रही है इसलिए विद्युत विभाग से मांग है कि जल्द नया विद्युत पोल लगाये जिससे बिजली की समस्या से वार्डवासियों को निजात मिल सके।

### इनका कहना है-

मोहगांव (बोरी) के वार्ड नं. 10 में दो विद्युत पोल लगे थे, जिससे निवासरत लोगों के घरों में कनेक्शन गया था। लेकिन गत दिवस रोड़ किनारे स्थित आम के पेड़ की टहनी को एक व्यक्ति काट रहा था तभी पेड़ की टहनी विद्युत तार पर गिरने से उसमें खिचाव अधिक आने पर दो विद्युत पोल टुटकर क्षतिग्रस्त हो गये है। जल्द ही नया विद्युत पोल लगा दिया जायेगा।

**सरफराज कुरैशी**
**कनिष्ठ अभियंता**
**विद्युत विभाग लालबर्रा।**

# धपेरा के वार्ड नं. 17 में विशालकाय पेड़ हुआ धराशायी

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 12 किमी. दूर ग्राम पंचायत धपेरा (मोहगांव ध.) के वार्ड नं. 17 स्थित विशालकाय पलसे का पेड़ शनिवार की रात में तेज आंधी-तूफान में टूटकर रोड़ के बीच में धराशायी हो गया। लेकिन जिस समय पेड़ टूटकर रोड़ के बीच में धराशायी हुआ, उस समय मार्ग से कोई



आना-जाना नही कर रहे थे। अगर ग्रामीणजन गुजरते रहते तो वे पेड़ की चपेट में आ सकते थे जिसकी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। रोड़ के बीच में विशालकाय पेड़ गिर जाने से लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिसके बाद रविवार को सुबह के समय ग्रामीणजनों ने रोड़ के बीच में गिरे विशालकाय पेड़ के कुछ हिस्से को काटकर अलग किया, जिसके बाद लोगों का मार्ग से आना-जाना शुरू हुआ है। लेकिन सड़क के आधे हिस्से में पेड़ गिरा हुआ है, ऐसी स्थिति में आने-जाने वालों को कुछ परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है इसलिए ग्रामीणजनों ने सड़क विभाग व पंचायत से रोड़ में गिरे विशालकाय पलसे के पेड़ को हटाने की मांग की है ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

## ओमकार (राज) बिरनवार को पितृशोक, अंत्येष्टि आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 8 किमी. दूर ग्राम पंचायत मुरझड़ (कौड़िया) निवासी ओमकार (राज) बिरनवार के पिताश्री 80 वर्षीय राजाराम बिरनवार का 18 मई की शाम 6.30 बजे



हृद्यगति रूक जाने से दु:खद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 19 मई को प्रात: 11 बजे स्थानीय मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरझड़ (कौड़िया) निवासी राजाराम बिरनवार घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे, रविवार की शाम 6.30 बजे अचानक तबियत खराब होने एवं हृद्यगति रूक जाने से दु:खद निधन हो गया। वहीं निधन की खबर चित-परिचितों एवं परिजनों को लगी तो शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. राजाराम बिरनवार सरल, स्वभाव एवं मृदुभाषी के धनी थे, अपने पीछे पुत्र ओमकार (राज) बिरनवार सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये है। जिनका अंतिम संस्कार 19 मई को प्रात: 11 बजे मुरझड़ स्थित मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया जायेगा।

## ग्रेटर नोएडा में लघु उद्योग योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा-हजारों महिलाओं से लाखों की ठगी

नोएडा। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में लघु उद्योग योजना के नाम पर 2250 महिलाओं से करीब 33 लाख रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक एनजीओ के नाम पर महिला उत्थान समिति बनाकर गांव-गांव से महिलाओं को जोड़ा गया और उन्हें स्वरोजगार का सपना दिखाकर पैसे वसूले गए। यह मामला थाना जारचा क्षेत्र के ततारपुर गांव की रहने वाली रेखा रानी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, पड़ोसी गांव चौना निवासी फतेह सिंह ने उसका परिचय बागपत के रहने वाले जितेंद्र, रविंद्र और सौरभ जैन से कराया था। इन लोगों ने खुद को केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त महिला उत्थान समिति का सदस्य बताते हुए लघु उद्योग योजना शुरू करने की बात कही थी। इस योजना के अनुसार, प्रत्येक महिला को 1,900 रुपये देकर समूह की सदस्यता लेनी थी। एक समूह में 14 महिलाएं रखी जातीं और बाद में हर सदस्य को 10,000 रुपये का लोन दिए जाने का वादा किया गया था। यह राशि मासिक 167 रुपये की किस्तों में चुकानी थी। इसी योजना के अंतर्गत 2250 महिलाओं से कुल मिलाकर 33 लाख रुपये वसूले गए, लेकिन किसी को भी वादा किया गया पैसा नहीं मिला। जब लंबे समय तक कोई सहायता नहीं मिली और योजनाएं धरातल पर नहीं उतरीं, तो पीड़ित महिलाओं ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचीं थी। बाद में अदालत के निर्देश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# लक्ष्य निर्धारण और संसाधनों का आकलन जरूरी - ओमेश्वर

## औल्याकन्हार फिजिकल क्लब में जारी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में हुआ युवा पुलिस ऑफिसर का प्रेरक वक्तव्य





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। गांव की प्रतिभाओं को मंच देने और उन्हें अनुशासन, मेहनत तथा आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाने के उद्देश्य से औल्याकन्हार फिजिकल क्लब में गत 1 मई से 19 वर्ष से कम आयु के ग्रामीण बच्चों के लिए सुबह-शाम एथलेटिक्स एवं व्हालीबॉल प्रशिक्षण शिविर जारी है। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में एक सैकड़ा से अधिक बच्चे नियमित रूप से भाग ले रहे हैं। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित और प्रेरणादायकों को आमंत्रित किया जाता है ताकि बच्चें न केवल खेल के मैदान में बल्कि जीवन के हर मोर्चे पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त कर सके। रविवार को लालबर्रा की मिट्टी में जन्मे और यहीं पले-बढ़े पुलिस विभाग के अधिकारी ओमेश्वर ठाकरे ने औल्याकन्हार फिजिकल क्लब में जारी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षिण शिविर में आगमन हुआ। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी ओमेश्वर ठाकरे ने उपस्थितजनों एवं बच्चों को अपने छात्र जीवन से लेकर पुलिस सेवा तक के प्रेरक सफर को बच्चों के साथ साझा करते हुए उन्हें जीवन में सफलता पाने के ठोस सूत्रों से अवगत करवाया। साथ ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आचरण, अनुशासन और आत्मविश्वास की अहमियत बताई और अपनी प्रत्येक बात के पश्चात् बच्चों से प्रतिप्रश्न भी किए और उनका जवाब पाकर उन्होंने बच्चों से क्लैपिंग भी करवाई। श्री ठाकरे ने सायबर अपराध और सुरक्षा पर भी बच्चों का ज्ञानार्जन करवाया। श्री ठाकरे ने कहा कि यदि किसी विषय को सुनने के बाद हमारे मन में कोई प्रश्न नहीं उठता, तो इसका सीधा अर्थ यह हो सकता है कि या तो हमें कुछ नहीं भी समझ नहीं आया या फिर सब कुछ स्पष्ट रूप से समझ आ गया। उन्होंने बच्चों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए कहा कि हमें हमेशा अपनी जिज्ञासु प्रवृत्ति को जीवित रखना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि जीवन में सबसे पहले यह तय करना आवश्यक है कि हमें करना क्या है। जब हमें यह स्पष्ट हो जाये, तब हमें उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधनों की सूची बनानी चाहिए और उन्हें जुटाने की दिशा में ठोस प्रयास शुरू कर देना चाहिए और हमारे पास कितना पारिवारिक और व्यक्ति गत सहयोग उपलब्ध है। यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है, तो उसके लिए घर का साथ और समर्थन मिलना जरूरी होता है। साथ ही ब%चें सबसे पहले अपने माता-पिता का विश्वास जीतने का प्रयास करें, क्योंकि जब कोई बच्चा बड़ा होने लगता है, तो माता-पिता को चिंता होने लगती है।

### साइबर अपराध से सतर्क रहें, सोशल मीडिया पर रखें संयम

श्री ठाकरे ने बताया कि हर बच्चे का संघर्ष अलग हो सकता है, किसी का संघर्ष किसान के बेटे के रूप में होता है, किसी का मजदूर, व्यापारी, शिक्षक या सरकारी सेवक के परिवार में। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि साधन नहीं हैं। उन्होंने बच्चों को बताया कि उन्होंने खुद आकाशवाणी जैसे मुफ्त साधनों से सीखा, पुरानी रद्दी से अखबार लाकर पढ़ा, तीन किलो रद्दी दस रूपये में खरीदकर ज्ञान अर्जित किया है इसलिए आप लोग भी छोटे-छोटे संसाधनों को नजर अंदाज ना करें और अपने कौशल को लगातार निखारते रहें एवं सीखने व सिखाने की आदत बनाये क्योंकि सिखाना ही असली सीखने की प्रक्रिया को मजबूत करता है। श्री ठाकरे ने बच्चों को डिजिटल दुनिया की सावधानियों से अवगत करवाते हुए कहा कि आज का युग तकनीक और इंटरनेट का है, जिसमें बच्चों और युवाओं को बहुत संभलकर चलने की जरूरत है और उन्होने बताया कि सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से कैसे खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि कई बार बच्चें अनजाने में अपने मोबाइल नंबर, फोटो या लोकेशन जैसी सूचनाएं सार्वजनिक कर देते हैं, जिसका दुरूपयोग अपराधी मानसिकता वाले लोग कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, ओटीपी किसी से साझा न करें और मोबाइल या इंटरनेट का प्रयोग जिम्मेदारी से करें। श्री ठाकरे ने बताया कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है और इसका सबसे बड़ा निशाना आज की युवा पीढ़ी बन रही है इसलिए टेक्नोलॉजी का उपयोग करें, लेकिन उसकी लत से बचें और सजगता को ही अपनी पहली रक्षा माने। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ओपी बिसेन चेयरमैन, शरद धानेश्वर सचिव औल्याकन्हार फिजिकल क्लब, ट्रेनर राधिका नायक, महेंद्र चौहान, अंकित भारद्वाज, भुमेश्वरर कटरे, उमेन्द्र चावले, गनीराम हरिद्वाज, तारकेश्वर नागेश्वर, कमल मेश्राम, सुनील बिसेन, नागेन्द्र चौधरी, मिनाक्षी यादव, निकिता यादव, आशा कार्यकर्ता श्रीमती समिता बनवाले सहित ग्रामीणजन व बच्चें उपस्थित रहे।

# तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश, किसान फसल को लेकर चिंतित

## उमस भरी गर्मी से मिली राहत, ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में रही बिजली गुल, लोग हुए परेशान

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में तेज धूप व उमस भरी गर्मी लगने से लोग हलाकान हो रहे है और इस भीषण गर्मी से बचने के लिए कुलर-पंखा, एसी सहित अन्य संसाधन का उपयोग कर रहे है। लेकिन गर्मी से राहत नही मिल रही है। वहीं शनिवार की रात 9 बजे के बाद अचानक मौसम परिवर्तन होने के साथ ही तेज आंधी-तूफान व बादल गर्जना के साथ करीब आंधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई है। साथ ही शनिवार की रात में हुई बारिश एवं रविवार को दोपहर बाद बदलीनुमा मौसम बन जाने के बाद से लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली है। किन्तु शनिवार की रात में तेज आंधी-तूफान चलने के कारण नगर मुख्यालय के कुछ क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों के कई ग्रामों में रातभर बिजली गुल रहने से ग्रामीणजनों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। जिससे उन्हे खासा परेशानियों का सामना करना और बिजली गुल रहने से कुलर, पंखे नही चलने के कारण सबसे अधिक परेशानी ब%चों को हुई है। वहीं शनिवार की रात में तेज आंधी-तूफान, बादल गर्जना एवं बारिश होने से वैवाहिक कार्यक्रम में भी व्यवधान उत्पन्न हुआ है।





जिससे जिस परिवार में वैवाहिक कार्यक्रम था एवं रिस्तेदार जो आने वाले थे सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही जिन किसानों ने रबी सीजन में धान की फसल लगाये है जिनकी फसल पककर तैयार हो चुकी है और फसल की कटाई कर दिये थे। बारिश होने से कड़पे भी गीले हो चुके है और तेज बारिश होने पर उनकी फसल खराब हो सकती है। जिसको लेकर किसान चिंतित नजर आ रहे है। लेकिन जिन किसानों के खेतों में लगी धान की फसल सिंचाई के अभाव में प्रभावित हो रही थी उनके लिए शनिवार की रात में आंधे घंटे तक हुई तेज बारिश ने संजीवनी का काम किया है। वहीं जिन किसानों ने रबी सीजन में धान की फसल नही लगाये है ऐसे किसान खरीफ फसल की तैयारी हेतु तेज बारिश होने की इंतजार कर रहे है ताकि बारिश होने के बाद वे खरीफ फसल की तैयारी हेतु खेत के कार्य में जुट सके।

### तेज बारिश होने पर पकी धान की फसल को हो सकता है नुकसान

शनिवार को सुबह के बाद से आसमान से आग की तरह धूप की थपेड़ों, चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी से सभी परेशान थे। वहीं इस चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए कुलर, पंखे की ठंडी हवा व मौसम ढकने यानि बदलीनुमा मौसम होने का आम्जन इंतेजार करते नजर आ रहे थे परन्तु दिनभर इस तेज धूप व उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान होते रहे। जिसके बाद रात 9 बजे के बाद अचानक मौसम परिवर्तन होने के साथ ही तेज आंधी-तुफान व बादल गर्जना के साथ हुई आधे घंटे की बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं क्षेत्रीय किसानों के द्वारा रबी की धान की फसल लगाई गई है और वर्तमान समय में किसानों की फसल की कटाई होने के बाद चुराई का कार्य जारी है। लेकिन शनिवार की रात में हुई बारिश से जिन किसानों की फसल पक चुकी है एवं कटाई कर चुके है। अगर तेज बारिश व तेज आंधी-तूफान चलने से उनकी फसल गीली होने के साथ ही धान तेज होने पर झड़ सकती है। जिससे उन्हे काफी नुकसान हो सकता है, जिसको लेकर किसान चिंतित नजर आ रहे है। वहीं मौसम परिवर्तन होने के बाद किसान पकी हुई फसल जिसे काट चुके है उन्हे सुरक्षित करने एवं चुरने का कार्य युध्द स्तर पर कर रहे है ताकि समय रहते फसल को सुरक्षित कर सके।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से मोटर साइकिल चालक वीरेंद्र मोरकुरे की मौत

## पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच की प्रारंभ







वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरझड़ में वारासिवनी लालबर्रा मुख्य मार्ग स्थित राजा भोज कृषि महाविद्यालय के सामने तेज रफ्तार बस से मोटर साइकिल चालक ४० वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब वीरेंद्र मोरकुरे अपने ससुराल में आयोजित रिसेप्शन कार्यक्रम से वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान यात्री वाहन बस की टक्कर से गंभीर चोटे आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के द्वारा मौके से शव को बरामद कर सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाकर सुरक्षित रख दिया गया। वहीं यात्री वाहन को जप्त कर थाने में खड़ा कर दिया गया है। मामले में पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

### बस चालक बस लेकर हो रहा था फरार ग्रामीणों ने रोका

प्राप्त जानकारी के अनुसार लालपुर निवासी स्वर्गीय रामप्रसाद मोरकुरे के दो पुत्र है दोनों का विवाह हो गया है और वह अपने गृहस्थी जीवन संभाल रहे है। जिसमें वीरेंद्र पिता स्व. रामप्रसाद मोरकुरे उम्र ४० वर्ष लालपुर निवासी के दो बच्चे हैं वह लालपुर में अपने परिवार के साथ रहता था। जिसके ससुराल में विवाह कार्यक्रम आयोजित था जहां प्रतिदिन आना जाना चल रहा था।ऐसे ही वह शनिवार की शाम को अपनी ससुराल नयाटोला रिसेप्शन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अकेला गया हुआ था। जहां से रात्रि करीब १० बजे वीरेंद्र मोरकुरे अपनी मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लालपुर आ रहा था। इस दौरान नंदन बस क्रमांक एमपी २२ पी ५१०१ वारासिवनी से इंदौर बस लालबर्रा की ओर जा रही थी। तभी अचानक ग्राम पंचायत मुरझड़ में शासकीय राजा भोज कृषि महाविद्यालय के पास में वारासिवनी लालबर्रा मार्ग पर तेज रफ्तार बस और मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई।जिसमें मौके पर ही वीरेंद्र मोरकुरे की दर्दनाक मौत हो गई यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटर साइकिल के परखच्चे उड़ गए।वहीं बस के सामने बंपर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जहां मौके पर जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आए तो देखे की बस चालक के द्वारा किसी को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। वहीं मौके से बस चालक बस लेकर फरार हो गया। जिसे ग्रामीणों के द्वारा नेवरगांव चौक पर रोका गया वहीं घटना की जानकारी तत्काल वारासिवनी पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस प्रशासन के द्वारा उपस्थित होकर घटना की जानकारी ली गई। वहीं तत्काल शव को शासकीय सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाकर सुरक्षित फ्रीजर में रखवा दिया गया। वहीं बस को थाने में लाकर खड़ा करवा दिया गया जिसमें अगले दिन यानी रविवार को सहायक उपनिरीक्षक धनेश वल्के के द्वारा सिविल अस्पताल में पहुंचकर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही की गई। जिसके बाद अस्पताल परिसर में स्थित शव विच्छेदन गृह में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। मामले में पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### यात्री वाहन को तूफान बना रहे चालक

नगर सहित क्षेत्र होते हुए या जिला मुख्यालय से करीब दर्जनों यात्री वाहन महानगरों के लिए संचालित किए जाते हैं। इस दौरान वारासिवनी अंतर्गत मुख्य मार्गो से दौड़ रहे यात्री वाहन महानगरों की तरफजल्द पहुंचाने और समय बचाने के लिए तेज रफ्तार से गुजरते हैं। जहां पर यात्री वाहनों को तूफान के रूप में भगाया जाता है यही कारण रहा है कि कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं या उनकी चपेट में आने से लोगों की मौत होती है। जिसको लेकर नगर सहित अन्य क्षेत्र वासियों के द्वारा अनेकों बार सड़कों पर प्रदर्शन कर वाहनों की तेज गति पर अंकुश लगाने की मांग की जाती रही है। परंतु इस पर आरटीओ विभाग के द्वारा आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है केवल बीच बीच में गंभीर दुर्घटना होने पर खाना पूर्ति के तहत जांच की जाती है। किंतु वाहनों की तेज गति निश्चित नहीं की गई है जिसको लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

### मृतक अपने ससुराल से लालपुर आ रहा था- गोसनलाल राणा

लालपुर के पूर्व सरपंच गोसनलाल राणा ने बताया कि यह जो बालक है जिसकी मौत हुई है उसको आज तक हमने कभी ४० की गति के ऊपर मोटरसाइकिल चलाते हुए नहीं देखे हैं। ससुराल से अपने गांव लालपुर आ रहा था इस दौरान बस वाले ने टक्कर मारी और इसमें बस वाले की कोई गलती नहीं है तो वह मौके से भागा क्यों। मौके पर ग्रामीणों का आक्रोश देखने को मिला था जिन्होंने नेवरगांव में बस को पकड़ा। हम चाहते हैं की शासन यह जो रोड़ पर दौड़ रही बस हैं उनकी रफ्तार में निर्धारित्त करें। इस मार्ग पर रात दिन नंदन बस चलती है हमें पता चला था कि दो.तीन दिन पहले भी एक हादसा हुआ है यह लड़का बहुत ईमानदार था।

### बस चालक ने मृतक को टक्कर मारकर किया घायल जिससे मौत हो गई-देवेंद चौधरी

देवेंद्र चौधरी ने बताया कि वीरेंद्र मोरकुरे हमारा बचपन का मित्र है यह अपने ससुराल नयाटोला गया हुआ था। जहां पर रिसेप्शन कार्यक्रम में वह शामिल हुआ था वहां से वह वापस आ रहा था। इस दौरान मुरझड़ में नंदन बस तेज रफ्तार से आ रही थी। जिसने हमारे भाई को टक्कर मारकर गंभीर घायल कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। यह घटना रात करीब १० बजे मुरझड़ के कृषि महाविद्यालय के सामने की है पुलिस मौके पर पहुंची थी जिसे फोन के माध्यम से परिजनों और हमको जानकारी दी। यह बड़ी बस महानगरों में जाती है और समय बचाने के लिए यह भयंकर स्पीड से भागते हैं। यह सड़कों पर दौड़कर व्यापार कर रहे हैं ठीक है पर उनकी रफ्तार पर अंकुश लगना चाहिए। आज किसी परिवार का चिराग चल गया इसके छोटे छोटे बच्चे हैं बस मालिकों को भी इस पर ध्यान देना चाहिए।

### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि शनिवार रात में एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी जिस पर कृषि महाविद्यालय के पास पहुंचे तो नंदन बस ने एक मोटर साइकिल चालक को टक्कर मारी थी। जिसमें मोटरसाइकिल चालक वीरेंद्र मोरकुरे की मौत हो गई थी रात्रि में शव को सिविल अस्पताल में रखा गया था। मामले में आवश्यक कार्यवाही कर शव परिजनों को दे दिया गया है मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। बस थाने में खड़ी करवा दी गई है।

**धनेश वल्के**
**सहायक उपनिरीक्षक थाना वारासिवनी**

# गांजे की तस्करी में ज्ञानी बुधरानी गिरफ्तार ,पीयूष बसंतवानी फरार

## न्यायलय ने आरोपी को भेजा जेल, विवेचना जारी

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम नेवरगांव टोल नाके के पास में पुलिस के द्वारा मादक पदार्थ गांजे की तस्करी कर रहे ज्ञानी पिता रमेश बुधरानी उम्र ४० वर्ष निवासी वार्ड ६ लालबर्रा रोड़ वारासिवनी हाल निवासी वार्ड २ सम्राट नगर वारासिवनी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं उसका साथी पियूष बसंतवानी मौके से फरार हो गया। मामले में पुलिस के द्वारा गिरफ्तार आरोपी के पास से २.०२ किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद कर मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। वहीं आरोपी ज्ञानी बुधरानी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया है। तो वहीं फरार पियूष बसंतवानी की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं घटना में प्रयुक्त प्लेटिना मोटर साईकिल जप्त किया है।



### दो युवक कर रहे थे मोटर साईकिल से मादक पदार्थ गांजे की तस्करी

पुलिस के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार की रात गस्ती की जा रही थी इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि प्लेटिना मोटर साईकिल से अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी की जा रही है। जिस पर पुलिस के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक बालाघाट नगेंद्र सिंह को दी गई। जिसके द्वारा अवैध मादक पदार्थो का व्यापार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाहियां करने के निर्देश के तहत अति पुलिस अधीक्षक बालाघाट विजय डावर एवं एसडीओपी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हेमंत नायक की टीम के द्वारा विभिन्न मार्गो मे नाकाबंदी की गई। रात्रि के वक्त वारासिवनी लालबर्रा मार्ग पर नाका के पास वारासिवनी तरफ से पुलिस टीम के द्वारा एक संदिग्ध काले रंग की बजाज प्लेटिना मोटर साईकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोका गया। जिनसे पूछताछ की गई तो मोटर साईकिल चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम ज्ञानी पिता रमेश बुधरानी एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने पीयूष बसंतवानी बताया गया। पुलिस ने गाड़ी से नीले रंग के थैले की जांच की तो उसमे करीब २.०२ किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे मिला जहां अंधेरे का फायदा उठाकर पियूष बसंतवानी फरार हो गया। वहीं ज्ञानी पिता रमेश बुधरानी उम्र ४० वर्ष निवासी वार्ड ६ लालबर्रा रोड़ वारासिवनी हाल निवासी वार्ड २ सम्राट नगर वारासिवनी को राउंडअप किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक २२३/२०२५ धारा ८/२० एनडीपीएस एक्टए ३,५ बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। वहीं कार्यवाही कर कब्जे से २.०२ कि.ग्रा. अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन ३५ हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक बजाज कंपनी प्लेटिना मोटर साईकिल वाहन जप्त कर मौके पर विधिवत गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद से आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा के स्रोत के संबंध में पूछताछ की गयी। इसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जिसे न्यायालय ने जेल भेज दिया। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर फरार आरोपी पीयूष बसंतवानी की तलाश की जा रही है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त करने एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी हेमंत नायक ,उपनिरीक्षक पवन यादव ,धर्मराज बघेल ,सहायक उपनिरीक्षक तरूण सोनेकर ,महल सिंह धुर्वे ,राजेश सनोड़िया ,प्रधान आरक्षक शाहिद परवेज खान, आरक्षक कल्याण सिंह भदौरिया ,वसीम खान, विकाश चौड़े ,शिवदत्त शर्मा ,हेमंत बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

# विधायक विवेक पटेल ने प्रतिभावान विद्यार्थियों व प्राचार्यो का किया सम्मान

## ५०० से अधिक विद्यार्थियों को किया सम्मानित





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा वर्ष २०२४-२५ में आयोजित कक्षा १० वीं और कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में वारासिवनी खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली निजी शासकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों में से ८५ प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए विधायक विवेक पटेल के द्वारा स्थानीय जनसम्पर्क कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन में विधानसभा क्षेत्र के ५०० से अधिक विद्यार्थियों को शील्ड ट्रॉफी,बैग व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### विधायक पटेल ने की थीं एक अभूतपूर्व पहल की शुरुआत

विधायक विवेक पटेल ने पहली बार पिछले वर्ष लगभग ३०० से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया था। इस प्रकार इस वर्ष भी उनके द्वारा कक्षा १० वीं और कक्षा १२ वीं में ८५ प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उनका उत्साह बढ़ाने में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों उनके पालकों व उसमें शामिल होने वाले नागरिकों ने इसे एक अभूतपूर्व पहल बताते हुए कहा कि ऐसा कार्यक्रम इसके पहले कभी किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं किया और ना ही किसी सामाजिक संस्था के द्वारा किए गए। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और वह आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित हुए है।

### विद्यार्थियों के हौसला अफजाई के लिए आयोजित किया सम्मान समारोह-विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा आयोजित कक्षा १० वीं और कक्षा १२ वीं की परीक्षा में वारासिवनी खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न निजी व शासकीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व सफलता हासिल कर विधानसभा का नाम रोशन किया है। इसे देखने के बाद हमारे मन में विचार आए कि क्यों ना इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई किया जाए। जिससे भविष्य में ये बच्चे और अच्छे से पढ़ाई कर विधानसभा क्षेत्र का नाम प्रदेश ही नही पुरे देश में भी रौशन करें।

### विषय का चयन कर लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें

विधायक पटेल ने कहा कि जो विद्यार्थी कक्षा दसवीं से ११वीं और जो १२ वीं से कॉलेज में जा रहे है। वह सभी विद्यार्थी अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें जिससे उन्हें पढ़ाई के समय किसी भी प्रकार के बोझ का अनुभव ना हो और वह पूरे मन से अपनी पढ़ाई कर सके। आज बायो इंजीनियर सहित अन्य सभी विषयों में अच्छे अवसर है लेकिन बिना लक्ष्य निर्धारित किए किसी भी विषय का चयन करने में सावधानी बरते और अच्छी पढ़ाई कर अपने माता पिता का नाम रोशन करें। विधायक पटेल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मेरी प्रारंभ से ही रुचि रही है जब मैं कॉलेज में पढ़ता था तब हमने परिवर्तन नामक संस्था बनाई थी। जिसका मैं अध्यक्ष था और उनके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया करते थे। आज उस समय के कई विद्यार्थी कलेक्टर,डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य बड़े.बड़े विभाग में कार्यरत है।

### ४५ हाई स्कुल व हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों व प्राचार्य हूए सम्मानित

सम्मान समारोह में वारासिवनी खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र के लगभग ४५ निजी व शासकीय हाई स्कुल व हायर सेकेंडरी स्कुल के विद्यार्थियों जिसमें लगभग ५०० विद्यार्थी उनके पालकगण,विद्यालय संचालक, प्रमुख प्राचार्य,शिक्षक.शिक्षिकाएं शामिल हुये। इस दौरान रामकिशोर बिसेन, जेशराज पारधी, शाहिद खान, जीतू राजपूत, अनिल पिपरेवार,सुदेश गुड्डु सोनी,राहुल अरोरा, कैलाश दुल्हानी,अनीश बैग, हरि क्षीरसागर,झामसिंह भगत, सुनील राणा, चिंटू जैन,पवन बिसेन,अनुराग बघेल,संदेश बिसेन, जगदीश बंसोड, अशोक लिल्हारे, प्रणय धार्मिक,राजा अली,महादेव ठाकरे, मनीष धुवारे सहित ग्रामीणजन मौजूद रहें ।

# दहेज के लोभियों पर अपराध दर्ज : दहेज की मांग कर विवाह के चार दिन पहले तोड़ा रिश्ता

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत दहेज में की गयी मांग की पूर्ति नही होने पर युवती से विवाह संबंध तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पीड़ित युवती के द्वारा थाने में गोंदिया निवासी सौरभ रोकड़े ,इंदुबाई रोकड़े ,जूही कैथवास के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले में सगाई के दो दिन बाद और विवाह के चार दिन पहले पीड़ित युवती से दहेज के लोभियों के द्वारा १० लाख रुपये, एक लाख रूपये के जेवरात एवं टू व्हीलर गाड़ी दहेज में देने की मांग की गई थी। जिसकी पूर्ति लड़की वाले नहीं कर पाने पर विवाह तोड़ दिया गया इस घटना से पीड़ित का परिवार काफी आहत है। मामले में पुलिस के द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है ।

### १० लाख रूपये और अन्य सामानों की कर रहे थे मांग

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित युवती वारासिवनी थाना क्षेत्र की रहने वाली है जो बीए फाइनल तक पढ़ी लिखी है। वह चार भाई की इकलौती बहन है जिसके दो भाई की शादी हो चुकी है। वह सबसे छोटी बहन है जिसका विवाह सौरभ रोकड़े निवासी गोंदिया के साथ जनवरी महीने में तय हुआ था। यह विवाह उनके रिश्तेदार जितेंद्र खोबरागड़े के द्वारा जोड़ा गया था जिसके बाद लड़की का परिवार अपनी यथाशक्ति अनुसार विवाह की तैयारी करने में जुटा हुआ था। जिनके विवाह की तारीख १४ मई २०२५ निर्धारित की गई थी जिस पर सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार विवाह कार्यक्रम होना था। जिसमें लड़के वालों के द्वारा लगातार सगाई कार्यक्रम को लेकर मांग की जा रही थी ।वहीं लड़की पक्ष के द्वारा शादी के समय ही सगाई करने की बात कही जा रही थी। परंतु काफी चर्चा के बाद विवाह कायक्रम के ६ दिन पहले ८ मई को सगाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गोंदिया निवासी सौरभ रोकड़े के साथ युवती की धूमधाम से सगाई की गई। अब १४ मई को युवती और सौरभ रोकड़े परिणय सूत्र में बंधने वाले थे। इसके पहले १० मई को सौरभ रोकड़े की मां इंदु बाई रोकड़े ने अपने मोबाइल से लड़की के मोबाइल पर फोन करके बताया कि मेरे लड़के सौरभ को दहेज में १० लाख रुपये ,एक लाख रूपये के जेवर एवं एक टू व्हीलर गाड़ी चाहिए। तभी मेरा लड़का शादी करेगा अन्यथा हम यह शादी तोड़ देंगे। इस दौरान लड़के की बहन जूही कैथवास के द्वारा मोबाइल पर बोला गया कि मेरा भाई बिना दहेज के शादी नहीं करेगा और यह बात सौरव रोकड़े ने भी बोला। इस प्रकार होने वाली सांस ,नंद और पति के द्वारा दहेज की मांग की गई यह जानकारी युवती के द्वारा अपने परिवार में बताई गई। तो उसकी मां और भाई सहित परिवार ने मामले में जानकारी मध्यस्थता कर रहे जितेंद्र खोबरागड़े को दिए और सभी ने मिलकर लड़के और उसके परिवार को समझाया। किंतु सौरभ रोकड़े ,उसकी मां इंदु बाई रोकड़े और सौरभ की बहन जूही कैथवास ने दहेज की मांग पूरी नही होने पर शादी तोड़ दी। जिससे परिवार को काफी गहरा आघात लगा जिसमें पीड़ित युवती के द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में उपस्थित होकर उक्त दहेज के लोभियों पर विवाह के लिए दहेज की मांग की पूर्ति नही होने पर विवाह संबंध तोड़ने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामले में पीड़ित युवती की रिपोर्ट पर गोंदिया निवासी तीनों आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम १९६१की धारा ३,४ भारतीय न्याय संहिता २०२३ की धारा ३/५ के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है जिसको लेकर जांच की जा रही है। विवेचना पूर्ण होते ही न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत कर दिया जाएगा। न्यायालय के निर्देश अनुसार ७ वर्ष से कम सजा का प्रकरण होने से गिरफ्तारी नहीं की गयी है मामले में विवेचना जारी है।

**धनेश वल्के**
**सहायक उपनिरीक्षक थाना वारासिवनी**

# सोशल मीडिया पर देह की नुमाइश-सशक्तिकरण या आत्मसम्मान का संकट?

सोशल मीडिया पर नारी देह का बढ़ता प्रदर्शन क्या वाकई सशक्तिकरण है या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़? क्या हम सच्ची आज़ादी की ओर बढ़ रहे हैं या एक डिजिटल पिंजरे में कैद हो रहे हैं? क्या आत्मसम्मान की जगह केवल देह की नुमाइश रह गई है? क्या महिलाओं की पहचान अब सिर्फ उनके शरीर के आकार तक सिमट गई है? यह सवाल आज की डिजिटल पीढ़ी के सामने एक बड़ी चुनौती है, जो सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के असली मायने खोजने की मांग करता है। तो सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे?

क्या हो गया है आजकल औरतों को? सोशल मीडिया पर उठते कोलाहल में हर ओर एक ही स्वर गूंज रहा है ङ्क देह प्रदर्शन का। कहीं चटकते-फड़कते रील्स में, कहीं भड़कते-उलझते डांस मूव्स में, और कहीं ज़ूम इन होती नज़रों के बीच, बस एक ही प्रदर्शन अपनी चपल देह की अदा का। मानो देह ही पहचान बन गई हो। सच पूछो तो इस दौर में देह का कारोबार जितना खुलकर हो रहा है, उतना पहले कभी न हुआ था। सोशल मीडिया ने देह को एक प्रॉडक्ट बना दिया है, जिसे जितना ज्यादा दिखाओ, उतना ज्यादा लाइक्स, फॉलोअर्स और व्यूज़ बटोर लो। मानो आत्मसम्मान का कद अब कमेंट्स की लंबाई और लाइक्स की संख्या से मापा जाने लगा हो। वो जो कभी सभ्यता की पहचान थी, अब डिजिटल हाट बाजार में बिक रही है। जिस समाज में नारी का सम्मान उसकी आंखों की लज्जा, चेहरे की सौम्यता और आचरण की मर्यादा से आंका जाता था, वहां आज उसका अस्तित्व उसके चोली के घेरे और पिंडलियों की नुमाइश में सिमट कर रह गया है।

यह डिजिटल क्रांति का अजीब दौर है, जहां औरतें बोल्ड होने का झूठा अर्थ बदन दिखाने से जोड़ बैठी हैं। यह कैसी आज़ादी है, जहां अपनी पहचान की कीमत देह के टुकड़ों में चुकानी पड़े? औरतें खुद को जिस फेमिनिज्म की आड़ में उभार रही हैं, क्या वो असल में नारी शक्ति का उत्थान है, या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़? सोचिए, इस देह प्रदर्शन की होड़ में कितनी महिलाएं खुद को खो रही हैं? क्या यह वाकई सशक्तिकरण है या एक नया बंधन, जहां औरतें एक डिजिटल पिंजरे में फंसती जा रही हैं, अपनी असली पहचान को खोकर बस एक देह भर बनती जा रही हैं?

नारी स्वतंत्रता का अर्थ तो आत्मसम्मान, शिक्षा, और निर्णय लेने की स्वतंत्रता था, न कि केवल बदन दिखाने का अधिकार। ये तो वही हुआ जैसे किसी को सोने की चिड़िया बना दो और फिर पिंजरे में कैद कर दो। सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा? या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे? आज सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां कुछ महिलाएं खुद को साबित करने के लिए हर हद पार कर रही हैं। कपड़ों का छोटा होना और बोल्ड पोज़ देना ही अगर बोल्डनेस है, तो फिर आत्मविश्वास, शिक्षा, और स्वाभिमान का क्या? क्या यही है सशक्तिकरण का असली मतलब? क्या हमारा समाज वाकई इतना सतही हो गया है कि हम केवल बदन के आधार पर किसी की कीमत आंकने लगे हैं? सोचिए, आज जो महिलाएं देह प्रदर्शन को सशक्तिकरण मान रही हैं, क्या वो सच में खुद को सशक्त महसूस करती हैं? क्या उन्हें पता है कि वो केवल एक डिजिटल उत्पाद बनकर रह गई हैं, जिनका मूल्य केवल उनके शरीर के आकार और नृत्य कौशल से मापा जाता है? यह समस्या केवल महिलाओं की नहीं है, बल्कि उस पूरी डिजिटल संस्कृति की है, जिसने नारी शरीर को एक मनोरंजन सामग्री बना दिया है। वो शरीर जो कभी मातृत्व, प्रेम और करुणा का प्रतीक था, आज महज़ व्यूज़ और फॉलोअर्स की भूख का साधन बन गया है।

# खेल कूद और देश की प्रतिष्ठा जवानों के नाम

देश की प्रतिष्ठा जवानों के नाम है सबसे बड़ा खिलाड़ी देश के सैनिक हैं खेल कूद मानव जीवन के लिए एक वरदान है जो उसे स्वस्थ्य रखने के लिए उपहार स्वरूप मिली है खेल में भाग लेने से सबसे पहला लाभ स्वास्थ्य ही है क्योंकि खेल का मैदान वह स्थान है जो स्वास्थ्य पर एक स्थायी छाप छो?ता है यह शरीर का एक ऐसा ढ़ाचा तैयार करता है जो चुस्त फुर्तीला और बलिष्ठ होता है खेल शरीर को स्वस्थ और स्फूर्तिमय बनाये रखता है खेल कूद के दौरान शरीर के लगभग सभी अंगों का व्यायाम हो जाता है, शारीरिक व्यायाम को विभिन्न कारणों से किया जाता है जिसमें मांसपेशियों और हृदयतंत्री प्रणाली को सुदृढ़ बनाना, एथलीटिक कौशल को बढ़ाना, वजन घटाना या उसे बनाए रखना तथा मनोरंजन आदि शामिल हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम आवश्यक है। यदि किशोर शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं हैं तो उनके बीमार होने का जोखिम बहुत है।बार बार और नियमित रूप से किया गया व्यायाम प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है और हृदय रोग, हृदयतंत्री रोग टाइप टू का मधुमेह तथा मोटापे जैसी जीवन शैली से संबंधित बीमारियों की रोकथाम में सहायता करता है।

शरीर की मांसपेशिया सुदृढ़ बनती है और काया निरोगी रहती है एक प्राचीन कहावत है पहला सुख निरोगी काया सत्य ही है कि निरोग शरीर जीवन का सर्वश्रेष्ठ सुख है जब शरीर स्वस्थ्य होगा तो मनुष्य अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन और जीवन के सुखों का आनन्द उठा सकता है लेकिन आजीवन स्वास्थ्य सुखों का लाभ पाने के लिए शारीरिक क्षमताओं का विकास होना जरूरी होता है जो खेल के मैदान में सरलता से विकसित हो जाता है खेल का जीवन में समर्पण की भावना विकसित करने में मूल्यवान भूमिका होती है खेल के मैदान में खिलाड़ी निष्पक्षता, न्याय और हार दृ जीत दोनों को समान रूप से ग्रहण करता है अपने प्रतिद्वंदी के प्रति सहज भाव रखता है वह जानता है कि खेल में कभी जीत होती है, तो कभी हार होती है वह अपने प्रतिद्वंदी के बढ़िया खेल की खुलकर सराहना करता है, उसकी जीत पर मुक्त कंठ से बधाई देता है और द्वेष की भावना को पास तक नहीं भटकने देता उसके जीवन में ये सब गुण खेलों से ही तो आते है कहा जाता है कि जीवन में सफलता हासिल करनी हो तो अनुशासन रूपी कुंजी साथ में जरूर होनी चाहिए और जो खेल के मैदान में तेजी से फलता फूलता है अनुशासन जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है राष्ट्रीय और सामाजिक जीवन में अनुशासन के महत्व का पाठ खेलों के मैदान में सरलता से सीखा जा सकता है खेलों के द्वारा जीवन में पारस्परिक सम्मान के सद्गुण का विकास होता है खेलों के खिलाडियों से ये अपेक्षा की जाती है कि वे एक दूसरे खिलाडियों का सम्मान करे सम्मान पाने का उपाय भी यही है कि दूसरों का सम्मान करो खेलों में जब खिलाडी अपने साथी खिलाडी को सम्मान नहीं देते है तो उन्हें आदर्श खिलाड़ी नहीं कहा जाता इसलिए प्रत्येक श्रेष्ठ खिलाड़ी अपने साथी खिलाड़ियों का सम्मान करता है जिससे उनमें पारस्परिक सम्मान के गुणों का विकास होता है खेलों से 'टीम स्प्रिट' का विकास होता है 'टीम स्प्रिट' का मतलब हर उस खिलाड़ी से है जो अपने पृथक व्यक्तित्व को टीम के व्यक्तित्व में विलीन कर दे इसमें टीम का हर खिलाड़ी सम्पूर्ण टीम के लिए खेलता है केवल अपने लिए नहीं यह 'टीम स्प्रिट' की भावना जो वह खेलों के द्वारा अपने अंदर विकसित करता है तो यही उसके व्यावहारिक जीवन की समस्याओं का समाधान करने में अत्यधिक लाभदायक सिद्ध होता है खेलकूद में शारीरिक व्यायाम भी महत्वपूर्ण है शारीरिक व्यायाम एक ऐसी गतिविधि है जो शारीरिक निरोगता अथवा समग्र स्वास्थ्य को बढ़ाती है या बनाए रखती है। खेल देश की प्रगति के लिए भी बहुत जरूरी हैं जो ओलोंपिक में किसी खेल में ज्यादा मेडेल लाता है उसे दुनिया उतना ही अधिक शक्तिशाली मानती है महान क्रिकेटर श्री सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट में देश को वह गौरव प्रदान किया कि देश का सर्वोच्च



नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया आजकल क्रिकेट में भारत में आईपीएल लीग मैच चल रहा है और बाद में ऑपरेशन सिंदूर के बाद स्थगित किया गया,जब सारे चैनलों पर युद्ध की दर्दनाक कहानी सुनकर रातों की नींद हराम हो जाती है क्योंकि यह साफ हो गया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है, जिसमें कई पर्यटकों सहित 26 नागरिक मारे गए थे और आतंकवाद का सफाया कर दिया गया था। यह ऑपरेशन पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में हुआ, जहाँ सेना ने नौ आतंक से जुड़े स्थलों को नष्ट कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान ने अपनी वायु सेना को हाई अलर्ट पर रखा। जैश-ए-मोहम्मद (JeM) और लश्कर-ए-तैयबा (LeT) दो ऐसे समूह हैं जिन पर अक्सर भारत में आतंकी हमलों को प्रायोजित करने का आरोप लगाया जाता है।

7 मई, 2025 को, भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जो पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंक से जुड़े स्थलों को लक्षित करते हुए सटीक हवाई और मिसाइल हमलों की एक श्रृंखला है। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल25 को पहलगाम में धर्म के नाम पर आतंकी हमले का सीधा जवाब था, जहाँ जम्मू और कश्मीर में 25 भारतीयों और एक नेपाली पर्यटक सहित 26 नागरिक मारे गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े समूह द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी और भारत ने इसके लिए पाकिस्तान को समर्थन देने का आरोप लगाया है.

ऑपरेशन सिंदूर 7मई से चालु हुआ और पाकिस्तान में आतंकियों का सफाया हुआ और उनके आतंकियों अड्डे भी तबाह हुए हैं और पाकिस्तान के जबाबी कार्यवाही के बाद पाकिस्तान के सभी सैन्य हवाई अड्डे भी तबाह हुए हैं हर जगह तबाही का मंजर दिख रहा है जहाँ तक इस ऑपरेशन सिंदूर में वहाँ परमाणु सयन्त्र में विस्फोट से रेडिशन लीक का मामला है ऐ तो आईएईए की जांच से ही मालूम होगा इसलिए भारत किसी के बहकावे में नहीं आने वाला वह किसी भी देश को अपनी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शो पर चलने वाला देश है मानवता की रक्षा करना ही उसका उद्देश्य है अत: इसपर वो किसी को समर्थन नहीं कर रहा है , पूर्व प्रधान मंत्री स्व अटलजी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत बड़ा कदम 1998 में बिना किसी के डर के एक के बाद एक पांच परमाणु परीक्षण कर दिया और सारे देश दंग रह गए और इस अवसर पर 11मई को हर साल नेशनल टेक्नोलॉजी डे का ऐलान भी किया और जय जवान, जय किसान,के साथ जय विज्ञान का नारा भी दे दिया कुछ समय और सरकार चलती तो आज देश जरूर पुरी तरह देश के वैज्ञानिकों के बल पर आत्मनिर्भर हो जाता है उसके बाद 2004 के चुनाव में जब युपीए का शासन आया जब की बहुमत भी नहीं मिला लेकिन कम्युनिस्ट पार्टी के सपोर्ट से किसी तरह सरकार चलती रही व 26/11/2008 की आंतकवादी हमले ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई चंद पाकिस्तान के सपोर्ट से आंतकवादी हमले ने कई निर्दोष नागरिकों की बड़ी बेहरमी से हत्या कर दी और आश्चर्य तो तब हुआ जब पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री व भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह ने 2011 के भारत के साथ पाकिस्तान के खिलाफ मोहाली में सेमिफाइनल मैच का आनंद लेकर बिरयानी खा रहे थे ऐ देश के लिए बहुत ही शर्मिंदा जैसी घटनाएं हैं मैच भारत ने अवश्य जिता लेकिन मानवता हार गई क्योंकि आपने एक ऐसे देश के प्रधानमंत्री को मेहमाननवाजी की जिसके आंतकवादी संगठन ने देश को गुमराह किया उस समय पूर्व विदेश मंत्री स्व प्रणव मुखर्जी ने पाकिस्तान को इस हमले की कई डोसियस सौंपे थे आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने पुलवामा में सीआरपीएफ के गाड़ी के हमले के बाद उसके घर में ही मारा दो सर्जिकल स्ट्राइक ने उसकी निंव को हिला दिया और उसके बाद अब आतंकवादी अड्डे पर सीधा अटैक और उसका अंत,जब कंगाली पाकिस्तान से दब जाएंगे तो देश का क्या हाल होगा कारगील युद्ध में भी अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने उसे उतनी ऊंचाई से भी बहुत पिछे खदेर दिया व भारत के एक एक इंच जमीन के लिए कौरवों को हराकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की पुरी कोशिश है और आज मोदी सरकार के फैसलों ने तो अमेरिका भी हैरान हो गया और सीजफायर का ट्वीट राष्ट्रपति ट्रम्प के ट्वीट से आया लेकिन प्रधानमंत्री के सम्बोधन से ऐसा लगा कि अमेरिका खुद ही ट्रेड का नाम लेकर बाहवाही हेतु कुदा है शायद कोई भी देश कितना मजबूत ही कर्मों न हो भारत के उपर आंख उठाकर भी नहीं देख सकता क्योंकि सबको मालूम है कि अभी मोदी सरकार है जो देश की रक्षा के लिए कोई भी खतरनाक कदम उठा सकती है।

- किशन सनमुखदास भावनानी

# चिंतन सही हो

एक व्यक्ति ने अपने मित्र से साठ रूपए उधार लिए। कुछ दिनों बाद वह आया और बीस रूपए देकर बोला, सारे रूपए आ गए? मित्र ने कहा, साठ दिए थे और तुम बीस लौटा रहे हो, तो अभी चालीस रूपए बाकी रहेंगे। तीस और तीस साठ होते हैं। उसने कहा, नहीं, दस और दस साठ होते हैं। मैंने साठ रूपए लौटा दिए हैं। मित्र ने कहा, भोले आदमी! दस और दस बीस ही होते हैं। तीस और तीस साठ होते हैं। उसने कहा, मैं इस बात को नहीं मानता। मैं तो यही मानता हूं कि दस और दस साठ होते हैं। मेरी मान्यता मेरे पास और तुम्हारी मान्यता तुम्हारे पास।

ऐसे मानने वाले को विधाता भी नहीं समझा सकता। गणित का नियम -दस और दस बीस होते हैं। कोई व्यक्ति इस गणित के नियम को जानने की बात छोड़कर मानने की बात को ही पकड़ बैठता है तो उसका कोई इलाज नहीं है। हम मानने की बात को छोड़ दें और जानें। सदा जानने का प्रयत्न करें। सदा जानें। हम विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रयत्न करें। वे प्राप्त हों तो ठीक है, न हों तो कोई बात नहीं। पुरूषार्थ को सही दिशा में लगाएं। पुरूषार्थ निरंतर हमारा साथ दे। हम प्रयत्न को बंद न करें।

पुरूषार्थ को साथ लेकर चलें। मन और शरीर को विशेष आदेश दें। मन जो भटकता रहता है, अनेक प्रवृत्तियों में संलग्न रहता है, बहुत अधिक सक्रिय और गतिशील है, उस पर हम कुछ नियंत्रण करें। मन की सक्रियता को कम करें।

# गणि राजेन्द्र विजय: दांडी पकड़े गुजरात के उभरते हुए 'गांधी'

प्राचीन समय से लेकर आधुनिक समय तक अनेकों संत-मनीषियों, धर्मगुरुओं, ऋषियों ने भी अपने मूल्यवान अवदानों से भारत की आध्यात्मिक परम्परा को समृद्ध किया है, इन महापुरुषों ने धर्म के क्षेत्र में अनेक क्रांतिकारी स्वर बुलंद किए। ऐसे ही विलक्षण एवं अलौकिक संतों में एक नाम है गणि राजेन्द्र विजयजी। वे आदिवासी जनजाति के होकर भी जैन संत हैं, और जैन संत होकर भी आदिवासी जनजीवन के मसीहा संतपुरुष हैं। वे आदिवासी जनजीवन का एक उजाला है, जो पिछले पांच दशक से गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में उनके उन्नयन एवं उत्थान के लिये संघर्षरत हैं। 19 मई 2025 को गणिजी अपने जीवन के 51वें बसंत में प्रवेश कर रहे हैं।

डॉ. गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर विशेष जागरूक हैं, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय का निर्माण उनके प्रयत्नों से हुआ है, वहीं कन्या शिक्षा के लिये वे ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला का संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी किसानों को समृद्ध बनाने एवं उनके जीवन स्तर को उन्नत बनाने के लिये उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में सुखी परिवार ग्रामोद्योग को स्थापित किया है। इनदिनों वे आदिवासी क्षेत्र में मेडिकल विश्वविद्यालय बनाने की योजना पर कार्यरत है। वे अखिल भारतीय सनातन संत समाज के संगठन में आदिवासी क्षेत्र के संतत्व का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे आदिवासी अधिकारों के लिये व्यापक संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें संगठित कर रहे हैं, उनका आत्म-सम्मान जगा रहे हैं। गणि राजेन्द्र विजयजी द्वारा संचालित प्रोजेक्ट एवं सेवा कार्यों की मोटी सूची में मानवीय संवेदना की सौंधी-सौंधी महक फूट रही है। लोग गांवों से शहरों की ओर पलायन रहे हैं, लेकिन गणि राजेन्द्र विजयजी की प्रेरणा से कुछ जीवट वाले व्यक्तित्व शहरों से गांवों की ओर जा रहे हैं। मूल को पकड़ रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे-'भारत की आत्मा गांवों में बसती है।' शहरीकरण के इस युग में इन्सान भूल गया है कि वह मूलत: आया कहां से है? जिस दिन उसे पता चलता है कि वह कहां से आया है तो वह लक्ष्मी मित्तल बनकर भी लंदन से आकर, करोड़ों की गाड़ी में बैठकर अपने गाँव की कच्ची गलियों में शाँति महसूस करता है। स्कूल, हॉस्पीटल व रोजगार के केन्द्र स्थापित कर सुख का अनुभव करता है।

गणि राजेन्द्र विजयजी टेड़े-मेड़े, उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरते हुए, संकरी-पतली पगडंडियों पर चलकर सेवा भावना से भावित जब उन गरीब आदिवासी बस्तियों तक पहुंचते हैं तब उन्हें पता चलता है कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन जीने के मायने क्या-क्या हैं? कहीं भूख मिटाने के लिए दो जून की रोटी जुटाना सपना है, तो कहीं सर्दी, गर्मी और बरसात में सिर छुपाने के लिए झौपड़ी की जगह केवल नीली छतरी (आकाश) का घर उनका अपना है। कहीं दो औरतों के बीच बंटी हुई एक ही साड़ी से बारी-बारी तन ढ़क कर औरत अपनी लाज बचाती है तो कहीं बीमारी की हालत में इलाज न होने पर जिंदगी मौत की ओर सरकती जाती है। कहीं जवान विधवा के पास दो बच्चों के भरण-पोषण की जिम्मेदारी तो है पर कमाई का साधन न होने से जिल्लत की जिंदगी जीने को मजबूर होती है, तो कहीं सिर पर मर्द का साया होते हुए भी शराब व दुर्व्यसनों के शिकारी पति से बेवजह पीटी जाती हैं इसलिए परिवार के भरण-पोषण के लिए मजबूरन सरकार के कानून को नजरंदाज करते हुए बाल श्रमिकों की संख्या चोरी छिपे बढ़ती ही जा रही है। कहीं कंठों में प्यास है पर पीने के लिए पानी नहीं, कहीं उपजाऊ खेत है पर बोने के लिए बीज नहीं, कहीं बच्चों में शिक्षा पाने की ललक है पर माँ-बाप के पास फीस के पैसे नहीं, कहीं प्रतिभा है पर उसके पनपने के लिए प्लेटफॉर्म नहीं।

कैसी विडंबना है कि ऐसे आदिवासी गांवों में न सरकारी सहायता पहुंच पाती है न मानवीय संवेदना। अक्सर गांवों में बच्चे दुर्घटनाओं के शिकार होते ही रहते हैं पर उनका जीना और मरना राम भरोसे रहता है, पुकार किससे करें? माना कि हम किसी के भाग्य में आमूलचूल परिवर्तन ला सकें, यह संभव नहीं। पर हमारी भावनाओं में सेवा व सहयोग की नमी हो और करुणा का रस हो तो निश्चित ही कुछ परिवर्तन घटित हो सकता है। लेकिन अब आदिवासी जन-जीवन की तस्वीर बदल रही है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसके लिये अनेक योजनाओं को लेकर सक्रिय है। उनको गणि राजेन्द्र विजयजी जैसे परोपकारी एवं समाज-निर्माता संतों पर भरोसा है। तभी वे अक्सर सार्वजनिक मंचों एवं कार्यक्रमों में गणिजी को याद करते हैं। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए ऑनलाइन कांवट की आदिवासी महिलाओं से बात करते हुए गणि राजेन्द्र विजय को जिस स्नेह और आत्मीयता के साथ याद किया, वह दृश्य पूरे देश ने देखा और उनकी सेवाओं को महसूस किया। इसी तरह पूर्व लोकसभा चुनावी सभाओं में भी मोदी ने गणि राजेन्द्र विजयजी के द्वारा आदिवासी क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। मोदी द्वारा इस तरह से इस पुण्य पुरुष को याद करना हमें उनके गौरव और अस्तित्व का अहसास कराता है।

- सनत जैन

# विश्व में लिंग चयनात्मक गर्भपात के प्रचलन को जीरो टॉलरेंस पर लाना समय की मांग

वैश्विक स्तरपर एक ज़माना था जब लिंग भेद अपनी चरम सीमा पर था और दुनियां के अनेक देशों में लिंग चयनात्मक गर्भपात का प्रचलन तेजी से बढ़ा था जिसके कारण लिंग अनुपात में तेजी से डिफरेंस बढ़ता चला गया,इस बीच दुनियां की सरकारें जागी और अनेक ऐसे कार्यक्रम, कानून नियम विनियम,व्यवस्थाएं जन जागरण अभियान चलाए गए जिससे इस कुप्रथा पर नकेल कस्ती चली गई,जो कुछ हद तक इस प्रथा पर नियंत्रण रखनेमें सरकारें कामयाब रही,परंतु फिर भी लिंग भेद की यह प्रथा वैश्विक स्तरपर पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है बल्कि चालू है, पर नियंत्रण में है। इसी क्रम एक दौर भारत में भी एक था,1994 से पहले का जब लिंग चयनात्मक गर्भपात अति तेजी के साथ हुआ था और अधिकतम लोग इस तर्ज पर बेटियों का गर्भ नष्ट कर देते थे, जिसमें स्त्री पुरुष अनुपात में भारी डिफरेंस हो गया इसके पश्चात सरकारें जागी व लिंग चयन प्रतिरोध अधिनियम 1994 बनाया जो 1 जनवरी 1996 को प्रवेश पूर्व निदान तकनीकी (विनियमन व दुरुपयोग निवारण) अधिनियम 1994 लागू किया गया जिसमें 14 फरवरी 2003 को संशोधन कर अधिनियम का नाम गर्भधारण पूर्व और प्रवेश पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिरोध) अधिनियम 1994 रखा गया।बता दें मेरा मानना है कि इस अधिनियम को लाने में देर हो गई थी जिसका परिणाम हम आज हर समाज व धर्म में भुगत रहे हैं क्योंकि,आज 1990 की उम्र के अनेक लड़के अनेक समाजों में हमारे बैठे हैं उस अनुपात में लड़कियां नहीं मिल रही है, क्योंकि आज लड़की वाले एज डिफरेंस की स्थिति को भी देख रहे हैं, इसलिए जो हमने 80- 90 के दशक में स्पीड से लिंग चयनात्मक गर्भपात किए थे उसके परिणाम आज उस उम्र के अनुपात में लड़कियों के नहीं मिलने से हो रहा है, जो मैंने प्रत्यक्ष रूप से इसका सटीक उदाहरण अनेक समाजों में देखा हूं। इसलिए ही भारत में भी राष्ट्रीय बेटी दिवस भी मनाया जाता है।और 22 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस भी मनाया जाता हैं अब हंस्ती है बेटियां तो मोती झड़ते हैं,चलती है लहराके तो फूल खिलते हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,विश्व में लिंग चयनात्मक गर्भपात के प्रचलन को जीरो टॉलरेंस पर लाना समय की मांग है, व बेटे को प्राथमिकता देने की परंपराओं को समाप्त कर सभी लिंगों के लिए समान अधिकारों को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देना जरूरी है।

साथियों बात अगर करीब करीब अनेकों समाजों की करें तो जहाँ छोटी लड़कियों को अभी भी बोझ और लड़कों की तुलना में कम मूल्यवान माना जाता है।आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों के कारण बेटे को प्राथमिकता देना सदियों पुराना विचार है, फिर भी यह आज भी एक वास्तविकता है।भारत और चीन में लिंग-चयनात्मक गर्भपात का प्रचलन है,लेकिन इसे एशिया मध्य पूर्व, पूर्वी यूरोप और अन्य जगहों पर भी दर्ज किया गया है। इस उत्सव का उद्देश्य लड़कियों से जुड़े कलंक को पहचानना, बेटे को प्राथमिकता देने वाली परंपराओं को खत्म करना और सभी लिंगों के लिए समान अधिकारों को बढ़ावा देना है।डॉटर्स डे दुनियां भर में माता पिता और उनकी बेटियों के बीच अनोखे रिश्ते का सम्मान करने के लिए मनाया जाने वाला एक खास अवसर है।भारत में,परिवार और समाज में बेटियों के प्यार, सम्मान और महत्व को उजागर करता है।

साथियों बात अगर हम बेटियों के प्रति सहानुभूति पूर्वक और उत्साह से जनजागरण के 5 कारणों की करें तो (1) बेटियाँ परिवारों को पोषित करने और मजबूत भावनात्मक बंधन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेटियों की इस भूमिका का जश्न मनाने और परिवार इकाई में उनके योगदान को पहचानने का एक अवसर है। चाहे वह प्यार, देखभाल या जिम्मेदारी के माध्यम से हो,बेटियाँ एक विशेष ऊर्जा लाती हैं जो पारिवारिक जीवन को समृद्ध बनाती है।(2) इसका एक मुख्य उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है भारत में, सामाजिक मानदंडों ने अक्सर बेटों को बेटियों की तुलना में अधिक महत्त्व दिया है, जिससे महत्वपूर्ण लैंगिक असंतुलन पैदा होता है। यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि बेटियाँ भी उतनी ही मूल्यवान हैं और उन्हें बेटों के समान ही प्यार, शिक्षा और अवसर दिए जाने चाहिए। यह भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण से लड़ने में मदद करता है और लिंग के बावजूद बच्चों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करने के विचार को बढ़ावा देता है। (3) कई क्षेत्रों में, पारंपरिक रीति-रिवाजों और प्रथाओं ने बेटों को प्राथमिकता दी है, खासकर विरासत और पारिवारिक वंश के संदर्भ में। बेटियों का दिन लड़कियों के महत्व और एक संपूर्ण जीवन के उनके अधिकार पर ज़ोर देकर इन पुरानी मान्यताओं को चुनौती देता है। यह उत्सव परिवारों को अपनी बेटियों को उनके लक्ष्यों और सपनों को प्राप्त करने में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करता है, चाहे वे व्यक्तिगत हों या पेशेवर।(4) बेटियों के प्रति जन जागरण सशक्तिकरण के बारे में भी है। यह माता पिता और अभिभावकों को अपनी बेटियों को यह याद दिलाने का मौका देता है कि वे मजबूत हैं, सक्षम हैं और दुनिया द्वारा दिए जाने वाले हर अवसर की हकदार हैं। बेटियों का दिन मनाकर, माता-पिता अपनी बेटियों में आत्मविश्वास पैदा कर सकते हैं, उन्हें अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं और अपने लिए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। (5) माता-पिता और बेटी के बीच का रिश्ता अक्सर अपने गहरे भावनात्मक जुड़ाव के लिए संजोया जाता है। बेटियों के प्रति जन जागरण माता पिता को विचारशील इशारों, उपहारों या साथ में गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के माध्यम से इस बंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। चाहे वह एक साधारण दिल से की गई बातचीत हो, परिवार के साथ बाहर घूमना हो या कोई खास तोहफा हो, यह दिन बेटियों को यह दिखाने का सही अवसर प्रदान करता है कि वे परिवार के लिए कितना महत्त्वपूर्ण मायने रखती हैं।

साथियों बात अगर हम बेटियों के प्रति जन जागरण अभियान की करें तो, दुनियां के कुछ हिस्सों में, लड़के बच्चों को लड़कियों से ज्यादा महत्व दिया जाता है। यह जन जागरण अभियान लड़के और लड़की दोनों के लिए समान महत्व को बढ़ावा देता है।लड़कियों को शिक्षित किया जा सकता है और उन्हें समान अवसर दिए जाने चाहिए। अपनी बेटी का जश्न मनाएँ। अपनी बेटियों के साथ दिन बिताएँ। उन्हें आपको कुछ ऐसा सिखाने दें जो आप पहले से नहीं जानते। उनकी आकांक्षाओं को सुनें। चाहे उनकी उम्र कुछ भी हो, इस बात का इंतज़ार करें कि हमारी बेटियाँ हमको कहाँ ले जाएँगी। रोमांच हमारे सामने हैं। उत्सवों की तरह ही हमारी बेटियाँ भी कई तरह के व्यक्तित्वों वाली होती हैं। जहाँ एक साहसी और साहसी होती है, वहीं दूसरी हमें पल भर में मात दे देती है। वे तुरंत हमारा दिल जीत लेती हैं। हमारी सहज प्रवृत्ति हमें उनकी रक्षा करने के लिए कह सकती है। हालाँकि, वे भी उतनी ही दृढ़ता से हमारी रक्षा करेंगी। बेटियाँ दुनिया के किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह ही बढ़ने, सीखने और खोज करने की समान हकदार हैं।

साथियों बात अगर हम बेटियों के बदलते सकारात्मक परिपेक्ष का सटीक उदाहरण दिनांक 19 सितंबर 2024 को राजस्थान में देखने की करें तो, गांव में राजस्थान जल महोत्सव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इसमें मुख्य अथिति के तौर पर कलेक्टर टीना डाबी को आमंत्रित किया गया था, उनके स्वागत के लिए महिला सरपंच ने भाषण तैयार किया था। जब सरपंच नें स्टेज पर आई तो किसी आम राजस्थानी बहू की तरह अपना मुंह ढंके हुए थी। लेकिन घूंघट के पीछे से जब सरपंच ने फर्राटेदार अंग्रेजी बोलना शुरु किया, तो सब हैरान रह गए। घूंघट में आई सरपंच के अंग्रेजी भाषण को सुनकर टीना डाबी भी हैरान रह गईं। पूरी स्पीच के दौरान उनके चेहरे पर स्माइल देखने को मिली। इसके बाद उन्होंने ताली बजाकर सरपंच का हौसला बढ़ाया।अपनी स्पीच में महिला सरपंच ने जल के संरक्षण और महत्व के बारे में चर्चा की। सरपंच का ये भाषण सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बता दें, एक समय था जब राजस्थान में महिलाओं को सिर्फ घर का चूल्हा-चौका करने लायक समझा जाता था, जैसे ही बेटी को अक्षर ज्ञान हो जाता था, उसे घर पर बिठा दिया जाता था। अब राजस्थान के कई गांवों में महिला सरपंच बनाई गई हैं।कई गांवों में महिलाएं सरपंच तो बन जाती हैं लेकिन उनके पति ही सारे कामकाज देखते हैं। लेकिन कुछ सरपंच ऐसी भी हैं, जो अपनी काबिलियत से गांव का नक्शा बदल कर रख दे रही हैं। उनकी सूझबूझ और समझदारी की तारीफ गांव वाले ही नहीं, उनसे मिलने वाले अधिकारी भी करते हैं। ऐसी ही एक सरपंच से हाल ही में बाड़मेर की नई कलक्टर टीना डाबी की मुलाकात हुई।एक शिरकत करने टीना डाबी बाड़मेर के जालीपा गांव गई थी,वहां एक ऐसी घटना हुई, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।

-किशन सनमुखदास भावनानी

## सेंसेक्स की 9 बड़ी कंपनियों का मार्केट कैप 3.35 लाख करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की टॉप 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 9 के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल मिलाकर 3.35 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इस वृद्धि में सबसे बड़ा योगदान रिलायंस इंडस्ट्रीज का रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1.06 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 19.71 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह अब भी देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 46,306.99 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 10.36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस ने 43,688.4 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे उसका कुल मूल्यांकन 12.89 लाख करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का मूल्य 34,281.79 करोड़ रुपये बढ़कर 6.60 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की हैसियत 34,029.11 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 14.80 लाख करोड़ रुपये पर पहुंची। बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 32,730.72 करोड़ रुपये बढ़कर 5.69 लाख करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी को 15,142.09 करोड़ रुपये की बढ़त मिली, जिससे उसका मूल्यांकन 5.45 लाख करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 11,111.15 करोड़ रुपए बढ़कर 7.06 लाख करोड़ रुपये रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्य 11,054.83 करोड़ रुपये बढ़कर 5.59 लाख करोड़ रुपये हो गया। इन सभी के विपरीत भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 19,330.14 करोड़ रुपये घट गया और यह 10.34 लाख करोड़ रुपये रह गया।

## भारत-तुर्की रिश्तों के बीच कार्पोरेट टकराव, सेलबी का भारतीय कारोबार ठप

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में ग्लोबल भू-राजनीतिक तनाव के बीच, भारत और तुर्की के बीच बढ़ते टकराव ने अब कॉरपोरेट दुनिया को भी अपनी चपेट में ले लिया है. भारत सरकार ने तुर्की की सेलबी हेवा सर्विसी एएस की भारतीय सब्सिडियरी कंपनियों की सिक्योरिटी क्लीयरेंस अचानक रद्द कर दी है, जिसके कारण कंपनी का भारत में कारोबार ठप हो गया है। इस फैसले के परिणामस्वरूप सेलबी के हजारों भारतीय कर्मचारी सीधे प्रभावित हो गए हैं, जिन्हें दूसरे ग्राउंड हैंडलर्स में समायोजित किया जाने का आदेश दिया गया है, लेकिन मौजूदा हालात में यह प्रक्रिया आसान नहीं होने के चलते संभव नहीं लग रहा है। सेलबी के शेयर भी इस फैसले के बाद इस्तांबुल स्टॉक एक्सचेंज पर 20 फीसदी गिर गए हैं। कंपनी की भारतीय इकाइयों से वित्त वर्ष 24 में 1,522 करोड़ की रेवेन्यू और 393 करोड़ का ए?बिटा आया था, लेकिन इसपर अब बड़ा धक्का लग गया है। सेलबी ने भारत में लगभग 250 मिलियन का निवेश किया था, जिसे अब खतरे में देखा जा रहा है। सेलबी ने दिल्ली हाई कोर्ट में इस मुद्दे को उठाया है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि नेशनल सुरक्षा के संबंध में कोर्ट से राहत मिलना मुश्किल हो सकता है।

## सरकार 2027 तक पांच ग्रामीण बैंकों को शेयर बाजार में करेगी लिस्ट

**नई दिल्ली।** सरकार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को वित्तीय दृढ़ और प्रतिष्ठित संस्थाओं में बदलने का निर्णय लेने जा रही है। इस उद्देश्य के साथ, सरकार की योजना है कि आरआरबी को शेयर बाजार में लिस्ट किया जाए। इसका मुख्य उद्देश्य बैंकों को अधिक पारदर्शी और निवेशकों के लिए आकर्षक बनाना है। सरकार ने वन स्टेट वन आरआरबी नीति को लागू कर विभिन्न आरआरबी को एकीकृत कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप आरआरबी की संख्या 43 से 28 घटकर रह गई है। चौथे चरण के विलय के बाद, अब देश में 29 आरआरबी सक्रिय हैं जो ग्रामीण जनता को 22,000 से अधिक शाखाओं के माध्यम से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। सरकार की यह रणनीति ग्रामीण बैंकिंग को एक नई दिशा देने और उन्हें वित्तीय स्थिति में मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परन्तु, लिस्टिंग के लिए आरआरबी को कुछ शर्तें पूरी करनी होंगी, जिनमें नेटवर्थ, कैपिटल एडिक्वेसी रेशियो, और रिटर्न ऑन इक्विटी शामिल हैं। यह स्थिति निरिक्षण के बाद ही लिस्टिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। सरकार की इस पहल से यह उम्मीद है कि आरआरबी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सेवा प्रदान करने के साथ-साथ निवेशकों और जनता के लिए भी एक सत्यापित विकल्प बनेंगे।

## क्लिक भारत में ग्राहक आधार 1,000 को पार करने के लिए तैयार

ऑरलैंडो। कृत्रिम मेधा क्षेत्र के अग्रणी कंपनी क्लिक ने भारतीय बाजार में वृद्धि को लेकर आशान्वित होने का इजहार किया है। कंपनी के एक अ?धिकारी ने बताया कि क्लिक ने पिछले दो साल में अपने कारोबार को दोगुना किया है और ग्राहकों की संख्या अब 800 से भी ज्यादा हो गई है। उनके अनुसार इस साल कंपनी का ग्राहक आधार 1,000 को पार कर जाएगा। उन्होंने डेटा विश्लेषण और एआई रणनीति में भागीदारी के लिए कई छोटे और मझोले कारोबारों के साथ भविष्य की योजना की बात की। उन्होंने कहा कि क्लिक के भारतीय शाखा में मात्र एक्सपैंशन हुई है और कर्मचारी संख्या में भी वृद्धि हुई है। कंपनी ने पिछले 16 माह में भारत में कर्मचारियों की संख्या दोगुनी कर दी है और नियुक्तियों का कार्य जारी रहेगा। वे भारतीय बाजार में तेजी से आगे बढ़ने के संकेत का समर्थन करते हुए निवेश के साथ एक वीरपंथी किरदार बनाने का दावा कर रहे हैं।

## अटारी-वाघा सीमा पर फिर से शुरू हुआ कारोबार

अटारी। जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार पूरी तरह ठप हो गया था, लेकिन अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पुनः खुलने से व्यापारिक गतिविधियां फिर से चलने लगी हैं। इस सीमा के माध्यम से भारत और अफगानिस्तान के बीच होने वाला व्यापार फिर से गति पकड़ रहा है। पाकिस्तानी सीमा पर फंसे ट्रकों के विवाद के बाद अटारी-वाघा सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश की अनुमति दी गई। इसके बाद लगभग 50 ट्रक और भारतीय ट्रकों ने सीमा पार करके व्यापारिक गतिविधियों को फिर से जीवंत किया। भारत और अफगानिस्तान के बीच यह मार्ग सूखे मेवों और जड़ी-बूटियों के आयात के लिए महत्वपूर्ण है। इसके बंद हो जाने से व्यापारियों को बड़ा नुकसान हुआ था, लेकिन अब उन्हें राहत मिली है।

## आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। धन प्राप्ति के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होगी। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा और जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है और यदि बेवजह किसी बात को लेकर वाद-विवाद किया, तो इससे आपके आपसी रिश्तों में समस्याएं बढ़ेगी।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपका आत्मविश्वास मजबूत होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपको किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपको काम को लेकर चुनौतियां अधिक रहेगी, क्योंकि आपके बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आप अपने व्यवसाय को आगे ले जाने के लिए कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। जरूरी काम आपके समय से पूरे होंगे और आपको किसी बात को लेकर यदि मन में कोई संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें। आप अपने किसी दूर रह रहे परिजन से मेल मुलाकात करने जा सकते हैं। आप यदि व्यवसाय में कोई बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो किसी एक्सपर्ट की राय के बिना ना करें।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपको किसी तर्क-वितर्क में पड़ने से बचना होगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को मनपसंद काम मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। अपने करियर को संवारने के लिए आपको कोई बेहतर अवसर मिलेगा। प्राइवेट नौकरी में कार्यरत लोग बदलाव के बारे में सोच सकते हैं। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। पेट संबंधित समस्याओं को लेकर आप परेशान रहेंगे। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने खानपान पर नियंत्रण बनाने की आवश्यकता है। कुछ अजनबी लोगों पर भरोसा करना आपको फायदा देगा। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती हैं। आपको वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधान रहकर करना होगा।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया है, तो उसे आप पूरी लिखापढ़ी करके दें, क्योंकि आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। आप अपने व्यवसाय के कामों में कोई बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपकी सेहत में गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा। पारिवारिक मामलों को आप घर में रहकर ही निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होने से आप खुश रहेंगे और आप अपने शत्रुओं को आसानी से मात देने की कोशिश करेंगे।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको अकस्मात लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा। यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो आप उसे पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। परिवार में किसी मांगलिक उत्सव की तैयारी होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधानी बरतनी के लिए रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, जिससे पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। आपको कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। आपकी सुख- सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। भाई और बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोग अपने सहयोगियों से किसी जरूरी काम को लेकर सलाह ले, तो बहुत ही सावधानी बरतें, क्योंकि वह आपको कोई गलत सलाह दे सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में आपसी सामंजस्य की कमी के कारण लड़ाई झगड़े बढ़ सकते हैं। आपको पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में जीत मिलेगी।

## शब्दजाल - 7903

शब्द जाल में उत्तर प्रदेश के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | क | दो | यु | ला | प | ब | रे | ली | इ | क |
| ज | ल | ल | प | आ | रिं | पू | ना | दि | शा | ऊ |
| अं | इ | रा | म | सं | ग | ल | श | र | न | ल |
| क | कु | दा | म | धा | ब | रा | प | ख | श | र |
| क | ति | ब | न | पु | क | र | ल | ग | वी | इ |
| ब | स्ती | ल | लि | व | र | र्त | ऐ | ढ़ | प | ला |
| ती | अ | ल | श | या | प | म | ग | कौ | ला | ह |
| क | ली | अ | ब | त | क | म | प्प | न | श | बा |
| क | ज | थो | तें | व | ज | ज | द | श | जू | द |
| द | ढ़ | ल | प | आ | रं | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| थो | त | सा | बि | ज | नौ | र | जा | एं | प | क |

आगरा,अलीगढ़,इलाहबाद,आजमगढ़, बस्ती, बलिया, बलरामपुर, बरेली, बिजनौर, लखनऊ.

### शब्दजाल - 7902 का हल

## दैनिक पंचांग

19 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

सोमवार 2025 वर्ष का 139 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1946
मास ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) पक्ष कृष्ण
तिथि षष्ठी 06.12 बजे को समाप्त।
नक्षत्र श्रवण 19.30 बजे को समाप्त।
योग शुक्ल(शुक्र) 05.53 बजे तदनन्तर ब्रह्म 04.36 बजे प्रातः को समाप्त।
करण वणिज 06.12 बजे तदनन्तर विष्टि 18.07 बजे को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|
| सूर्य वृष में | वृष 05.02 बजे से | चन्द्रायु 21.2 घण्टे |
| चंद्र मकर में | मिथुन 07.04 बजे से | रवि क्रान्ति उत्तर 19° 47' |
| मंगल कर्क में | कर्क 09.18 बजे से | सूर्य उत्तरायन कलि अहर्गण 1872349 |
| बुध मेष में | सिंह 11.34 बजे से | जूलियन दिन 2460814.5 |
| गुरु मिथुन में | कन्या 13.46 बजे से | कलियुग संवत् 5125 |
| शुक्र मीन में | तुला 15.57 बजे से | कल्पारंभ संवत् 1972949123 |
| शनि मीन में | वृश्चिक 18.11 बजे से | सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123 |
| राहु मीन में | धनु 20.37 बजे से | वीरनिर्वाण संवत् 2551 |
| केतु कन्या में | मकर 22.32 बजे से | हिजरी सन् 1446 |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | कुंभ 00.19 बजे से | महीना जिल्कदा |
| | मीन 01.52 बजे से | तारीख 20 |
| | मेष 03.22 बजे से | |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः अखरोट का पेड़

फारस का बादशाह नौशेरवां अपनी न्यायप्रियता के लिए बहुत प्रसिद्ध था। वह उदार हृदय होने से बहुत बड़ा दानी भी था। एक दिन वह अपने मंत्रियों के साथ घूमने निकला। उसने देखा कि एक बगीचे में एक बहुत बूढ़ा माली अखरोट के पेड़ लगा रहा है। बादशाह उस बगीचे में गया। उसने माली से पूछा- तुम यहां माली हो या यह तुम्हारा ही बगीचा है? माली ने कहा- मैं नौकरी नहीं करता। यह बगीचा मेरे ही बाप-दादों का लगाया हुआ है। बादशाह ने कहा- तुम ये अखरोट के पेड़ लगा रहे हो। क्या तुम समझते हो कि इनका फल खाने के लिए तुम तब तक जीवित रहोगे? अखरोट का पेड़ लगाने के बीस बरस बाद फलता है, यह बात जगजाहिर है। बूढ़े माली ने बादशाह का बात सुनकर कहा- मैं अब तक दूसरे के लगाए पेड़ों के बहुत फल खा चुका हूं। इसलिए मुझे भी दूसरों के लिए पेड़ लगाने चाहिए। अपने फल खाने की आशा से ही पेड़ लगाना तो स्वार्थ है। बादशाह माली के उत्तर में बहुत प्रसन्न हुआ। उसने उसे पुरस्कार में दो सोने की अशर्फियां दीं।

## फिल्म वर्ग पहेली- 6847

**बायें से दायें:-**

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म-३
६. मिथुन, मधु, रेखा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म-३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म-४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका?-३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगी ये बरसातें' अभिनीत फिल्म-३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
२४. ऋषि, रीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म-२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबानो की फिल्म-२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म-२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म-२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म-३
३. 'ए जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म-३
४. सकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते हो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१०. नसीरुद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म-३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म-२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'उठते तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'भोर आई गया अंधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म-३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आशाएं खिले दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म-४
२३. अनिलकपूर, फराह की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, रायमासेन, शिल्पा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6846

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7156

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7155 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## शब्द पहेली - 8371

**बाएँ से दाएँ**

1. शमशीर, कृपाण-4
4. उपद्रवी, आतंकी-4
6. अनुबंध, संधि-3
8. धोखा, छल, मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी, जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफन किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

**ऊपर से नीचे**

1. झगड़ा, कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा, विशाल-3
4. अपनत्व, अपनापा-5
5. अनबन, झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात, सहसा-4
14. दृष्टि, निगाह-3
17. बेमिसाल, अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद, आशा-2

### शब्द पहेली -8370 का हल

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## कंपनियों के तिमाही परिणाम और वैश्विक संकेत तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई। बीते सप्ताह करीब चार प्रतिशत तक चढ़े भारतीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से कंपनियों के मार्च तिमाही के नतीजों, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों और वैश्विक संकेतों पर निर्भर करेगी। प्रमुख कंपनियों जैसे ओएनजीसी, हिंडाल्को, आईटीसी और पावर ग्रिड के परिणामों पर निवेशकों की नजर रहेगी। हाल ही में एफआईआई ने बाजार में भारी निवेश किया है, जिससे तेजी देखने को मिली है। वहीं, अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध में नरमी और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदें भी बाजार को सकारात्मक दिशा दे सकती हैं। इस सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार की दिशा कई प्रमुख कारकों पर निर्भर करेगी। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हैं कंपनियों के मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का निवेश व्यवहार और वैश्विक बाजारों का रुझान। विशेषज्ञों का मानना है कि इन तीनों




घटकों की गतिविधियों पर निवेशकों की पैनी नजर बनी रहेगी। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि भारत-पाक तनाव कम होने और अन्य प्रमुख भू-राजनीतिक जोखिमों के पीछे हटने से अब निवेशकों का ध्यान कंपनियों के तिमाही प्रदर्शन पर केंद्रित हो गया है। इसके साथ ही भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार समझौते की खबरें भी बाजार की धारणा को सहारा दे सकती हैं। देश के भीतर के घटनाक्रम के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर जारी आर्थिक संकेत और व्यापार समझौते से जुड़ी खबरें भी बाजार की चाल को प्रभावित करेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार भारत अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क में कटौती करने को तैयार है और दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता जल्द हो सकता है। इस सप्ताह पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी, सन फार्मा, आईटीसी, और जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी प्रमुख कंपनियां अपने नतीजे पेश करेंगी। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि जब तक कोई बड़ा वैश्विक या घरेलू समाचार नहीं आता, तब तक बाजार की चाल पूरी तरह इन कंपनियों के प्रदर्शन पर निर्भर रहेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि एफआईआई की खरीदारी में आई तेजी बाजार को मजबूत सहारा दे सकती है।

## आरबीआई जल्द जारी करेगा नए 20 रुपये के नोट

नई दिल्ली। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने घोषित किया है कि जल्द ही महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 20 नए नोट जारी किए जाएंगे। इन नोटों में गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन नए नोटों का डिज़ाइन पहले से चल रहे 20 रुपए के महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के नोटों के



सामान होगा। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि पहले जारी किए गए सभी 20 के नोट, चाहे वह किसी भी गवर्नर की हस्ताक्षर से हों, पूरी तरह से वैध और लेन-देन में इस्तेमाल करने योग्य रहेंगे। आरबीआई के नए गवर्नर के कार्यभार संभालने के बाद जारी किए जा रहे नोटों का उद्घाटन एक सामान्य प्रक्रिया है। इससे पुराने 20 के नोटों की वैधता या मूल्य पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आरबीआई द्वारा जारी सभी बैंक नोटों की वैधता उस समय तक बनी रहेगी, जब तक उन्हें आधिकारिक रूप से बंद नहीं किया जाता। देशवासियों को ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि पुराने 20 के नोट अपनी वैधता का संरक्षण करेंगे और इन्हें बिना किसी जाँच-परख या चिंता के इस्तेमाल किया जा सकता है। रिज़र्व बैंक द्वारा जारी सभी नोटों का व्यापक उपयोग देशभर में होगा, जब तक उन्हें वापस नहीं लिया जाता।

## भारत के कोयले का आयात 2024-25 में घटकर 26.35 करोड़ टन रहा

नई दिल्ली। भारत में कोयले का आयात वित्त वर्ष 2024-25 में 1.7 प्रतिशत घटकर 26.35 करोड़ टन रहा है। इसके सम्बंधित पिछले वित्त वर्ष, 2023-24, में देश कोयले का 26.82 करोड़ टन आयात करता था। इस वर्ष गैर-कोकिंग कोयले का आयात 16.71 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की 17.59 करोड़ टन से कम है। कोकिंग कोयले का आयात 5.40 करोड़




टन है जो पिछले वर्ष की 5.72 करोड़ टन से कम है। एक ई-कॉमर्स मंच द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार मार्च में कोयले का आयात 2.27 करोड़ टन रहा जो पिछले वर्ष की 2.39 करोड़ टन की मुकाबला है। मार्च में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.48 करोड़ टन है जो 2023-24 के समान महीने की 1.53 करोड़ टन का है। मार्च में कोकिंग कोयले का आयात 44.1 लाख टन है जो 2023-24 के समान महीने की 53.4 लाख टन से कम है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल कोयले उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है। अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में कोयले उत्पादन 104.75 करोड़ टन है, जो 2023-24 में 99.78 करोड़ टन का था। इस तरह वित्त वर्ष के दौरान कोयले का उत्पादन 4.99 प्रतिशत बढ़ गया है।

# कृषि विभाग द्वारा कृषि केन्द्रों की जांच कर बीजों का लिया जा रहा सेम्पल







लांजी (पद्मेश न्यूज)। जिला कलेक्टर बालाघाट एवं उपसंचालक कृषि के निर्देशन में तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी के मार्गदर्शन कृषकों को अच्छी गुणवत्ता वाला बीज मिल सके इस हेतु कृषि विभाग द्वारा सतत् निरीक्षण कर जांच की जा रही है। इसी के तहत 18 मई को सुबह बालाघाट रोड़ पर धान बीज से भरा ट्रक आने की सूचना मिलते ही बीज निरीक्षक कुलदीप गणवीर द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की गई। इस दौरान पाया कि धान बीज वेदा सीड्स कंपनी करीमनगर तेलगाना का बीज वाहन क्रमांक - सीजी 08- ए डब्लु 2529 से किसान कृषि केन्द्र लांजी प्रो. गोविंद गरुडे के गोदाम में लाया गया था। जिसमें वेदा कंपनी के एमटीवी -7029 - 40 क्विंटल धान,वेदा- 10 गोल्ड -15.20 क्विंटल, यमुना गोल्ड- 40 क्विंटल एवं एमटीवी -1010 - 225 क्विंटल पाया गया। सभी बीजों के जांच के लिए नमूने लिए गए।किसान कृषि केन्द्र लांजी के संचालक से बिल, लाइसेंस एवं पीसी व दस्तावेज की जांच की गई। इसके उपरांत यूनिवर्सल कृषि केन्द्र लांजी के प्रो. नरेश आसटकर की दुकान से अंकुर सीड्स कंपनी का धान का नमूना लिया गया। साथ ही सुपर सीड्स कंपनी का सुपर स्वर्णा किस्म का नमूना लिया गया। इसी प्रकार शक्ति कृषि केन्द्र लांजी प्रो. भुवन किशोर चोरनेले से धान के आशा एग्री साइंस सीड्स कंपनी के किस्म चार्मी वायपीवी -353 एवं लक्ष्मी लोकेट के 2 नमूने लिये गये एवं दोनों कृषि केन्द्रों के दस्तावेजो का निरीक्षण किया गया।

## लोकसेवकों की समस्याओं के निराकरण हेतु 19 से 24 तक विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग द्वारा प्राप्त निर्देशों के तहत जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट के निर्देशानुसार




शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे क्रमोन्नति, वेतनमान, सेवा अभिलेख अद्यतन, वेतनवृद्धि, पेंशन, लंबित स्वत्वों एवं शिकायतों के निराकरण हेतु विकासखंड से संभाग स्तर तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। लांजी विकासखंड में ये शिविर 19 मई 2025 से 24 मई 2025 तक सुबह 11 बजे से 5 बजे तक उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 19 मई को समस्त संकुल प्राचार्य एवं लिपिक विकास खण्ड लांजी, 20 मई को कन्या संकुल प्राचार्य एवं लिपिक, 21 मई को भानेगांव संकुल एवं उत्कृष्ट विद्यालय संकुल, 22 मई को टेमनी एवं कारंजा संकुल, 23 मई को बहेला एवं मनेरी संकुल तथा 24 मई को टेमनी एवं कुम्हारीकला संकुल के समस्त प्राचार्य एवं लिपिक उपस्थित रहेंगे। शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी संबंधित समस्याओं के दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक को शिविर स्थल पर संकुल प्राचार्य के अभिमत सहित नस्ती तैयार कर उपस्थित हों। विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यालयीन लिपिकों को भी शिविर में अनिवार्य उपस्थिति हेतु निर्देशित किया गया है। जिन समस्याओं का निराकरण विकासखंड स्तर पर संभव न हो, उनके लिए पृथक-पृथक नस्तियाँ तैयार कर 26 मई को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालाघाट में प्रस्तुत की जाएंगी। वहाँ से ऐसे मामलों को संभाग स्तर तक निराकरण हेतु अग्रेषित किया जाएगा। समस्त शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित तिथि को अपने दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित होकर इस समाधान शिविर का लाभ उठाएं।

## सरस्वती जनजाति संस्कार केंद्र के आचार्यों का सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में 11 मई से जारी महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास जबलपुर द्वारा वनांचल में संचालित सरस्वती जनजाति संस्कार केंद्र के आचार्यों का सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग जिला संयोजक विजय रामटेककर के मार्गदर्शन में 17 मई को शाम 7:00 बजे समापन किया गया। उक्त आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन योगेश रामटेक्कर के मुख्यातिथ्य में एवं टीडी.लिल्हारे की अध्यक्षता तथा मुख्य वक्ता वीरेंद्र जी ठाकुर के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीमती कलावती लिल्हारे, सेना के सेवा निवृत्त सैनिक हुलासराम सिरामें, पवन सोनवाने, पितम चालक, गणेश मोरघड़े, कोषाअध्यक्ष छबिलाल मरठे, खंड बौद्धिक प्रमुख अरुण आसटकर, दिनेशपुरी गोस्वामी, राजेंद्र सोनेकर, त्र्यंबक भगत, सदरूलाल बोहने, नरेंद्र मरावी जिला समन्वयक, संकुल समन्वयक नीरेश बाहेश्वर, राकेश मर्सकोले, श्रीमती कौशल्या लिल्हारे विशिष्ट अतिथियों के रूप में मंचासिन थे। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां भारती, मां सरस्वती जी का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य वक्ता ठाकुर जी द्वारा वर्ग के महत्व के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहां कि सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षा राष्ट्रप्रेम एवं



संस्कारित व्यक्ति का निर्माण करती है। सात दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से जो आप लोगों ने सीखा है उसे भैया बहनों के माध्यम से समाज में फैलाने का प्रयास करना है।वनांचल संस्कार केंद्र के पदाधिकारियों द्वारा सेवानिवृत सैनिकों का शाल श्री फल देकर स्वागत किया गया, तथा वर्ग में पधारे आचार्य दीदीयों एवं समस्त कार्यकर्ताओं को गमछा देकर सम्मानित किया गया। इस सात दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में विधायक राजकुमार कर्राहे, रेखा ताराचंद कालबेले, बारेलाल बडघेया, योगेश रामटेक्कर, कपिल अग्रवाल, झनकार किरनापुरे, संतोष मोरघडे, अरुण आसटकर, सुशीला दुग्गड़, विरु योगेश सोनवाने, संतोष सोनी, शैलेन्द्र उरकुड़े, बबलू खानोरकर, राजू रामटेक्कर, गौरीशंकर सातपुते, प्रभात शाखा लांजी के स्वयंसेवकों द्वारा वर्ग को संपन्न करने में सहयोग प्राप्त हुआ। अंत में जिला समन्वयक नरेंद्र मरावी द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया गया

बालाघाटबालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रविवार को इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया गया। यह दिवस समाज शास्त्री राजकुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य और इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान के संग्रहाध्यक्ष डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार की अध्यक्षता में मनाया गया। इन अवसर पर राजकुमार शर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान संग्रहाध्यक्ष डॉ.गहरवार ने कहा विश्व का प्रथम इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट है। जहाँ नैरोगेज डीजल इंजन, बोगी तथा गार्ड के डिब्बे को रखा गया है। संग्रहालय में पाषाण दुर्लभ अवशेष को संरक्षित कर रखा गया है। राजकुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय छोटा जरुर है, लेकिन समस्त प्रकार के अवशेष संग्रहित हैं, जो अनुसंधान केंद्र भी है। यहाँ विधार्थियों ने अपना अमूल्य समय देकर सारी धरोहरों को ग्रहण किया है। डॉ.कुलदीप बिल्थरे, राजेन्द्र कुमार ब्रम्हे, राजेन्द्र सिंह नगपुरे ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आज का समय मोबाईल तंत्र है, उसके उपरान्त धरोहरों के संबंध में ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है। 1 मई से 15 मई तक




पुरातत्व धरोहर कार्य शाला आयोजित थी। इस अवसर पर उन विधार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसी तरह से 18 अप्रैल 2025 विश्व पुरातत्व धरोहर दिवस से 18 मई 2025 अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस तक जन जागरण अभियान चलाकर पुरातत्व अवशेषों के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान निलिमा मरकाम, रिया शर्मा, शुभांगी चचाने, तनुजा रामावत, सागर पोचपोगड़े, नन्दनी चौबे, कार्तिक चौबे, बलविंदर चौहान, पंशोक मेरावी, त्रिआक्ष आदि उपस्थित थे। राजकुमार शर्मा ने पुरातत्व संग्रहालय, भू-भाग संग्रहालय, नैरोगेज डीजल इंजन, बोगी का सूक्ष्म अवलोकन भी किया।

## विद्यार्थियों के साथ जल संवाद कर दिलाई जल संरक्षण की शपथ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम जिले वासियों द्वारा जल गंगा संवर्धन में सहभागिता स्थापित की जा रही है। इसी कड़ी में रानी दुर्गावती महाविद्यालय परसवाड़ा में सुशील बर्मन जिला समन्वयक ने जल संवाद किया। साथ ही विद्यार्थियों को बताया कि जल संकट से निपटने जल स्त्रोतों जैसे नदी तालाब कुएं के संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने कहा कि मनुष्य ने भूमि का जल का शोषण किया है। जबकि दोहन करना था। वर्तमान में भूमि का जल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। जहां 40 फीट पानी था। आज 400 फीट तक पानी नहीं निकल रहा। यदि अभी भी नहीं चेते तो जल कि स्थिति भयावह होगी। एवं सभी विधार्थियों को जल स्त्रोतों के संरक्षण कि शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में संतोष नगपुरे विकासखण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद एवं माधुरी पटले योगेश्वरी रहांगडाले सोहेद्र पंचतिलक दिनेश वरकड़े तिमेश्वरी शरणागत सहित 50 विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

### बोरियों में भरा 450 किलो लाहन किया जब्त

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार उरांव के मार्गदर्शन मे मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। रविवार को आबकारी वृत बालाघाट के द्वारा ग्राम पायली गोंडी टोला में घरों एवं तालाब किनारे अलग अलग स्थानों पर बोरियों में भरा हुआ लगभग 450 किलो लाहन जप्त कर 03 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया । वहीं सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 45000 रूपये बताया गया है। इस कार्यवाही मे वृत प्रभारी, उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल आरक्षक सुरेंद्र गजभिए, लखन चौधरी, मेघना राय उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री आज करेंगे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को दोपहर 2 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करेंगे। प्रदेश भर में यह अभियान 30 मार्च से प्रारम्भ किया गया था। इस अभियान को अब 45 दिन हो चुके हैं। इस लिहाज से अभियान की समीक्षा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में समस्त कमिश्नर, कलेक्टर्स वीसी के माध्यम से सम्मिलित होंगे।

लांजी में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

## कार्यवाहक पदोन्नति में नहीं हो रहा था 50-50 प्रतिशत का पालन

# सीधी भर्ती के SI को मिला प्रमोशन का ज्यादा लाभ, हाईकोर्ट की रोक

भोपाल

पुलिस महकमे में कार्यवाहक निरीक्षक और रक्षित निरीक्षक बनाए जाने पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। इस संबंध में एक याचिका इंदौर हाईकोर्ट में दायर की गई थी, इसमें हाईकोर्ट ने चार सप्ताह के भीतर शासन से जवाब मांगा है। साथ ही कार्यवाहक निरीक्षक बनाए जाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। याचिका में कहा गया है कि इसमें 50-50 प्रतिशत के नियम का पालन नहीं हो रहा है।

प्रदेश पुलिस ने पदोन्नति नहीं मिल पाने के कारण एक उच्च पद का प्रभार देने का काम शुरू हुआ था। इसी क्रम में वर्ष 2021 में उपनिरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक और सूबेदारों को कार्यवाहक रक्षित निरीक्षक बनाना गया। इसके बाद से लगातार उपनिरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक एवं सूबेदारों को कार्यवाहक रक्षित निरीक्षक बनाया जा रहा है।

हाईकोर्ट में इस संबंध में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें बताया गया कि उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए कोटा तय है। जिसमें 50 प्रतिशत सीधी भर्ती के उपनिरीक्षकों और सूबेदारों को निरीक्षक और रक्षित निरीक्षक बनाया जाएगा और 50 प्रतिशत पदोन्नति से उपनिरीक्षक, सबेदार बने अफसरों को निरीक्षक और रक्षित निरीक्षक बनाया जाएगा, लेकिन कार्यवाहक निरीक्षक और रक्षित निरीक्षकों बनाए जाने में इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। इसके चलते प्रदेश पुलिस में कार्यवाहक निरीक्षकों में 75 प्रतिशत सीधी भर्ती के उपनिरीक्षक बनाए गए हैं, जबकि पदोन्नति से उपनिरीक्षक बने अफसरों को कार्यवाहक निरीक्षक बनाए जाने का प्रतिशत सिर्फ 25 है। हाल ही में पुलिस मुख्यालय ने निरीक्षक और रक्षित निरीक्षक का प्रभार देने के लिए एक पत्र जारी किया, इसमें सिर्फ सीधी भर्ती के उपनिरीक्षकों और सूबदारों को ही उच्च पद का प्रभार देने को कहा गया।

### सभी पुलिस अधीक्षकों को दिए गए थे निर्देश

हाल ही में पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी पत्र मे वर्ष 2015 के सीधी भर्ती के उपनिरीक्षक और सबूदारों को कार्यवाहक निरीक्षक और रक्षित निरीक्षक का प्रभार दिया जाना है। इसके लिए इस बैच के सीधी भर्ती के उपनिरीक्षक और सूबेदार को समयमान -वेतनमान दिए जाने की कार्यवाही 15 मई तक पूरी करने के निर्देश भोपाल, इंदौर के पुलिस कमिश्नर सहित सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ ही लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू, रेल, पीटीएस एसपी को यह निर्देश दिए गए थे।




### इस तरह हुआ नियम का उल्लंघन

अगर कोई व्यक्ति व्यापमं से सीधे भर्ती होकर एसआई (सब इंस्पेक्टर) बनता है, तो उसे सबसे पहले पुलिस ट्रेनिंग के लिए जाना होता है। ट्रेनिंग के बाद उसे 2 साल की परिवीक्षा अवधि (प्रोबेशन पीरियड) पूरी करनी होती है। जब ये दो साल सफलतापूर्वक पूरे हो जाते हैं, तभी उसकी नियुक्ति पक्की मानी जाती है। तब तक वह पुलिस विभाग में अस्थायी (टेम्परारी) कर्मचारी के रूप में काम करता है। नियमों के अनुसार, वरिष्ठता की गिनती उस दिन से की जाती है जब उसकी परिवीक्षा अवधि खत्म होती है। लेकिन पुलिस मुख्यालय ने परिवीक्षा अवधि के दो साल को भी वरिष्ठता में जोड़ दिया। इससे ये हुआ कि जो एसआई प्रमोशन पाकर बने थे, उनकी वरिष्ठता सीधी भर्ती वालों से कम हो गई, जबकि नियम के अनुसार ऐसा नहीं होना चाहिए था।

### अभी 75 प्रतिशत और 25 प्रतिशत का आंकड़ा

इंस्पेक्टर के पद पर अभी 75 प्रतिशत सीधी भर्ती के एसआई हैं और 25 प्रतिशत प्रमोशन के एसआई प्रतिनिधित्व बाकी रह गया है। जबकि दोनों ग्रुप का प्रतिनिधित्व 50-50 प्रतिशत होना चाहिए। यही संवैधानिक रूप से सही है।

### 2021 से शुरू हुई थी प्रक्रिया

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय ने 2021 में उच्च पद का कार्य भार दिए जाने को लेकर प्रोसेस शुरू की थी। इसके बाद एसआई को इंस्पेक्टर पद पर कार्यभार दिया गया था। इस आदेश और वरिष्ठता सूची 2020 मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम, 1961 के नियम 8,10,12 और मध्य प्रदेश पुलिस नियम, 1997 के खिलाफ होने से कोर्ट में पुलिस मुख्यालय के आदेश के खिलाफ प्रमोशन के लिए एक एसआई ने याचिका लगाई थी।

### प्रमोशन का 50 प्रतिशत कोटा

प्रमोशन से बने एसआई जो अपनी लंबी सेवा के बाद पद पर प्रमोट होकर आते हैं उनका 50 प्रतिशत कोटा फिक्स रहता है। इसी को लेकर इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नति के उप निरीक्षकों को पदोन्नति देने का प्रावधान है। इसके अलावा ये भी उल्लेख है कि पदोन्नति से आए एसआई को इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन की पात्रता 4 साल में आती है। वहीं सीधी भर्ती के एसआई की पात्रता 6 साल में आती है। साभार प्रदेश टूडे

## 5 जिलों के 1784 गांव हुए शामिल

# 10 हजार वर्ग किमी तक पहुंचा इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया

भोपाल

इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया का क्षेत्र अब करीब 10 हजार वर्ग किलोमीटर तक पहुंच गया है। इसमें धार और देवास जिले के इलाकों को शामिल किया गया है, जबकि उज्जैन जिले के कुछ हिस्सों को इससे बाहर किया गया है। इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक, कुल क्षेत्रफल में करीब 653 वर्ग किलोमीटर का इजाफा हुआ है। धार जिले में सबसे ज्यादा, लगभग 550 वर्ग किलोमीटर का विस्तार हुआ है। यह बदलाव जनप्रतिनिधियों के सुझावों के बाद किया गया है। अब इस क्षेत्र में कुल 1784 गांव आए हैं, जबकि पहले ये संख्या 1756 थी।

शनिवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मेट्रोपॉलिटन एरिया विस्तार को लेकर बैठक की। इसमें बढ़े हुए क्षेत्र का प्रस्तुतीकरण किया गया और समीक्षा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र के शहरों और पंचायतों को मजबूत किया जाए, उनकी प्रशासनिक और आर्थिक स्थिति बेहतर बनाई जाए। उन्होंने जिन पंचायतों को नगर परिषद बनाया जा सकता है, उन्हें अपग्रेड करने के भी निर्देश दिए।

### पांच जिले शामिल

इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया में पांच जिले इंदौर, देवास, उज्जैन, धार और शाजापुर को शामिल किया गया है। कुल क्षेत्रफल करीब 10 हजार वर्ग किमी का होगा। इस एरिया की आबादी 55 लाख के करीब होगी। इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया को डेवलप करने का काम तेजी से हो रहा है। इंदौर विकास प्राधिकरण को नोडल एजेंसी बनाया है। आईडीए ने डेवलपमेंट प्लान तैयार करने के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति कर ली है। मेट्रोपॉलिटन एरिया को 4 चरणों में डेवलप किया जाना है, जिसमें इंसेप्शन, सिचुएशन एनालिसिस, रीजनल एवं इन्वेस्टमेंट प्लान और डीपीआर शामिल है।

### उज्जैन जिले के 51 गांव मेट्रोपॉलिटन से बाहर

इंदौर रीजन में इंदौर जिले का पूरा 3901.63 वर्ग किमी क्षेत्र शामिल है, लेकिन उज्जैन जिले का 118.47 वर्ग किमी क्षेत्र कम किया गया है। पहले उज्जैन जिले का 2740.5 वर्ग किमी क्षेत्र शामिल था। जो अब 2622.03 वर्ग किमी कर दिया गया। इससे 51 गांव रीजन से बाहर हो गए और अब रीजन में गांवों की संख्या 461 रह गई है। इसमें बड़नगर, घटिया, खाचरौद तहसील का क्षेत्र कम किया गया है। देवास और धार में बढ़ा 772 वर्ग किमी क्षेत्र रीजन में धार और देवास जिले का 772.66 वर्ग किमी क्षेत्र बढ़ा है।

### धार जिले में सबसे अधिक विस्तार

सबसे अधिक धार जिले में 550.35 वर्ग किमी क्षेत्र का विस्तार हुआ है और इसका दायरा बढ़कर अब 1124.75 वर्ग किमी हो चुका है। देवास जिले में 222.31 वर्ग किमी क्षेत्र विस्तारित हुआ है और दायरा बढ़कर अब 2308.31 वर्ग किमी हो चुका है। धार में 78 गांव और देवास में 38 गांवों की बढ़ोतरी मेट्रोपॉलिटन रीजन में हुई है। शाजापुर जिले का 0.63 प्रतिशत क्षेत्र कम किया गया है। पहले तीन गांव थे और अब दो गांव ही रह गए हैं।




सतना, ब्यूरो। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी शनिवार को सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं।

## ट्रांसफर नीति लागू होने के बाद सांसद परेशान, ऑफिस में लगाया बोर्ड...

# 'कृपया तबादले के लिए संपर्क न करें'

भोपाल

मध्य प्रदेश में तबादला नीति लागू होने के बाद जन प्रतिनिधियों के यहां अनुशंसा पत्र बनवाने वालों की भीड़ लगना शुरू हो गई है। इसी के चलते उज्जैन-आलोट से सांसद अनिल फिरोजिया ने अपने कार्यालय के बाहर एक बोर्ड चस्पा कर दिया है। जिस पर लिखा है ट्रांसफर के लिए संपर्क नहीं करें। साथ ही सांसद कार्यालय पर शस्त्र लाइसेंस के लिए संपर्क नहीं करने का बोर्ड भी चस्पा किया है। कर्मचारियों के तबादलों को लेकर नई पॉलिसी आ गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने ट्रांसफर पॉलिसी-2025 जारी कर दी है। इसके अनुसार, अब विभाग 30 मई तक अपने कर्मचारियों का ट्रांसफर कर सकेंगे। इसके बाद सामान्य तौर पर ट्रांसफर नहीं होंगे। विशेष परिस्थितियों में ही तबादले हो सकेंगे। नीति लागू होने के बाद अब बड़ी संख्या में लोग ट्रांसफर करवाने के लिए रोजाना लोग सांसद अनिल फिरोजिया के कार्यालय में अनुशंसा पत्र बनवाने के लिए पहुंच रहे हैं।




सांसद अनिल फिरोजिया ने अपने सेठी नगर स्थित कार्यालय में 2 बोर्ड लगा रहे हैं। इनमें एक तो तब से है जब वे विधायक थे। अब सांसद ने दूसरा बोर्ड लगाया है। जिसमें उन्होंने अपने कार्यालय पहुंचने वाले लोगों से कहा है कि कृपया स्थानांतरण के लिए संपर्क न करें।

## नीमच मंडी में पहली बार शुरू हुआ ट्रायल

# पुलिस की तर्ज पर वॉकीटॉकी पर काम करेंगे मंडी कर्मचारी

भोपाल

कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस के लिए वायरलेस सेट का बड़ा महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे सूचनाओं का आदान-प्रदान बहुत जल्दी होता है। अब पुलिस की तर्ज पर नीमच कृषि उपज मंडी में भी सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों को वॉकीटॉकी देकर मंडी के काम को तेज और आसान बनाने की प्रयोगात्मक पहल शुरू की गई है। इस पहल से मंडी के बड़े और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में कर्मचारी एक-दूसरे से जल्दी और सीधा संवाद कर सकेंगे। इससे मंडी का काम तेज गति से होगा, विवाद या अपराध की स्थिति में तुरंत मदद और नियंत्रण करने में भी आसानी होगी। प्रदेश में नीमच कृषि उपज मंडी में इसे प्रायोगिक तौर पर लागू किया गया है। इस सुविधा से किसानों, व्यापारी और मंडी कर्मचारियों को काफी लाभ हो रहा है। बड़े परिसर में मॉनिटरिंग करने में आसानी हो रही है।

### जल्द होगा विस्तार

नीमच कृषि उपज मंडी के सचिव उमेश बसेड़िया शर्मा ने बताया कि प्रायोगिक तौर पर वॉकीटॉकी के आठ सेट लिए गए है, जिनमें तीन अनाज मंडी में, तीन औषधि मंडी में और दो जीरन कृषि उपज मंडी में दिए गए हैं। जिनके अलग-अलग चैनल सेट किए गए हैं। इसपर ही संवाद किया जा रहा है। जल्द ही और वॉकीटॉकी ले जाएंगे, जिससे कामकाज में आसानी होगी।

### कर्मचारियों से संपर्क में मददगार

अधिकांश मंडी में सूचनाएं मोबाइल में जरिये भेजी जाती है, ऐसे में कई कर्मचारी मोबाइल का नेटवर्क नहीं आने और बैटरी खत्म हो जाने के कारण संपर्क नहीं कर पाते है। कुछ कर्मचारी ड्यूटी छोड़कर इधर उधर घूमते हैं। कुछ कर्मचारी जानबूझकर मोबाइल रिसीव ही नहीं करते है। ऐसे में वॉकी-टॉकी चौबीसों घंटे चालू रहेगा। जिस पर मैसेज पहुंचते ही कर्मचारियों को प्राथमिकता से काम निपटाने होंगे। पूरी जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को देनी होगी। इसमें किसी नेटवर्क या रिचार्ज की जरूरत नहीं होती।

# उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक के बयानों पर कांग्रेस का प्रदर्शन जारी

भोपाल

कर्नल सोफिया कुरैशी और सेना के संबंध में बयान देने के बाद घिर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री विजय शाह, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और विधायक नरेंद्र प्रजापति के खिलाफ रविवार को भी कांग्रेस का प्रदर्शन जारी रहेगा। इससे पहले शनिवार को विजय शाह और जगदीश देवड़ा के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया और इनके पुतले जलाए।

### आज भी फूंके जाएंगे विजय शाह, जगदीश देवड़ा के पुतले

कुछ जिलों में रविवार को यह प्रदर्शन होगा। कांग्रेस इनके खिलाफ प्रदर्शन को ब्लॉक स्तर तक ले गई है। भोपाल के कुछ ब्लॉकों में रविवार को प्रदर्शन होगा। इससे पहले शनिवार को नजीराबाद और संत हिरदाराम नगर ब्लॉक में प्रदर्शन किया गया। वहीं पन्ना जिले के देवलपुर ब्लॉक में रविवार को प्रदर्शन किया जा रहा है। यहां पर ब्लॉक कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह को गिरफ्तार करने की भी मांग की है। पन्ना जिला कांग्रेस के अध्यक्ष ने रविवार को सभी ब्लॉकों में प्रदर्शन करने के निर्देश दिए हैं। ग्वालियर के कंपू ब्लॉक में भी सुबह प्रदर्शन किया गया।

### इस्तीफा लेना चाहिए: सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस मामले में सीएम पर भी निशाना साधा है। उमंग ने कहा कि मुख्यमंत्री और भाजपा उनकी पैरवी कर रही है। इंटेलिजेंस तो बता सकती है कि वो कहां हैं। गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास है और विजय शाह के ऊपर मुख्यमंत्री का हाथ है। सिंघार ने कहा कि भाजपा के विधायकों को ट्रेनिंग की जरूरत है। भाजपा अपने विधायकों को ट्रेनिंग दें। बार-बार ऐसी गलतियां नही होती हैं। जनभावना और सेना दोनों का अपमान है भाजपा जन संवेदनहीन हो गई है जो भावना नहीं समझ पा रही है। राजा पटैरिया के पूर्व में दिए बयान पर फिर उनकी गिरफ़्तारी को लेकर कहा कि राजा पटैरिया ने प्रधानमंत्री के खिलाफ बयान दिया था तुरंत उनकी गिरफ्तारी हुई। कांग्रेस या कोई अन्य बीजेपी के खिलाफ बात करता है तो आप उनको देशद्रोही घोषित करने में लग जाते हैं। भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है। और जो सेना के खिलाफ बोल रहा है उनके खिलाफ भी कार्रवाई की होनी चाहिए।



## आईआईटी दिल्ली की टीम ने किया निरीक्षण

# रायसेन में शुरू हुई प्रदेश की पहली डिजिटल आंगनबाड़ी

भोपाल

सांची विकासखंड के रतनपुर गांव में मध्य प्रदेश की पहली डिजिटल आंगनबाड़ी शुरू हुई। इस आंगनबाड़ी केंद्र को डिजिटल रूप में डेपलप किया गया। इसमें स्मार्ट टीवी, तीन सैमसंग टैबलेट, अलेक्सा डिवाइस और आईआईटी दिल्ली द्वारा तैयार किया गया पाठ्यक्रम है। बच्चे प्राइवेट स्कूल छोड़ यहां एडमिशन ले रहे हैं।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकुन ने बताया, जब से आंगनवाड़ी का डिजिटलीकरण हुआ है, यहां बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। यहां बच्चे डिजिटल डिवाइस के माध्यम से भविष्य की तकनीक को जान रहे हैं। साथ ही इन बच्चों का शैक्षणिक स्तर भी सुधर रहा है। अब निजी संस्थानों को छोड़कर बच्चे इस आंगनबाड़ी में पढ़ने आ रहे हैं।

### दीवारों पर उकेरी गई पाठ्य सामग्री

रतनपुर ग्राम में बनाई गई डिजिटल आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए टैबलेट के साथ बड़ी एलईडी टीवी लगाई गई है। साथ ही इस आंगनबाड़ी की दीवारों पर सुंदर चित्रकारी भी उकेरी गई है। छत हो या दीवारें सबको बच्चों की रुचि को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। आंगनबाड़ी में पदस्थ कार्यकर्ताओं को भी विशेष ट्रेनिंग दी गई है, जिससे कि वह बच्चों को डिजिटल डिवाइस के माध्यम से भविष्य की तकनीक से रूबरू करा सकें।




### थर्ड पार्टी ऑडिट भी हुआ

दिल्ली से यहां थर्ड पार्टी ऑडिट भी हुआ था, जहां दिल्ली आईआईटी की पांच सदस्य टीम ने तीन से चार दिन यहां रुक कर आंगनबाड़ी की उपयोगिता का आकलन किया। उन्होंने बच्चों के माता-पिता से भी संपर्क किया और उनसे बात की। परिजनों ने बताया कि बच्चों का दाखिला इस आंगनबाड़ी में सिर्फ इसलिए करवा दिया क्योंकि यहां पर शिक्षा का स्तर निजी स्कूलों से अच्छा है।

# हैदराबाद पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी लखनऊ




लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को लखनऊ सुपरजायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर बड़ी जीत दर्ज कर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी। इस मैच में अगर सुपरजायंट्स हार तो वह लीग से बाहर हो जाएगी। इस लीग में अब तक टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। उसके कप्तान ऋषभ पंत भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं जिसके कारण भी टीम को नुकसान हुआ है। ऐसे में ऋषभ इस मैच में बड़ी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाना चाहेंगे। अब तक इस सत्र में निकोलस पूरन ने टीम की ओर से काफी अच्छी बल्लेबाजी की है पर अब अन्य खिलाड़ियों को भी रन बनाने होंगे। उसकी गेंदबाजी शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप पर आधारित रहेगी। सुपर जायंट्स की टीम के नाम अब तक 11 मैचों में 10 अंक हैं पर उसका नेट रन रेट माइनस 0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा।

दूसरी ओर पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को जीतकर लखनऊ का खेल बिगाड़ना रहेगा। सनराइजर्स की टीम में शामिल युवा नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करने का प्रयास करेंगे। अब तक ये दोनो बड़ी पारियां नहीं खेल पाये हैं। आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अब तक 311 रन बनाये हैं और वह इस मैच में बड़ी पारी खेलने का प्रयास करेंगे। लखनऊ की टीम की सबसे बड़ी परेशानी कप्तान का रन नहीं बनाना है। वह इस सत्र में केवल एक बार ही पचास से अधिक रन बना पाये हैं। रन उन्होंने इस सत्र के 11 मैचों में 100 से कम की स्ट्राइक-रेट और 12.80 की औसत से केवल 128 रन ही बनाए है। मो शमी, राहुल चाहर सहित उसके गेंदबाज अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं।

वहीं लखनऊ की टीम को अपने प्रमुख बल्लेबाज निकोलस पूरन से इस मैच में भी बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। पूरन शुरुआती पांच-छह मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी के बाद पिछले कुछ मैचों से रन नहीं बना पाये हैं। पूरन के अलावा टीम को अपने शीर्ष तीन क्रम में शामिल दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम 348 और मिचेल मार्श 378 से भी अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। वहीं मध्यक्रम में आयुष बडोनी 326 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाया है। आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर अब तक केवल 160 रन ही बना पाये हैं।। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई बीच के ओवरों में विकेट लेने में विफल रहे हैं। केवल युवा दिग्वेश राठी ने अब तक 12 लेकर लेकर विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया है। इस मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाज विलियम ओ राउरकी के टीम में आने से लखनऊ की गेंदबाजी बेहतर होगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद** - पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रेविस हेड, हर्षल पटेल, कामिन्दु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**लखनऊ सुपर जायंट्स** - ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमरा जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी।

# विराट को अंडर-17 खेलने के समय से जानता हूं -ईशांत

नई दिल्ली। अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने कहा है कि विराट कोहली के साथ वह काफी पहले से हैं। ईशांत ने कहा कि वह विराट को तब से जानते है जब वे दोनो अंडर-17 में साथ खेलते थे। इसके बाद उन्होंने विराट के साथ सीनियर भारतीय टीम में भी खेला था। ईशांत ने कहा, मुझे लगता है कि विराट मेरे लिए स्टार नहीं बचपन के दोस्त हैं। ईशांत ने अपने टेस्ट करियर में 105 मैचों में 434 विकेट लिए हैं। दोनो ने अंडर-19 टीम में बिताए गए दिनों को याद करते हुए कहा कि वे दोनों साथ में कमरे में रहा करते थे। ईशांत ने कहा कि जब हम अंडर-19 में थे, तब हम पैसे गिनते थे कि हमारे पास कितने हैं। हम खाना खाते थे, पैसे बचाते थे। इसलिए विराट हर किसी के लिए अलग हैं पर मेरे लिए वो पहले वाले विराट ही हैं। हाल ही में एक आईपीएल मैच से पहले दोनों को मैदान पर गले मिलते हुए देखा गया था, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई हैं। ईशांत ने बताया कि उनकी और कोहली की मुलाकातों में क्रिकेट की बात कम होती है, और अधिकतर समय हंसी-मजाक और मस्ती होती है। ईशांत ने कहा कि मैंने कभी महसूस नहीं किया कि वो विराट है। मेरे लिए वह हमेशा चीकू रहा है क्योंकि हम दोनो लंबे समय से एकसाथ रहे हैं।



# गुजरात का स्कोर 150 पार

## गिल-सुदर्शन की जोड़ी नाबाद-दोनों ने अर्धशतक बनाए, दिल्ली ने 200 रन का टारगेट दिया

नई दिल्ली। IPL में आज का दूसरा मैच दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जा रहा है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 199 रन बनाए। राहुल ने शतक लगाया। गुजरात ने 16 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 165 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल पिच पर हैं। दोनों शतकीय साझेदारी कर चुके हैं। दोनों ने फिफ्टी भी बना ली है। गिल टी-20 में 5 हजार रन पूरे कर चुके हैं।




### शुभमन गिल की फिफ्टी, साई के साथ शतकीय साझेदारी

शुभमन गिल ने 13वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 33 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया। गिल साई सुदर्शन के साथ शतकीय साझेदारी कर चुके हैं।

### केएल राहुल का 60 बॉल पर शतक

19वें ओवर में केएल राहुल ने शतक पूरा कर दिया है। उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा के ओवर की चौथी बॉल पर चौका लगाकर शतक पूरा किया। उन्होंने 60 बॉल पर सेंचुरी पूरी की। यह राहुल का ढ्ढक्क में 5वां शतक है।

# विराट को भारत रत्न दिया जाये-रैना

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को उनकी खेल के प्रति सेवाओं के लिए भारत रत्न दिया जाना चाहिये। रैना ने कहा कि अभी तक खेल जगत से केवल महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को ही साल 2014 में यह सम्मान मिला था। सचिन के बाद किसी और खिलाड़ी को ये सम्मान नहीं मिला है। रैना ने कहा है कि विराट ने भारत और भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने बहुत सारी बड़ी जीतें दिलाई हैं और क्रिकेट को आगे बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा हाथ है। ऐसे में उन्हें भारत रत्न अवॉर्ड मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विराट ने जितनी उपलब्धि हासिल की है, भारत और भारतीय क्रिकेट के लिए उन्हें जो भी किया है, उसके कारण वह भारत रत्न के अधिकारी हैं। गौरतलब है कि साल 2011 में टेस्ट में डेब्यू करने वाले विराट का करियर उतार-चढ़ाव से भरपूर रहा पर उन्होंने कभी हार नहीं मानी। अपने 14 साल के टेस्ट करियर में उन्होंने हर समय खेल का आनंद लेते हुए जीत के लिए पूरी ताकत लगा दी। उन्होंने कहा कि इस प्रारुप में उन्हें जो खुशी और साथ-साथ जो सबक दिया है, उसे वह जिंदगी भर याद रखेंगे। बता दें कोहली की कप्तानी में भारत ने 68 में से 40 टेस्ट जीते, 17 हारे और 11 ड्रॉ रहे। इससे ये साबित होता है कि कोहली की टीम पहले की भारतीय टीम से काफी अलगा थी।



# पंजाब ने राजस्थान को 10 रन से हराया

## टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर, वाधेरा-शशांक की फिफ्टी

जयपुर। पंजाब किंग्स ने IPL 2025 के 59वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ टीम मौजूदा सीजन के पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर आ गई है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में 220 रन का टारगेट चेज कर रही राजस्थान 20 ओवर में 7 विकेट पर 209 रन ही बना सकी। पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 219 रन बनाए थे। पंजाब की ओर से शशांक सिंह 30 बॉल पर 59 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि नेहल वाधेरा ने 37 बॉल पर 70 रन बनाए। राजस्थान से तुषार देशपांडे ने 2 विकेट झटके। जवाबी पारी में यशस्वी जायसवाल (50 रन) और वैभव सूर्यवंशी (40 रन) ने राजस्थान को विस्फोटक शुरुआत दिलाई। दोनों ने 29 बॉल पर 76 रन की ओपनिंग साझेदारी की। लेकिन, टीम ने मिडिल ओवर्स में 3 विकेट गंवा दिए। यशस्वी जायसवाल 50, संजू सैमसन 20 और रियान पराग 13 रन बनाकर आउट हुए। ऐसे में ध्रुव जुरेल (53 रन) ने फिफ्टी लगाकर पारी को संभाला, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पंजाब के हरप्रीत बरार ने 3 विकेट हासिल किए। राजस्थान ने 5वें ओवर में पहला विकेट गंवाया। यहां वैभव सूर्यवंशी 15 बॉल पर 40 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 4 छक्के और 4 चौके लगाए। उन्हें हरप्रीत बरार ने कैच आउट कराया। बरार ने 76 रन की साझेदारी को तोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने पारी का चौथा ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह की बॉल पर लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने 5वीं और छठी बॉल पर छक्के लगाए। उन्होंने पहली बॉल पर चौका भी लगाया था। 220 रन का टारगेट चेज कर रही राजस्थान ने तेज शुरुआत की है। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में एक विकेट पर 89 रन बना लिए हैं। यह राजस्थान का IPL पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर है। यशस्वी जायसवाल फिफ्टी के करीब हैं।



# धोनी का संन्यास अभी नहीं! 2026 में भी खेल सकते हैं आईपीएल

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल और लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक हैं। 43 साल की उम्र में भी वे मैदान पर पूरी ऊर्जा के साथ खेल रहे हैं। हालांकि आईपीएल 2025 का सीजन उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खास अच्छा नहीं रहा। टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और खुद धोनी का प्रदर्शन भी अपेक्षित स्तर का नहीं रहा। ऐसे में यह चर्चा जोर पकड़ने लगी थी कि क्या यह धोनी का आखिरी सीजन है और क्या वे अब हमेशा के लिए क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। लेकिन एक नई रिपोर्ट ने उनके फैंस के लिए बड़ी राहत की खबर दी है।



एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े सूत्रों का मानना है कि धोनी अभी टीम को छोड़ने के मूड में नहीं हैं। टीम के भीतर कई ऐसी चीजें हैं जिनमें सुधार की आवश्यकता है और इसके लिए धोनी की अनुभव और नेतृत्व की जरूरत है। यही वजह है कि फ्रेंचाइजी के लोग मानते हैं कि अगर धोनी की फिटनेस ने उनका साथ दिया, तो वह आईपीएल 2026 में भी येलो जर्सी में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि धोनी का मार्गदर्शन टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए बेहद अहम है और अभी भी उनकी उपस्थिति ड्रेसिंग रूम में आत्मविश्वास भरती है।

धोनी से जब एक मुकाबले के बाद पूछा गया कि क्या आईपीएल 2025 उनका आखिरी सीजन होगा, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि इस पर वे कुछ समय बाद फैसला लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनका खेलना पूरी तरह उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। धोनी का यह बयान भी इस ओर इशारा करता है कि वे अभी अपने रिटायरमेंट को लेकर जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहते।

भले ही इस सीजन में टीम का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा हो, लेकिन फैंस का धोनी के प्रति प्यार कम नहीं हुआ है। वे अब भी धोनी को मैदान पर खेलते हुए देखना चाहते हैं और यही समर्थन शायद धोनी को एक और सीजन तक मैदान पर बनाए रखे। ऐसे में अब सबकी नजरें धोनी के अगले कदम पर टिकी हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो 'थाला' अगले साल भी मैदान में कमाल करते नजर आ सकते हैं।

# वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज में बच्चों की एंट्री मुफ्त

बारबाडोस। दुनियाभर में टेस्ट क्रिकेट का आकर्षण धीरे-धीरे कम होता जा रहा है और इसे बचाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और तमाम क्रिकेट बोर्ड्स नए-नए कदम उठा रहे हैं। हाल ही में आईसीसी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की पुरस्कार राशि को दोगुना कर दिया है, वहीं अब वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने टेस्ट क्रिकेट को बच्चों के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए एक अनोखा फैसला लिया है। सीडब्ल्यूआई ने घोषणा की है कि वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान बच्चों को स्टेडियम में प्रवेश के लिए कोई टिकट नहीं खरीदना पड़ेगा। इस फैसले का मकसद युवा पीढ़ी में टेस्ट क्रिकेट के प्रति रुचि जगाना है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के सीईओ क्रिस डेह्रिंग ने इस पहल की जानकारी देते हुए कहा कि बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल, ग्रेनेडा नेशनल स्टेडियम और जमैका के सबीना पार्क में होने वाले तीनों टेस्ट मैचों के दौरान सभी बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। केंसिंग्टन ओवल में आयोजित डब्ल्यूआई होम फुल आह एनर्जी कैंपेन के लॉन्च के दौरान डेह्रिंग ने कहा कि यह निर्णय वेस्टइंडीज क्रिकेट की एक नई नीति के तहत लिया गया है, जिसका उद्देश्य टेस्ट क्रिकेट को फिर से जीवंत करना है। उन्होंने कहा, 卐सीडब्ल्यूआई में हम मानते हैं कि टेस्ट क्रिकेट तक बच्चों की पहुंच एक मानवाधिकार है। यह जरूरी है कि हमारे बच्चे इस पारंपरिक फॉर्मेट से जुड़ सकें और इसके लिए किसी भी प्रकार की वित्तीय रुकावट उनके सामने न हो卐 उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों को किसी टिकट की जरूरत नहीं होगी, यह उनका अधिकार है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जब यह अधिकार बच्चों का है, तो यह माता-पिता, सरकारों और समाज की जिम्मेदारी है कि वे इस अधिकार को बच्चों तक पहुंचाएं। वहीं, सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष डॉ. किशोर शैलो ने उम्मीद जताई है कि इस पहल से स्टेडियम में दर्शकों की संख्या में इजाफा होगा और टेस्ट मैचों का माहौल पहले की तरह जोशभरा होगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि किस उम्र तक के बच्चों को मुफ्त प्रवेश की सुविधा मिलेगी। वेस्टइंडीज का यह कदम निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट को नई पीढ़ी में पुनर्जीवित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है।

# इंग्लैंड की काउंटी टीम से खेल सकते हैं विराट

लंदन। हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इंग्लैंड की काउंटी टीम से खेल सकते हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार इंग्लैंड की काउंटी टीम मिडिलसेक्स ने कहा है कि वह विराट को शामिल कर सकती है। इसकी संभावनाएं इसलिए भी जतायी जा रही है क्योंक विराट ने टेस्ट से तो संन्यास ले लिया है पर कहीं पर भी प्रथम श्रेणी क्रिकेट की बात नहीं की है। इससे संभावना है कि वह मिडिलसेक्स के लिए काउंटी क्रिकेट खेलें। मिडिलसेक्स स्टार क्रिकेटरों को शामिल करता रहा है। उसने साल 2019 में दक्षिण अफ्रीका के एबी डी विलियर्स को टी20 ब्लास्ट के लिए अपनी टीम में शामिल किया था। वहीं इस सत्र के दूसरे भाग के लिए उसने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को खरीदा। विलियमसन लंदन स्पिरिट की ओर से भी खेलेंगे। वहां के अधिकारियों ने संकेत दिया है कि वे कोहली को खरीदने के लिए बेताब हैं और इसके लिए उन्हें बड़ा प्रस्ताव दिया जा सकता है। मिडलसेक्स काउंटी चैम्पियनशिप के दूसरे डिवीजन में है, वह डर्बीशायर और ग्लूसेस्टरशायर के खिलाफ सितंबर में लॉर्ड्स में खेलेंगे। अगर मिडलसेक्स विराट कोहली को शामिल करने में सफल रहता है तो प्रशंसकों को विलियमसन और कोहली की जोड़ी एक साथ फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलती हुई दिखाई दे सकती है। वहीं ये जेम्स एंडरसन का समाना करते दिख सकते हैं। कोहली ने साल 2018 में काउंटी क्रिकेट खेलने की इच्छा जतायी थी।

# विराट के सम्मान में सफेद कैप में पहुंचे थे प्रशंसक

बेंगलुरु। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद पहली बार मैदाने पर उतरे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज के विराट कोहली के सम्मान में प्रशंसक टेस्ट क्रिकेट की सफेद कैप में पहुंचे थे। बारिश के कारण हालांकि ये मैच नहीं हो पाया। इस मैच में सभी प्रशंसक विराट की बल्लेबाजी देखने पहुंचे थे। वहीं आसमान में सफेद कबूतरों का एक झुंड मैदान के ऊपर उड़ता नजर आया। स्टैंड में बैठे प्रशंसकों के लिए ये अनूठा नजारा था। कबूतरों को देखकर लगा जैसे वे भी विराट को देखना चाहते थे। बारिश के कारण मैच में टॉस तक नहीं हुआ। इस प्रशंसकों को काफी निराश हुई। आरसीबी की टीम 12 मैच के बाद 8 जीत 3 हार और एक बेनतीजा रहे मुकाबले के बाद 17 अंक पर पहुंच गयी है। हो गए हैं। इस मैच में कोलकाता के साथ एक अंक बांटने के बाद आरसीबी की प्लेऑफ में तय हो गयी है। ये मुकाबल रद्द होने से कोलकाता की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली सत्र की चौथी टीम बन गई। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी दिग्गज टीमें पहले ही बाहर हो गयीं थीं।



# कोलकाता में ही खेला जाएगा आईपीएल फाइनल-गांगुली

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फाइनल की मेजबानी कोलकाता के ईडन गार्डन की जगह किसी अन्य स्थल को दिये जाने की चर्चाओं के बीच ही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि ये इतना आसान नहीं है। गांगुली के अनुसर बंगाल बोर्ड (कैब) के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से अच्छे संबंध हैं। इसलिए उन्हें पूरा भरोसा है कि फाइनल कोलकाता से बाहर नहीं जाएगा। शुरुआत में फाइनल कोलकाता में 25 मई को खेला जाना तय था पर बीच में भारत-पाकिस्तान के बची टकराव के कारण आईपीएल एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था।



दौबारा शुरु होने पर बोर्ड ने तीन जून को खेले जाने वाले फाइनल के स्थल की जानकारी नहीं दी। ये कहा जा रहा है कि इस दिन कोलकाता में बारिश की संभावना को देखते हुए फाइनल किसी अन्य स्थल पर खेला जाएगा। कैब के पूर्व अध्यक्ष रहे गांगुली से जब पूछा गया कि क्या कोलकाता तय कार्यक्रम के अनुसार ही फाइनल मैच की मेजबानी करेगा तो उन्होंने कहा, 'हम प्रयास कर रहे हैं। साथ ही कहा कि है? यह ईडन का प्लेऑफ है, और मुझे भरोसा है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा क्योंकि मैच को अचानक ही किसी दूसरे स्थल पर ले जाना आसान नहीं है। इसी बीच प्रशंसकों ने भी मांग की है कि फाइनल कोलकाता में ही खेल जाना चाहिये। गांगुली ने कहा कि विरोध से कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। वहीं प्लेऑफ स्थलों को तय करने में हो रही पर गांगुली ने कहा, 'कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस मैदान पर अपने लीग मैच खेले हैं, इसलिए कोलकाता पहली सूची में शामिल नहीं है।' ईडन गार्डन को 2024 सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिताब जीतने के कारण इस सत्र के फाइनल के मेजबानी का अधिकार मिला था। इस स्थल में ही आईपीएल का उद्घाटन मैच भी खेला गया था। वहीं बीसीसीआई ने हालांकि फाइनल के लिए नए स्थल के बारे में जानकारी नहीं दी है। जिससे भी कई प्रकार की अटकलें चल रही हैं। बदलाव के पीछे का कारण मौसम की भविश्ष्यवाणी माना जा रहा है, क्योंकि कोलकाता से ही दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत होती है

# ट्रंप परिवार का करीबी थॉमस बीच पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्किये से कर रहा डील

## करांची और इस्लामाबाद की सूरत बदलने अरबों डॉलर के निवेश का किया वादा

**नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पाकिस्तान को लेकर दिए गए चौंकाने वाले बयान के बाद जेंट्री थॉमस बीच कौन है? ये सवाल जोर पकड़ रहा है। इसके जरिए अब ट्रंप परिवार के पाकिस्तान की डीप स्टेट से रिश्तों पर भी सवाल उठ रहे हैं। बीच टेक्सास के एक निवेशक हैं और डॉनल्ड ट्रंप जूनियर के कॉलेज के दोस्त भी हैं। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद, शुरुआत से ही थॉमस बीच पाकिस्तान, तुर्किये और बांग्लादेश जैसे देशों के साथ करीबियों में शामिल रहे। चौंकाने वाली बात ये है कि थॉमस बीच पाकिस्तान पहुंचे, वो भी ट्रंप के शपथ लेने के 10 दिन के अंदर। 30 जनवरी को वह इस्लामाबाद में थे। खुद को ट्रंप का करीबी बताते हुए उन्होंने वहां संभावित निवेशकों की एक टीम के साथ एंट्री की। ये टीम वाइट ब्रिज ग्लोबल नाम की कंपनी के बैनर तले वहां पहुंची थी। मीडिया के मुताबिक थॉम्स बीच ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से मुलाकात की और कहा कि अमेरिका को पाकिस्तान की फिक्र है। आप इस पूरे क्षेत्र में हमारे फ्रंट फेस है और बहुत अहम हैं।**

उन्होंने करांची और इस्लामाबाद की सूरत बदलने के लिए अरबों डॉलर के निवेश का वादा किया। उनकी अगली चाल और भी दिलचस्प थी और वह चाल थी पाकिस्तान की कंपनी एपेक्स एनर्जी से डील करना। इस डील का मकसद था, सिंधु नदी किनारे मिले प्लेसर गोल्ड के भंडार को खोजना और विकसित करना।

रिपोर्ट के मुताबिक इस सोने की अनुमानित कीमत 50 ट्रिलियन डॉलर बताई



जा रही है। संयोग से कुछ महीने पहले, पाकिस्तान की नेशनल इंजिनियरिंग सर्विसेज ने दावा किया था कि उन्होंने अटक में सिंधु नदी के पास 80,000 करोड़ रुपए मूल्य का एक विशाल प्लेसर गोल्ड ब्लॉक हासिल किया है। दरअसल, यह सोना सिंधु नदी के तलछटों में मिला है। प्लेसर माइनिंग एक ऐसी तकनीक है जिससे नदी के तलछट से सोना निकाला जाता है। थॉमस बीच की यात्रा में एक और अहम बात हुई। पाकिस्तान ने अमेरिका के डिफेंस डिपार्टमेंट के ट्रस्टेड पार्टनर प्रोग्राम में शामिल होने के लिए कुछ अहम खनिजों की संयुक्त खुदाई की पेशकश भी की। यह दौरा पाकिस्तान स्पेशल इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल की मदद से हुआ, जो 2023 में बनाई गई थी। इसका नेतृत्व पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ कर रहे हैं, लेकिन इसकी सर्वोच्च समिति में फौज के प्रमुख जनरल असीम मुनीर हैं।

इसके नेशनल कोऑर्डिनेटर और डायरेक्टर जनरल दोनों फौजी अफसर हैं। थॉमस बीच ने पाकिस्तान में इतना भरोसे से ट्रंप का नाम लिया कि उन्होंने यहां तक कह दिया था कि अमेरिकी दूत रिचर्ड ग्रेनेल, जिन्होंने इमरान खान का समर्थन किया था, शायद उन्हें पाकिस्तान की सही तस्वीर नहीं दिखाई गई। इस्लामाबाद के बाद थॉमस बीच बांग्लादेश पहुंचे। वहां उन्होंने बांग्लादेश के चीफ अडवाइजर मोहम्मद यूनुस, जमात-ए-इस्लामी के नेताओं और बाग्लादेश इन्वेस्टमेंट डिवेलपमेंट अथॉरिटी के अफसरों से मुलाकात की। वहां उन्होंने अपनी दूसरी कंपनी हाईग्राउंड होल्डिंग्स के जरिए ऊर्जा और खनिज क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जताई।

बीच की कपनी वाइट ब्रिज ग्लोबल ने तुर्किये की कपनी टेरा होल्डिग्स के साथ दुबई में एक और बड़ी डील की। इससे भारत के लिए चिंताजनक एक नई त्रिकोणीय धुरी बन गई है- तुर्किये, पाकिस्तान और नया बांग्लादेशी। थॉमस बीच और ट्रंप जूनियर की दोस्ती वॉर्टन बिजनेस स्कूल, यूनिवर्सिटी ऑफ पेंसिल्वेनिया से है, जहां वे 1990 के दशक में साथ थे। हाल ही में दोनों एक दशक पुराने मुकदमे के कारण सुर्खियों में आए। इस मुकदमे में थॉमस और उनकी कंपनी टूरकजी कंसल्टेंट्स शामिल थे। खासतौर पर ट्रंप के ऑपरेशन सिंदूर पर दिए गए बयान के संदर्भ में और उस क्रिप्टो डील के मद्देनजर जो हाल ही में ट्रंप से जुड़ी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशल और पाकिस्तान की नई क्रिप्टो काउंसिल के बीच हुई। इस दौरान, वाइट ब्रिज पाकिस्तान नाम से एक वेब पेज लॉन्च किया गया है। इस पर लिखा है- लॉन्चिग जल्द।

## एएमयू कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून नहीं हटेंगी- इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सभी याचिकाएं कीं खारिज

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) की पहली महिला कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति को लेकर चल रहा विवाद अब थम गया है। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शनिवार को उनकी नियुक्ति को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि उनकी नियुक्ति वैध है और इसमें किसी तरह की प्रक्रियात्मक त्रुटि नहीं की गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि कुलपति चयन की प्रक्रिया पूरी तरह से एएमयू एक्ट, स्टैच्यूट और रेगुलेशन्स के अनुसार हुई है। कोर्ट ने यह भी माना कि इस नियुक्ति में किसी भी स्तर पर पक्षपात या दुर्भावना के कोई संकेत नहीं मिले हैं। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति न केवल वैध है, बल्कि यह लैंगिक प्रतिनिधित्व और संवैधानिक मूल्यों की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रगतिशील कदम भी है। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि शैक्षणिक नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है, और प्रोफेसर खातून की नियुक्ति उसी दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

### पति की भूमिका को लेकर भी स्पष्टता

कुछ याचिकाओं में यह आरोप लगाया गया था कि प्रो. खातून के पति, जो पूर्व में एएमयू के कुलपति रह चुके हैं, उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया को प्रभावित किया। कोर्ट ने इस पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि केवल इतना कि किसी उम्मीदवार के पति ने कुछ बैठकों की अध्यक्षता की, यह नियुक्ति रद्द करने का आधार नहीं बन सकता। अंततः नियुक्ति की संस्तुति विश्वविद्यालय कोर्ट और कार्यकारी परिषद द्वारा की गई थी, और अंतिम फैसला भारत के राष्ट्रपति (एएमयू के विजिटर) द्वारा लिया गया, जिन पर किसी भी प्रकार के पक्षपात का आरोप साबित नहीं हुआ।

### नियुक्ति को लेकर कानूनी लड़ाई खत्म

एएमयू और केंद्र सरकार की ओर से पेश वकीलों की दलीलों को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने कहा कि प्रोफेसर खातून की योग्यता में कोई कमी नहीं पाई गई है। इससे पहले, 9 अप्रैल को अदालत ने इस मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे अब सुनाया गया। अब यह साफ हो गया है कि प्रोफेसर नईमा खातून ही अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की कुलपति बनी रहेंगी।

## अवैध रुप से ग्रेटर नोएडा में रह रहे दो नाईजीरियन गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। अवैध रूप से भारत में रहकर अपनी कम्युनिटी के लोगों के लिए पार्टी ऑर्गनाइज करने वाले दो नाइजीरियाई नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी है। आरोपियों के पास से कोई दस्तावेज भी नहीं मिला है। इस मामले में सेंट्रल एजेंसी की मदद ली जाएगी। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि नाइजीरिया के विक्टर और कैसेंड्रा को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक कार, शराब और अन्य सामान बरामद हुआ है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी की धारा के साथ 14 विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है आरोपी वीकेंड पर पार्टी कराने वाले थे। इसमें पेमेंट के बाद अफ्रीकी देशों के लोग यहां आने वाले थे। ज्यादातर यहां के कॉलेजों में पढ़ाई करते हैं। उनके कुछ इंडियन दोस्त भी थे। पुलिस के मुताबिक उनके पास से यूपी और हरियाणा मार्का की विस्की, बियर, वोडका, प्रीमियम विस्की बरामद की गई है। सामान के हिसाब से पार्टी में 50 से ज्यादा लोगों के आने की संभावना थी। आरोपियों के पास कोई दस्तावेज नहीं मिला है। वह पुलिस को गुमराह करने वाले बयान दे रहे हैं।

# 18 मई को भारत ने पहला परमाणु परीक्षण कर दुनिया को कर दिया था हैरान

## इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने किया करिश्मा, बौखला गया था अमेरिका

नई दिल्ली। आज ही के दिन 51 साल पहले भारत ने पहला परमाणु परीक्षण कर दुनिया को हैरान कर दिया था और परमाणु क्षमता वाले देशों में शामिल हो गया था। उस समय की देश की तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने ये करिश्मा कर दिखाया था। भारत के इस परीक्षण को आयरन लेडी नाम से जानी जाने वाली इंदिरा गांधी ने शांतिपूर्ण परमाणु परीक्षण बताया था, लेकिन इससे बौखलाए अमेरिका ने भारत को परमाणु सामग्री और ईंधन की आपूर्ति पर रोक लगा दी थी। भारत ने एटमी यात्रा की शुरुआत का संकेत दिया था। दुनिया की परमाणु अप्रसार व्यवस्था के विरोध के बावजूद भारत अपने 'शांतिपूर्ण परमाणु विस्फोट' के जरिए दुनिया के उन गिने चुने देशों में शामिल हो गया था, जिनके पास परमाणु क्षमता थी।

18 मई 1974 के दिन परमाणु परीक्षण के लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। विस्फोट पर नजर रखने के लिए मचान को पांच किमी दूर लगाया गया था। इसी मचान से सभी बड़े सैन्य अधिकारी और वैज्ञानिक नजर रख रहे थे। आखिरी जांच के लिए वैज्ञानिक वीरेंद्र सेठी को परीक्षण वाली जगह पर भेजना तय हुआ। जांच के बाद परीक्षण स्थल पर जीप स्टार्ट ही नहीं हो रही थी। विस्फोट का समय सुबह 8 बजे तय किया गया था। वक्त निकल रहा था और जीप स्टार्ट न होने पर वीरेंद्र सेठी दो किमी दूर कंट्रोल रूम तक पैदल चलकर पहुंचे थे। इस पूरे घटनाक्रम के चलते परीक्षण का समय पांच मिनट बढ़ा दिया गया था।

इस टॉप सीक्रेट प्रोजेक्ट पर लंबे समय से एक टीम काम कर रही थी। 75 वैज्ञानिक और इंजीनियरों की टीम ने 1967 से लेकर 1974 तक सात साल तक मेहनत की थी। इस प्रोजेक्ट की कमान



भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. राजा रमन्ना थे। रमन्ना की टीम में तब मिसाइलमेन एपीजे अब्दुल कलाम भी थे, जिन्होंने 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण की टीम का नेतृत्व किया था।

साल 1972 में भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर का दौरा करते हुए तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने वहां के वैज्ञानिकों को परमाणु परीक्षण के लिए संयंत्र बनाने की इजाजत दी थी, लेकिन इंदिरा गांधी की यह इजाजत मौखिक थी। परीक्षण के दिन से पहले तक इस पूरे ऑपरेशन को गोपनीय रखा गया। यहां तक कि अमेरिका को भी इसकी कोई जानकरी नहीं लगी। नाराज अमेरिका ने परमाणु सामग्री और इंधन के साथ कई तरह के और प्रतिबंध भारत पर लगा दिए।

संकट की इस घड़ी में सोवियत रूस ने भारत का साथ दिया था। यहां तक कि देश में सियासी नेतृत्व के बीच भी इस बात को लेकर मतभेद थे कि भारत को एटमी ताकत के मामले में किस रास्ते पर आगे बढ़ना चाहिए। सुरक्षा संबंधी चिंताओं में बढ़ोतरी के बावजूद पीएम जवाहरलाल नेहरू एटमी ताकत वाले हथियारों के विकास को लेकर दुविधा में थे। खास तौर से चीन के साथ युद्ध और 1964 में लोप नुर में चीन द्वारा परमाणु परीक्षण के बावजूद पंडित नेहरू के बाद पीएम बने लाल बहादुर शास्त्री ने भी चीन के परीक्षण के बाद भारत के एटमी परीक्षण करने के घरेलू दबाव का विरोध किया था। इसके बजाय 1964 में जब वह ब्रिटेन के दौरे पर गए, तो शास्त्री ने एटमी ताकतों से सुरक्षा संबंधी गारंटी हासिल करने की कोशिश की।

हालांकि 1966 में जब इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री बनी तो उन्होंने इस मामले में अलग रास्ता अपनाया। अपने पूर्ववर्तियों के उलट इंदिरा गांधी ने भेदभावपूर्ण परमाणु अप्रसार संधि को लेकर एक कड़ा और व्यावहारिक राजनीतिक रुख अपनाया। उन्होंने अगले कुछ सालों में भारत के परमाणु प्रतिष्ठानों को कार्यकारी एटमी विस्फोट की क्षमता विकसित करने को हरी झंडी दे दी ताकि जरूरत पड़ने पर शांतिपूर्ण विस्फोट का विकल्प इस्तेमाल किया जा सके। 60 के दशक में भारत के परमाणु वैज्ञानिकों की पुरजोर कोशिशों के बाद देश आखिरकार तैयार हो गया। 18 मई 1974 को कोड नेम 'स्माइलिंग बुद्धा' के नाम से सुदूर राजस्थान में जमीन के भीतर पोखरण-1 परमाणु धमाका किया गया।

वैसे तो आधिकारिक रूप से इसे 'शांतिपूर्ण परमाणु विस्फोट' कहा गया था, लेकिन वास्तविकता ये थी कि पोखरण-1 के जरिए भारत ने अपनी परमाणु हथियार बनाने की तकनीक का प्रदर्शन किया था, जिसके जरिए वह परमाणु हथियारों वाले देशों के विशेष क्लब में शामिल हो गया था। जमीन के अंदर सफल परमाणु विस्फोट से पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ गई थी, लेकिन पूरी दुनिया ने इसकी निंदा करते हुए उपमहाद्वीप में परमाणु हथियारों की होड़ शुरू होने की आशंका जताई थी।

## मिस वर्ल्ड 2025 स्पोर्ट्स चैलेंज में मिस एस्टोनिया ने जीता स्वर्ण, हैदराबाद में रचा इतिहास

हैदराबाद। हैदराबाद के गाचीबौली स्टेडियम में शनिवार को आयोजित मिस वर्ल्ड 2025 स्पोर्ट्स चैलेंज में मिस एस्टोनिया एलिसे रैंडमा ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। यह पहली बार है जब एस्टोनिया की किसी प्रतिभागी ने 1999 के बाद मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया है। इस जीत के साथ एलिसे यूरोप की शीर्ष 10 क्वार्टर-फाइनलिस्ट्स में शामिल हो गई हैं। इस प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स चैलेंज में विश्वभर की 108 सुंदरियों ने भाग लिया, जिन्हें चार क्षेत्रीय टीमों—अमेरिकाज और कैरिबियन, अफ्रीका, यूरोप, तथा एशिया और ओशिनिया—में बाँटा गया था। प्रतियोगिता में बैडमिंटन नॉकआउट, शॉट पुट, शतरंज, बास्केटबॉल, फुटबॉल पेनल्टी शूटआउट, शटल रन, स्प्रिंट और जुम्बा सत्र जैसे विविध एथलेटिक इवेंट शामिल थे। इस चुनौती का उद्देश्य केवल शारीरिक क्षमता नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य, मानसिक दृढ़ता और टीम भावना का मूल्यांकन करना था। मिस मार्टीनिक ऑरेलि जोआचिम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त किया, जबकि मिस कनाडा एम्मा मॉरिसन ने बैडमिंटन स्पर्धा में शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। त्रिनिदाद और टोबैगो की अन्ना-लीस नैन्टन मामूली अंतर से पदक चूक गई लेकिन अपने प्रभावशाली प्रदर्शन से दर्शकों और निर्णायकों का ध्यान खींचा। स्पोर्ट्स चैलेंज, मिस वर्ल्ड की प्रमुख फास्ट-ट्रैक प्रतियोगिताओं में से एक है। इस प्रतियोगिता की विजेता को मिस वर्ल्ड स्पोर्ट्स या स्पोर्ट्सवुमन का खिताब दिया जाता है और वह सीधे टॉप 40 क्वार्टर-फाइनल में प्रवेश पाती है, जो मिस वर्ल्ड का ताज जीतने की दिशा में एक बड़ा कदम होता है। एलिसे रैंडमा की इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल एस्टोनिया को गर्व का मौका दिया है, बल्कि उन्होंने खेल के मैदान में आत्मविश्वास, शक्ति और सकारात्मकता की मिसाल पेश की है।

## ग्वालियर हाईकोर्ट में बाबा साहेब की मूर्ति को लेकर हुआ विवाद-वकीलों और भीम आर्मी कार्यकर्ताओं में झड़प, पुलिस तैनात

ग्वालियर। ग्वालियर हाईकोर्ट बेंच परिसर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति स्थापना को लेकर शनिवार को तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। मूर्ति लगाने की मांग को लेकर पहुंचे भीम आर्मी कार्यकर्ताओं और वकीलों के बीच कहासुनी हाथापाई तक पहुंच गई। देखते ही देखते हाईकोर्ट परिसर रणभूमि में बदल गया, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद के दौरान एक वकील ने भीम आर्मी के एक कार्यकर्ता के साथ मारपीट की, जिसके बाद वहां मौजूद अन्य कार्यकर्ताओं और वकीलों के बीच धक्का-मुक्की और नारेबाजी शुरू हो गई। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल को तुरंत मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने परिसर को खाली कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। बताया जाता है कि कुछ वकील जहां बाबा साहेब की मूर्ति स्थापना का समर्थन कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ बार एसोसिएशन का एक वर्ग कह रहा है कि न्यायालय परिसर को राजनीतिक और वैचारिक मुद्दों से दूर रखना चाहिए। विरोध करने वाले वकीलों का यह भी कहना है कि बिल्डिंग कमेटी के नियमों के अनुसार परिसर में मूर्ति लगाने की अनुमति नहीं है।

## ई-टेंडर घोटाला- सुप्रीम कोर्ट से पूर्व मुख्य सचिव को राहत, ईडी की याचिका खारिज

भोपाल। मध्यप्रदेश के बहुचर्चित ई-टेंडर घोटाले में देश की सर्वोच्च अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बड़ा झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पूर्व मुख्य सचिव एम. गोपाल रेड्डी और मंटेना ग्रुप के एमडी एम.एस. राजू के खिलाफ दर्ज ईडी की कार्यवाही को रद्द करने वाले तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। साथ ही ईडी की स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) को भी खारिज कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को हुई सुनवाई में जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने ईडी की याचिका पर विचार करते हुए कहा कि तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है। पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि यदि इस प्रकरण से संबंधित कोई अन्य आवेदन लंबित हो तो उसे भी समाप्त माना जाए। तेलंगाना हाईकोर्ट ने अगस्त 2023 में एमएस राजू और सितंबर 2023 में गोपाल रेड्डी के खिलाफ ईडी की कार्यवाही को रद्द करते हुए कहा था कि ई-टेंडर प्रणाली में टेंपरिंग के जो आरोप लगाए गए थे, वे ठोस सबूतों के अभाव में साबित नहीं हो सके। केवल संदेह के आधार पर किसी के खिलाफ आपराधिक मामला नहीं चलाया जा सकता।

## न्यूज़ चैनलों से जनता का मोह भंग हो रहा है

### भारत-पाकिस्तान के बीच हमले में भी न्यूज़ चैनलों की नहीं बढी टीआरपी

नई दिल्ली। भारत के न्यूज़ चैनल जनता के बीच अब वैसे लोकप्रिय नहीं रहे। जो लगभग एक दशक पहले होते थे। न्यूज़ चैनल के प्रति आम दर्शकों का रुझान घटता जा रहा है।इसके स्थान पर मनोरंजन और खेल के चैनल ज्यादा तेजी के साथ आम जनता के बीच में लोकप्रिय हो रहे हैं। टीवी न्यूज़ चैनल के दर्शकों के बारे में बार्क इंडिया के जो ताजा आंकड़े सामने आए हैं। उसके अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान भी राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल अपने दर्शकों के बीच टीआरपी नहीं बढ़ा पाए।ऑपरेशन सिंदूर के समय भी न्यूज़ चैनलों से ज्यादा टीआरपी आईपीएल के दर्शकों की रही है। बार्क इंडिया ने जो आंकड़े जारी किए हैं। उसके अनुसार आईपीएल स्थगित होने के बाद भी हिंदी न्यूज़ चैनलों की टीआरपी में मात्र चार फ़ीसदी का इजाफा हुआ। यह ऐसे समय हुआ, जब ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राष्ट्रीय चैनल भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर समाचार लगातार दे रहे थे। सभी हिंदी न्यूज़ चैनल में जितने दर्शक थे।उससे दो गुना ज्यादा दर्शक स्टार स्पोर्ट में पुराने मैच को देख रहे थे। भारत और पाकिस्तान के बीच हो रही सैन्य गतिविधि के समाचारों को प्रसारित करने के बाद भी मात्र 29 फीसदी ग्रोथ राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल की रही। अंग्रेजी चैनल में भी मात्र 26 फ़ीसदी की ग्रोथ देखी गई। ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) टीवी के दर्शकों की संख्या और दर्शकों के पैटर्न को मापने वाली एजेंसी है। टीवी के दर्शक कब कौन से चैनल को देखते हैं। इसके अनुसार रेटिंग देने का काम करती है। इसी रेटिंग के आधार पर चैनलों को विज्ञापन मिलते हैं।उसी के अनुसार चैनलों की विज्ञापन दरें तय होती हैं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण-सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 09/ कालोनिवि/2025-26 बालाघाट, दिनांक 08.05.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र0 | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_422147 | बालाघाट | उपसंभाग क्रमांक-2 बालाघाट के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में ए.आर., एस.आर. ,एम.ओ.डब्ल्यू. एवं अन्य जमा कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 36000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 2 | 2025_PWDRB_422148 | बालाघाट | उपसंभाग क्रमांक-2 बालाघाट के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 36000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 3 | 2025_PWDRB_422149 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक- 2 बालाघाट के अन्तर्गत सड़क मरम्मत हेतु मटेरियल प्रदाय कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 36000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 4 | 2025_PWDRB_422150 | बालाघाट | उपसंभाग क्रमांक-2 बालाघाट के अंतर्गत विभिन्न सड़को में बी.टी. पेंच रिपेयर एवं मरम्मत कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 15.00 | 30000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 5 | 2025_PWDRB_422151 | बालाघाट | उपसंभाग क्रमांक-2 बालाघाट के अंतर्गत विभिन्न सड़कों में पुलियों की मरम्मत, पेंटिंग, फिनशिंग और कि.मी. स्टोन, प्वाइंट स्टोन लगाने का कार्य | प्रथम आमंत्रण | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 6 | 2025_PWDRB_422153 | बालाघाट | उपसंभाग लांजी के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में ए.आर., एस.आर.एम.ओ.डब्ल्यू. एवं अन्य जमा कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 36000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 7 | 2025_PWDRB_422155 | बालाघाट | उपसंभाग लांजी के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 36000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 8 | 2025_PWDRB_422156 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लांजी के अन्तर्गत सड़क मरम्मत हेतु मटेरियल प्रदाय कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 36000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 9 | 2025_PWDRB_422160 | बालाघाट | उपसंभाग लांजी के अंतर्गत विभिन्न सड़को में बी.टी. पैच रिपेयर एवं मरम्मत कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 15.00 | 30000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| 10 | 2025_PWDRB_422162 | बालाघाट | उपसंभाग लांजी के अंतर्गत विभिन्न सड़कों में पुलियों की मरम्मत, पेंटिंग, फिनशिंग और कि.मी. स्टोन, प्वाइंट स्टोन लगाने का कार्य | प्रथम आमंत्रण | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 31.03.2026 |
| | | | | कुल योग | 158.00 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 30/05/2025 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

G13002/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग
संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

# डायवर्सन रोड को लेकर मैदान पर उतरा विभागीय अमला

## भटेरा आरओबी निर्माण को गति देने का किया जा रहा प्रयास, 13 करोड़ के 2 प्रोजेक्ट के तहत बनाए जा रहे 2 डायवर्जन मार्ग, पहला-'भटेरा रोड से बोदा' और दूसरा- 'देवटोला नहर से कोसमी निकलेगा मार्ग, एक डायवर्जन मार्ग को मिली स्वीकृति, तो दूसरा कर रहा इंतजार

बालाघाट( पदमेश न्यूज )। बैहर चौकी को छोड़कर नगर के तीनो ओर से रेलवे ओवर ब्रिज का जाल बिछ रहा है।जहां सरेखा रेलवे ओवर ब्रिज और गर्रा रेलवे ओवर ब्रिज के डायवर्सन मार्ग की समस्या दूर होने के बाद अब प्रशासनिक अधिकारियों ने अपना पूरा ध्यान भटेरा ओवर ब्रिज निर्माण में लगा दिया है शायद यही वजह है कि भटेरा आरओबी निर्माण को गति देने से पहले प्रशासन ने इसके डायवर्सन रोड को दुरुस्त करने की तैयारी अब तेज कर दी है। बेहद जरूरी माने जाने वाले इस डायवर्सन रोड को लेकर विभागीय अधिकारी भी मैदान पर उतरकर निरीक्षण और सीमांकन की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रशासनिक अधिकारियों ने भटेरा ओवर ब्रिज निर्माण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बनाए जाने वाले दो डायवर्सन मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जहां सड़क के समतलीकरण व चौरीकरण को लेकर आगामी रूपरेखा तैयार की है। बताया जा रहा है कि जल्द ही एक नहीं बल्कि दो डायवर्सन मार्ग का कार्य पूर्ण कर यातायात को इन दोनों डायवर्सन मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा और भटेरा मार्ग को बंद करके ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में गति लाई जाएगी।




### डायवर्सन मार्ग के लिए बनाए गए 2 अलग अलग प्रोजेक्ट

भटेरा आरओबी के लिए दो अलग-अलग प्रोजेक्ट के तहत डायवर्सन रोड बनना है। यह डायवर्सन रोड करीब 13 करोड़ के दो प्रोजेक्ट के तहत बनेगी। इसके लिए हाल ही में एसडीएम गोपाल सोनी सहित पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने देवटोला नहर के पास निरीक्षण कर रोड निर्माण की संभावनाएं खोजीं।जानकारी के अनुसार, पहला प्रोजेक्ट भटेरा रोड पर सेंट मैरी स्कूल के बगल से ग्राम बोदा तक होगा, वहीं दूसरा प्रोजेक्ट देवटोला नहर से कोसमी तक का है। खास बात है कि दूसरे प्रोजेक्ट का काम कोसमी की ओर से शुरू हो चुका है, लेकिन देवटोला नहर के बगल से बनने वाली डामर रोड के लिए नहर से निश्चित दूरी पर निर्माण को लेकर विभागीय विचार विमर्श जारी है। जहां अब तक यहां मार्ग स्वीकृत न होने के चलते भी अधिकारियों को मार्ग निर्माण का कार्य शुरू करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बोदा रोड प्रोजेक्ट को अब तक नही मिली स्वीकृति

उधर देवटोला-कोसमी प्रोजेक्ट आगामी छह महीने में पूरा होने की संभावना है, लेकिन बोदा रोड प्रोजेक्ट को लेकर पेंच अब भी फंसा हुआ है। यह मार्ग सीमेंट कांक्रीट रोड होगा, जिसकी अभी सिर्फ डीपीआर भेजी गई है। इसके लिए राशि स्वीकृति या निर्माण एजेंसी का तय होना बाकी है। ऐसे में इस प्रोजेक्ट के पूरा होने में और लंबा समय लग सकता है। इस मार्ग पर चौड़ीकरण के साथ विद्युत पोलों की शिफ्टिंग जैसे काम होने हैं। जिसकी रूपरेखा अधिकारियों द्वारा बनाई जा रही है।

### इसलिए दो प्रोजेक्ट पर बन रहा डायवर्जन मार्ग

भटेरा आरओबी के लिए डायवर्जन रोड का बनना बेहद जरूरी है। इसके लिए भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश न देकर सेंट मैरी स्कूल के बगल से बोदा रोड होते हुए आंवलाझरी की ओर निकाला जाएगा। ये भारी वाहन आंवलाझरी चौक (विश्वकर्मा मंदिर के पास) से बैहर रोड होते हुए देवटोला नहर से कोसमी, फिर यहां से गोंदिया मार्ग के लिए निकलेंगे। उधर आँवलाझरी बैहर रोड से भी भारी वाहनों को शहर के अंदर एंट्री नहीं मिलेगी। इससे शहर के अंदर यातायात का दबाव कम होगा और दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी कम होंगी।

### इन नजर में

- भटेरा रेलवे ओवरब्रिज के लिए दो प्रोजेक्ट पर बनेगा डायवर्जन रोड
- पहला- 'भटेरा रोड से बोदा' और दूसरा- 'देवटोला नहर से कोसमी'
- देवटोला प्रोजेक्ट की लागत सात करोड़ व बोदा प्रोजेक्ट छह करोड़ में बनेगा।
- दोनों प्रोजेक्ट की लंबाई पांच-पांच किमी है। एक बीटी दूसरा सीसी रोड रहेगा।
- देवटोला मार्ग 9 मीटर चौड़ा होगा। इसमें 5.5 मीटर चौड़ी डामर रोड बनेगी।

### 9 मीटर चौड़ी सड़क, 5.5 मीटर होगा डामरीकरण- उइके

पीडब्ल्यूडी विभाग में उप यंत्री चंचलेश उइके ने औपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि देवटोला नहर से कोसमी तक 05 किमी लंबी डामर रोड बनाई जाएगी। यह प्रोजेक्ट करीब 07 करोड़ का होगा।कोसमी की दिशा से करीब डेढ़ किमी तक रोड का काम हो चुका है।यह बीटी रोड करीब 09 मीटर चौड़ी होगी, जिसमें 5.5 मीटर का डामरीकरण होगा तथा बाकी दोनों छोर पर साइड सोल्डर भरे जाएंगे। कुछ मीटर तक नहर के अगल-बगल में भवन और खेत हैं, जिन पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि नहर से सटकर कालोनाइजरों द्वारा कराए जा रहे मकान निर्माण पर भी गाज गिर सकती है। उप यंत्री ने बताया कि देवटोला-कोसमी प्रोजेक्ट के लिए शासन से राशि स्वीकृति और निर्माण एजेंसी भी तय हो चुकी है। जल्द ही इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### जल्द शुरू किया जाएगा डायवर्सन मार्ग- सोनी

वही इस पूरे मामले को लेकर की गई औपचारिक चर्चा के दौरान अनुविभागीय अधिकारी बालाघाट गोपाल सोनी ने बताया कि देवटोला नहर के बगल से कोसमी तक बन रही रोड के लिए सर्वेक्षण किया गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियरों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ नहर के बगल में सीमांकन को लेकर विचार किया गया है। इस मार्ग से भारी वाहन सीधे कोसमी होते हुए गोंदिया मार्ग के लिए निकलेंगे।वही बोदा रोड के प्रोजेक्ट को लेकर प्रयास जारी हैं। जल्द ही इन दोनों प्रोजेक्ट का काम शुरू कर डायवर्सन मार्ग की व्यापक व्यवस्था बनाई जाएगी।वही भटेरा रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण में गति लाई जाएगी।ताकि जल्द से जल्द यहां निर्माण कार्य पूर्ण हो सके और जल्द से जल्द इसका लाभ लोगों को मिल सके।

## सब्जियों से भरी बेलगाम 407 पिकअप की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार पिता पुत्र घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। परसवाड़ा थाना अंतर्गत लामता रोड पर स्थित काला पानी के पास सब्जियों से भरी बेलगाम 407 पिकअप ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। पिकअप की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार पिता पुत्र घायल हो गए । दोनों घायल संतलाल पिता देवलाल भलावी 50 वर्ष उसका बेटे समीर पिता संतलाल भलावी 11 वर्ष दोनों ग्राम चन्नई खरपडि़या थाना परसवाड़ा निवासी है । 18 मई को 1:00 बजे करीब यह सड़क दुर्घटना उस समय हुई जब दोनों पिता पुत्र मोटरसाइकिल में अपने गांव से लामता टाकाबर्रा जा रहे थे। जिला अस्पताल बालाघाट से दोनो पिता पुत्र को बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चन्नई निवासी संतलाल भलावी अपने परिवार के साथ खेती किसानी के अलावा मजदूरी करते हैं जिसके परिवार में पत्नी सरिता भलावी के अलावा तीन बेटे हैं। दो बड़े बेटे कृषि कार्य करने के बाद



पिछले एक माह से मजदूरी करने के लिए नागपुर गए हुए हैं। इनका छोटा बेटा समीर भलावी है जो कक्षा आठवीं की पढ़ाई कर रहा है। बताया गया है कि 18 मई को 1:00 बजे करीब संतलाल भलावी अपने बेटे समीर भलावी के साथ मोटरसाइकिल में अपने गांव चेन्नई से ग्राम टाकाबर्रा लामताअपने रिश्तेदार के यहा जा रहा था। परसवाड़ा से लामता की ओर जाता समय काला पानी के पास लामता की ओर से तेज रफ्तार से आ रही सब्जियों से भरी 407 पिकअप ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। पिकअप की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल सवार संतलाल भलावी और उसका बेटा समीर भलावी मोटरसाइकिल सहित रोड पर फेंका गए जो गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो गए थे। सूचना मिलती ही मौके पर पहुंची 100 डायल से दोनों घायल पिता पुत्र को परसवाड़ा के अस्पताल लाकर भर्ती किया गया था।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों पिता पुत्र को बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है बताया गया है कि परसवाड़ा पुलिस ने पिकअप को थाने में खड़ा करवा लिये है।

## खोड़सिवनी में मृत मिला विशालकाय अजगर

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। हट्टा वन परिक्षेत्र के सर्किल हट्टा के खोड़सिवनी के आगे भालवा रोड़ के किनारे में एक विशालकाय अजगर



सर्प मृत पाया गया। जो लोगों के लिए चर्चा का विषय बना रहा कि आखिर कैसे यह विशालकाय सर्प मृत हो गया। किन्तु वन विभाग को इसकी कोई खबर नहीं हैं, जो हैरान करने वाली बात हैं। इस मामले में सर्किल प्रभारी योगराज पारधी के संज्ञान में लाया गया तब उन्हें जानकारी मिलीं और बीट गार्ड व चौकीदार को रवाना किया गया साथ ही उक्त मृत पड़े विशालकाय अजगर को तलाशना शुरू किया गया। इस घटना से यह साबित हो गया हैं कि आखिर वन परिक्षेत्र हट्टा का अमला कितना जागरूक है और अपनी नौकरी को किस तरह निभा रहा हैं? जबकि अजगर वन्यप्राणी की अनुसूची तीन में शुमार हैं और दुलर्भ वन्य जीवों में आता हैं।




AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बद्ध
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
▷ COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
▷ MINING ENGINEERING
▷ CIVIL ENGINEERING
▷ MECHANICAL ENGINEERING
▷ ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के
द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824




जमीन बेचना है
प्रस्तावित लवादा-समानापुर-लामता फोरलेन मार्ग के समीप ग्राम रटेगांव कोसमी (खमरिया) में स्थित प.ह.नं. 34 खसरा नं. 45 तथा 46/1, 13 एकड़ सिंचित भूमि (भूमि पर कार द्वारा पहुंचा जा सकता है)
विक्रय करना है
संपर्क करें- 7879121671

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट